RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 257
फरीदाबाद, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने पर फिल्म को मिले प्यार के लिए अमिताभ ने जताया आभार

फिल्मी-10

# राजनैतिक पॉवर से पीड़ित परिवार को डराता था तौसीफ

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**जो** निकिता देशसेवा के सपने पाले बैठी थी, उसे हत्यारोपी तौसीफ करीब ढाई साल से शारीरिक-मानसिक यातनाएं दे रहा था। हत्यारोपी के खौफ के कारण निकिता के माता-पिता और भाई भी करीब ढाई साल से तिलतिल मर रहे थे। निकिता के पिता मूलचंद तोमर ने इसके पीछे जो वजह बताई, वह अब सबके सामने आई है।

पीड़ित पिता ने प्रेस को बताया कि हत्यारोपी इसीलिए निडर था, क्योंकि कांग्रेस से पूर्व मंत्री एवं मौजूदा विधायक नूंह आफताब अहमद इसके चचेरे भाई है। मेवात और हरियाणा की राजनीति के धुरी रहे पूर्व विधायक कबीर अहमद, उनके पुत्र पूर्व मंत्री खुर्शीद अहमद सरीखे दबंग राजनेताओं के आंगन में हत्यारोपी खेलकूद कर बड़ा हुआ है। सोहना सीट से तीन बार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर एमएलए का चुनाव हार चुके चुके जावेद अहमद हत्यारोपी के सगे चाचा है। हत्यारोपी की पहुंच यही खत्म नहीं होती, वह फरीदाबाद में असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस रह चुके साकिर हुसैन के पुत्र का सगा साला भी है।

● संबंधित खबर पेज-2, 3

### बड़े राजनैतिक घराने में खेलकर बड़ा हुआ है हत्यारोपी

### नूंह से कांग्रेसी विधायक आफताब का चचेरा भाई है आरोपी

### हत्यारोपी के खौफ के कारण पिछले ढाई साल तिलतिल मर रहे थे मृतका के मां-बाप

## 2018 में छात्रा के परिवार को दिखाई थी अपनी ताकत

दरअसल, वर्ष 2018 में जब हत्यारोपी तौसीफ निकिता का अपहरण करके ले गया था, तब अपनाघर सोसायटी के लोगों के दबाव में संजय कॉलोनी पुलिस और बल्लभगढ़ पुलिस ने छात्रा को बरामद तो कर लिया था लेकिन उच्च राजनैतिक घराने और कई बड़े पुलिस अधिकारियों के दबाव में आकर पीड़ित परिवार को समझौता करना पड़ा था। उस समय हत्यारोपी तौसिफ ने अपनी जो पावर दिखाई थी, उससे छात्रा का पूरा परिवार बुरी तरह खौफजदा था। यही कारण है कि छात्रा के घर से बाहर निकलने पर हर समय परिवार का कोई न कोई सदस्य उसके साथ रहता था। जिन बड़े पुलिस अधिकारियों ने दबाव देकर तब समझौता कराया था, उनमें से कई सोमवार को हुए इस नृशंस हत्याकांड के बाद से हत्यारोपी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट देने में जुटे रहे। फरीदाबाद पुलिस जिस गिरफ्तारी का दावा कर रही है, उस पुलिस को ये दोनों हत्यारोपी बड़ी आरामगाह से उठाकर पुलिस को सुपुर्द किए गए।

## सोहना में आतंक है हत्यारोपी परिवार का

सोहना क्षेत्र में तौसीफ परिवार का पूरा आतंक बताया जाता है। गुरुग्राम पुलिस कमिश्नरी के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि जाकिर और जावेद परिवार के कई सदस्यों की शिकायतें अक्सर पुलिस के पास पहुंचती है। बताया जा रहा है कि अमेजन के एक बड़े प्रोजेक्ट में अपनी गुंडागर्दी के बल पर इस परिवार ने सभी के तरह के कार्य अपने हाथ में ले रखे हैं।



निकिता की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को नेशनल हाइवे नंबर-दो को जाम कर दिया था। बल्लभगढ़ में लगाए गए इस जाम के कारण करीब तीन घंटे तक ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। इसके चलते बाइपास रोड पर भी ट्रैफिक जाम रहा।

## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 43,623,111 |
| मौतें | 1,161,311 |
| ठीक | 29,258,784 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 79,69,784 |
| मौतें | 119,746 |
| ठीक | 72,27,452 |

स्त्रोत: www.covid19india.org

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.03°C
न्यूनतम 22.08°C

## क्विक न्यूज

**आज के मैच**
IPL मुंबई इंडियन्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

### सनराइजर्स हैदराबाद के दो विकेट पर 219 रन



**दुबई।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दो विकेट पर 219 रन बनाए। कप्तान डेविड वार्नर ने 66 और रिधिमान साहा ने 87 रन की पारी खेली। मनीष पांडे 44 रन बनाकर नाबाद रहे।

● विस्तृत खबर पेज-11

### एक आईपीएस और तीन एचसीएस बदले

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी करके तुरंत प्रभाव से आईपीएस अधिकारी हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अरुण सिंह को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा हरियाणा सशस्त्र पुलिस (एचएपी), मधुबन के उप महानिरीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इस बीच सरकार ने एचसीएस अधिकारी अमृता सिंह को सिटी मैजिस्ट्रेट पंचकूला के साथ मॉडल संस्कृति स्कूल का अतिरिक्त निदेशक, सतीश कुमार सिंगला को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का सचिव, धीरज चहल को खेल एवं युवा मामले विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) के पद पर नई तैनाती दी है।

### एफबी की पॉलिसी हेड अंखी दास ने दिया पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** फेसबुक इंडिया की पब्लिक पॉलिसी की हेड (नीतिगत प्रमुख) अंखी दास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फेसबुक ने यह जानकारी दी है। बता दें कि हाल में अंखी दास को डाटा सुरक्षा विधेयक 2019 को लेकर संसद की संयुक्त समिति के सामने पेश होना पड़ा था। इस समिति की अध्यक्षता बीजेपी सांसद मिनाक्षी लेखी कर रही हैं। बता दें कि सोशल मीडिया साइट के कथित दुरुपयोग को लेकर बीते माह फेसबुक इंडिया के प्रमुख अजित मोहन भी सूचना और प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए थे। कांग्रेस नेता शशि थरूर इसके अध्यक्ष हैं।

भारत-अमेरिका 2+2 वार्ता

# दोनों देशों के बीच परमाणु सहयोग बढ़ाने पर सहमति

### पोम्पियो ने गलवां का किया जिक्र, चीन को सख्त संदेश

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में टू प्लस टू वार्ता हुई। इसमें दोनों देशों ने ऐतिहासिक बेसिक एक्सचेंज एंड कॉपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, उपग्रह के गोपनीय डाटा और दोनों देशों के बीच अहम सूचना साझा करने की अनुमति होगी। इस बैठक में अमेरिका के रक्षामंत्री मार्क एस्पर और विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हिस्सा लिया। यह बैठक ऐसे समय पर हुई जब भारत और चीन के बीच सीमा पर तनातनी चल रही है। वार्ता में दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच पहले से कायम करीबी संबंधों को आगे और घनिष्ठ करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी हितों के व्यापक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

इससे पहले दोनों देशों ने जनरल सिक्योरिटी ऑफ मिलिट्री इनफॉर्मेशन एग्रीमेंट (जीएसओएमआईए) पर 2002 में दस्तखत किए थे। रक्षा समझौता और प्रौद्योगिकी साझा करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत अमेरिका ने 2016 में भारत को 'प्रमुख रक्षा सहयोगी' का दर्जा दिया था। दोनों देशों ने 2016 में 'लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट' किया था। भारत और अमेरिका ने 2018 में एक और महत्वपूर्ण करार किया था जिसे 'कोमकासा' कहा जाता है। बैठक के बाद दोनों ने साझा बयान जारी किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने बयान में कहा कि भारत और अमेरिका की दोस्ती लगातार मजबूत हुई है। टू प्लस टू बैठक में भी दोनों देशों ने कई मामलों पर मंथन किया। इसमें कोरोना वायरस संकट के बाद की स्थिति, दुनिया की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा के मसलों पर तथा कई अन्य अहम मुद्दों पर विस्तार से बात की गई। रक्षामंत्री ने कहा कि अमेरिका के साथ सैन्य स्तर का हमारा सहयोग बहुत बेहतर तरीके से आगे बढ़ रहा है, रक्षा उपकरणों के संयुक्त विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान की गई है। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए फिर से अपनी प्रतिबद्धता जताते हैं। हमारा रक्षा सहयोग निरंतर बढ़ता रहेगा। दोनों देशों ने परमाणु सहयोग बढ़ाने को लेकर कदम बढ़ाए हैं। इसके अलावा भारतीय उपमहाद्वीप में सुरक्षा की स्थिति को लेकर भी विस्तार से बात की। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार दक्षिण चीन सागर में किसी भी राष्ट्र के अधिकारों और हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

वहीं सभी मंत्रियों ने कोरोना से चुनौतियों का सामना करने में अमेरिका और भारत के बीच आपसी सहयोग की सराहना की। सभी ने टीके, चिकित्सा विज्ञान, इलाज, वेंटिलेटर और आवश्यक उपकरणों के विकास में सहयोग को और मजबूत करने के लिए अपना संकल्प दोहराया।



### इन समझौतों पर हस्ताक्षर

- बेसिक एक्सचेंज एंड कॉपरेशन एग्रीमेंट
- एमओयू फोर टेक्निकल कॉपरेशन ऑन अर्थ साइंसिज
- अरेंजमेंट एक्सटेंडिंग द अरेंजमेंट ऑन न्यूकलियर कॉपरेशन
- एग्रीमेंट ऑन पोस्टल सर्विसेज

### एग्रीमेंट ऑन कॉपरेशन इन आयुर्वेदा एंड कैंसर रिसर्च

अमेरिकी रक्षामंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि मौजूदा स्थितियों में भारत और अमेरिका की दोस्ती न केवल एशिया में बल्कि दुनिया के लिए भी काफी अहम है। उन्होंने कहा कि चीन की तरफ से दुनिया के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में बड़े देशों को साथ आना होगा। भारत, जापान और अमेरिका साथ में कई सैन्य युद्धाभ्यास करेंगे। मालाबार एक्सरसाइज भी की जाएगी। इसके अलावा दोनों देश रक्षा से जुड़ी सूचना साझा करने को लेकर नए मुकाम पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा रक्षा सहयोग निरंतर बढ़ता रहेगा।

केंद्र ने दी इजाजत, लिया गया बड़ा फैसला

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में खरीद सकते हैं जमीन

एजेंसी। जम्मू कश्मीर




**केंद्र** की मोदी सरकार ने मंगलवार को बड़ा फैसला किया है। अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में देश का कोई भी व्यक्ति जमीन खरीद सकता है और वहां बस सकता है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी हरी झंडी देते हुए नई अधिसूचना जारी कर दी। हालांकि खेती की जमीन को लेकर रोक जारी रहेगी।

गृह मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि इस आदेश को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (केंद्रीय कानूनों का अनुकूलन) तीसरा आदेश, 2020 कहा जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि सामान्य आदेश अधिनियम, 1897 इस आदेश की व्याख्या के लिए लागू होता है क्योंकि यह भारत के क्षेत्र में लागू कानूनों की व्याख्या के लिए है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का कहना है, हम चाहते हैं कि बाहर के उद्योग जम्मू-कश्मीर में स्थापित हों, इसलिए औद्योगिक भूमि में निवेश की जरूरत है, लेकिन खेती की जमीन सिर्फ राज्य के लोगों पास ही रहेगी। बता दें कि इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सिर्फ वहां के निवासी ही जमीन की खरीद-फरोख्त कर सकते थे। मोदी सरकार की नई अधिसूचना के मुताबिक अब बाहर के लोग भी यहां जमीन खरीद सकेंगे। गृह मंत्रालय ने ये फैसला जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अंतर्गत लिया है। इसके तहत अब कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू-कश्मीर में फैक्ट्री, घर या दुकान के लिए जमीन खरीद सकता है।

**धर्म आधारित याचिका खारिज: नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्म को परिभाषित करने के लिए एक वयोवृद्ध की याचिका पर मंगलवार को विचार करने से इंकार कर दिया। इसमें कहा गया था कि धर्म को परिभाषित करने से देश मे शांति कायम होगी।

आर्मी स्कूल में आतंकी हमले के बाद अब

# पेशावर के मदरसे में आईईडी ब्लास्ट आठ बच्चों की मौत, 120 घायल

एजेंसी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में पेशावर के एक मदरसे में मंगलवार सुबह आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें आठ बच्चों की मौत हो गई। वहीं, 120 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। इनमें कई की हालत गंभीर है। धमाके की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। यह घटना 8.30 बजे सुबह हुई। पुलिस के सीनियर अफसर वकार अजीम ने बताया कि दिर कॉलोनी में स्थित जामिया जुबेरिया मदरसे में कोई व्यक्ति एक बैग छोड़कर गया था और उसके कुछ देर बाद धमाका हो गया। पेशावर एसएसपी मंसूर अमन ने कहा कि हादसे की वजह पता की जा रही है। मदरसा रिहाइशी इलाके में है, ऐसे में रेस्क्यू में दिक्कत आई। घायलों को पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती किया गया है।

ब्लास्ट में 4 से 5 किलोग्राम एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल किया गया था। मारे जाने वाले और घायल छात्रों में ज्यादातर की उम्र 7-11 साल के बीच है। इनमें से कई अफगानिस्तान से थे। घटना पर दुख जताते हुए पीएम इमरान खान ने कहा कि मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस कायरतापूर्ण बर्बर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को जल्द से जल्द सजा दी जाएगी। बता दें, पाकिस्तान के पेशावर में 16 दिसंबर 2014 की सुबह करीब 10.30 बजे एक आर्मी स्कूल पर बंदूकधारी आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 132 बच्चों को मार दिया गया था। सात तालिबानी आतंकी स्कूल के पिछले दरवाजे से घुसे थे। उनके हाथों में आटोमैटिक वैपन्स थे। वे सीधे स्कूल के ऑडिटोरियम की ओर बढ़े, जहां मौजूद मासूमों पर उन्होंने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। इसके बाद आतंकी एक-एक कक्षा में घुसकर फायरिंग करते रहे। कुछ मिनटों के बाद स्कूल के अंदर लाशें बिछ गईं थी।



### ब्लास्ट में 4 से 5 किग्रा एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल किया गया था

### मारे जाने वाले और घायल छात्र ज्यादातर सात से 11 वर्ष के बीच

### हमले के दोषियों को जल्द दी जाएगी सजा: प्रधानमंत्री इमरान

## ट्रांसपोर्ट में पुलिस अधिकारियों की तैनाती पर भड़के कर्मचारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा परिवहन विभाग में पुलिस अधिकारियों की तैनाती तथा पुरानी मांगों को पूरा न किए जाने के मुद्दे पर कर्मचारी संगठनों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सरकार के फैसलों के विरोध में कर्मचारी संगठनों ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के वरिष्ठ सदस्य दलबीर किरमारा, इंद्र सिंह बधाना, ओमप्रकाश ग्रेवाल, नसीब जाखड़, सरबत सिंह पूनिया ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी संयुक्त बयान में कहा कि हरियाणा रोडवेज में पुलिस अधिकारियों को लगाने पर कर्मचारियों में भारी रोष है।

## हरियाणा के कानूनों से पंजाब का नाम हटाने का रास्ता साफ

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के अधिनियमों से पंजाब हटाने का रास्ता साफ हो गया है। अब हरियाणा विधानसभा में एक विधेयक पास करके करीब 163 कानूनों से पंजाब का नाम हटाएगा। इस सिलसिले में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव विजय वर्धन और इस विषय में गठित कमेटी के साथ बैठक की।

कमेटी की अध्यक्षता कानून एवं विधि विभाग की लीगल रिमेम्ब्रेन्सर बिमलेश तंवर कर रही हैं। बैठक में इस मसले पर गंभीर मंत्रणा हुई। लीगल रिमेम्ब्रेन्सर ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के अधिनियमों से पंजाब शब्द के स्थान पर हरियाणा करने में कोई भी कानूनी अड़चन आड़े नहीं आएगी। प्रदेश सरकार के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति के बाद अब इस संबंध में गठित कमेटी अपना काम तेज करेगी। लीगल रिमेम्ब्रेन्सर ने बताया कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1966 के तहत हरियाणा को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला है।

### एक अधिनियम से 163 कानूनों का बदलेगा नाम

भाजपा राज में हरियाणा बना

# महिलाओं के खिलाफ अपराध का केंद्र: सुरजेवाला

## हर रोज हरियाणा में होते हैं 4 बलात्कार, 8 महिलाओं के अपहरण और 41 महिलाओं के खिलाफ अपराध

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**फरीदाबाद** के निकिता हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस के महासचिव और मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा में बढ़ते अपराधों के लिए भाजपा-जजपा सरकार की गलत नीतियों को सीधे रूप से जिम्मेदार बताया है। प्रदेश सरकार की विफलता से हरियाणा जैसा शांतिपूर्ण राज्य अपराध का केंद्र बन गया है और महिलाओं के प्रति अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है।

सुरजेवाला ने कहा कि निकिता मर्डर केस ने एक बार फिर हरियाणा और देश की आत्मा को दहला दिया है। सोमवार को एक ही दिन में फरीदाबाद शहर में ही तीन गोली मारने की वारदातें हुईं, जिनमें निकिता ने जान गंवाई, एक दुकानदार को गोली मारकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया गया और ड्यूटी कर रहे एक अन्य होमगार्ड को भी बदमाशों नें गोली मार दी।

निकिता हत्याकांड के दोषियों को कड़ी सजा की मांग करते हुए अधिकृत आंकडों का हवाला देते हुए सुरजेवाला ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराधों में हरियाणा में पिछले अनेक सालों से लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2017 में 11,370 महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए थे, जो 2018 व 2019 में बढ़कर क्रमश: 14,326 व 14,683 हो गए। शर्मनाक तथ्य है कि छोटे से प्रदेश हरियाणा में पूरे देश में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के 3.6 प्रतिशत अपराध दर्ज हुए। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार हरियाणा का पूरे देश में महिलाओं के प्रति अपराध में राज्यों में तीसरा स्थान है। सुरजेवाला ने कहा कि वर्ष 2019 में हरियाणा में 1,480 बलात्कार हुए, 194 बलात्कार की कोशिश हुई, 2,585 महिलाओं का शील भंग करने की मंशा से उन पर आक्रमण तथा 2,863 महिलाओं का अपहरण हुआ, जो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के खोखले नारे की असलियत का पर्दाफाश करते हैं हर रोज हरियाणा में 4 बलात्कार, 8 महिलाओं के अपहरण और 41 महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं।



### पुलिस का ढीला-ढाला रवैया सबसे बड़ा कारण

महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराधों का सबसे बड़ा कारण पुलिस का ढीला-ढाला रवैया तथा अपराधियों को समयबद्ध तरीके से सजा दिलवाने में असफलता है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में वर्ष 2019 में, वर्ष 2018 के 2,484 महिलाओं के खिलाफ केसों की जांच भी लंबित पड़ी रही। इसके अलावा 5,463 महिलाओं के खिलाफ मामलों को पुलिस ने अपनी जांच में झूठा पाते हुए बंद कर दिया। इसी का एक शर्मनाक पहलू यह भी है कि 549 मामलों में पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायत को तो सही पाया, लेकिन साक्ष्य जुटाने में असफल रही, इस प्रकार हरियाणा पुलिस केवल 8,263 मामलों में चार्जशीट जमा कर पाई।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 28 अक्टूबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

–राइट विजन–

# भारतीय संस्कृति का अनुशरण करके दे सकते हैं कोरोना को मात : प्रियंका

इंसान ने पर्यावरण के साथ काफी खिलबाड़ किया है। उसी के कई तरह के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। कोरोना भी इन्हीं में से एक है। कोरोना महामारी को हमें एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। क्योंकि भगवान ने हमें सोचने का एक मौका दिया है कि हम पर्यावरण संतुलन बनाने में अपना क्या योगदान दे सकते हैं। इसी तरह हम अपनी संस्कृति को भी भुलाते जा रहे हैं। यदि हम पूर्वजों द्वारा बनाए गए प्राचीन नियमों का पालन करें तो कोरोना कुछ नहीं कर पाएगा। यह कहना है पर्यावरण को बचाने संबंधित कार्यो में जुटी उद्योगपति प्रियंका कौल चोपड़ा का। पेश है **पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और प्रियंका कौल चोपड़ा की बातचीत के अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : प्रियंका कौल चोपड़ा
**जन्मदिन** : 30 अप्रैल
**पिता** : एनजे कौल
**माता** : जया कौल
**पति** : अमित चोपड़ा
**परिवार** : अनव चोपड़ा
**स्कूल** : 12वीं – मलेंसन स्कूल, श्रीनगर
**उच्चशिक्षा** : बीटेक इन इलेक्ट्रिकल
**रूचि** : सिंगींग एडं रीडिंग

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : वर्ष 1999 में बीटेक करने के बाद मैने दिल्ली स्थित फ्रेंच कंपनी लिगरा में काम करना शुरू किया।

**सवाल : आपने बिजनेस की शुरूआत कब की।**
**जवाब** : मेरे पति अमित चोपड़ा ने वर्ष 1994 में प्लास्टिक शीट की मैन्युफेक्चरिंग का यूनिट शुरू किया था। वर्ष 2002 में मैने नौकरी छोड़ कर अपने पति के बिजनेस में हाथ बंटाना शुरू कर दिया था।

**सवाल : वर्तमान में आपके व्यवसाय की क्या स्थिति है।**
**जवाब** : वर्तमान में प्लास्टिक शीट के अलावा हम वेस्ट मैनेजमेंट और बांस की खेती का कार्य भी कर रहे हैं।

**सवाल : पर्यावरण संरक्षण की तरफ आपने कैसे कदम बढ़ाया और इसके लिए आप क्या कर रही हैं।**
**जवाब** : देश और खासकर महानगरों में प्लास्टिक बोतल की काफी गंभीर समस्या बनती जा रही है। शहर की सड़कों, नदी और नालों कहीं भी प्लास्टिक की वेस्ट बोतलों को बिखरा हुआ देखा जा सकता है। इसकी वजह से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। हमने इस व्यर्थ की वस्तु की रि-साइकिलिंग कर पर्यावरण को बचाने का फैसला किया है।

**सवाल : वेस्ट प्लास्टिक बोतल को आप कैसे उपयोग योग्य बनाते हैं।**
**जवाब** : हम गरीब तबके के लोगों को रोजगार देते हुए वेस्ट बोतलों को इक्ट्ठा करवाते हैं। इन्हें मशीन में डाल कर प्लास्टिक की बड़ी ब्रिक बनाई जाती है। यह ब्रिक हम प्रोसेसिंग कर धागा बनाने वाली कंपनियों को सप्लाई करते हैं। वे धागा बनाकर कपड़ा उत्पादक कंपनियों को सप्लाई करते हैं।

**सवाल : आपने बांस की खेती का काम क्यों और कहां शुरू किया।**
जवाब : फर्नीचर के उत्पादन के लिए लाखों पेड़ों को काट दिया जाता है। इससे भी पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए हमने महाराष्ट्र के रतना गिरी के गांव देवरूख में बंजर जमीन खरीद कर कठिन प्रयासों के बाद बांस की खेती शुरू की है। बांस फर्नीचर बनाने वालों को सप्लाई किया जाता है। इससे गांव के ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने मजदूरों की कैसे मदद की।**
**जवाब** : हमने मजदूरों को पूरा वेतन तो दिया ही है साथ कंपनी में उनके रहने और भोजन की व्यवस्था भी की थी।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**
**जवाब** : हमारे पूर्वजों ने स्वच्छता और खानपान को लेकर काफी अच्छे नियम बनाए थे। यदि हम पुराने नियमों का अनुशरण करते रहे तो कोरोना से बचे रहेंगे। हमें मास्क का उपयोग सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**
**जवाब** : यह लोग अपनी लापरवाही से परिवार, समाज और देश को खतरे में डाल रहे हैं। यदि यह लोग नहीं समझते तो इन्हें दंड दिया जाना चाहिए।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : लॉकडाउन सही समय पर सही कदम था। इसी वजह से देश की 130 करोड़ जनता सुरक्षित है। सरकार ने हमें समझा दिया। अब नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- एनएचयूआई डीसी कार्यालय पर करेंगी प्रदर्शन : सुबह 11.30 बजे
- बल्लभगढ़ में वूमेन्स पॉवर संस्था निकालेगी हल्ला बोल रैली: दोपहर 3 बजे
- डीसी को सौंपेगे मजदूर संघ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे

**निवेश गुरु**

### निवेश जोखिम

निजी कंपनियों और स्टाटज़अप में निवेश करने से आपके निवेश की पूरी राशि जोखिम में आ जाएगी। ऐसी कई स्थितियाँ हैं जिनमें कंपनी पूरी तरह से विफल हो सकती है या आप उस स्टॉक को बेचने में सक्षम नहीं हो सकते हैं जो आप कंपनी में रखते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### तहसील की कार्यशैली से परेशानी

**फरीदाबाद।** बडखल तहसील के अधीन आने वाली गौंच्छी गांव की उप तहसील में डोमासाईल, जाति प्रमाण पत्र आदि का कार्य केवल मंगलवार और बृहस्पतिवार को किया जा रहा है। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि उसमें भी एक दिन में केवल 15 फाईले ही तैयार की जा रही है। वहीं फाईल जमा करने और नई फाईल मार्क करवाने का समय सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और सर्टिफिकेट वापस लेने का समय मात्र एक घंटे बाद दोपहर दो से तीन बजे तक है। ऐसे में यहां रोजाना आ रहे सैंकड़ों लोगों को परेशानियां झेलकर लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं यहां बिना दलालों के काम नहीं हो रहा है। तहसीलदार भी यहां कम ही बैठते है। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बड़खल के एसडीएम से लोगों को इन समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की है। ताकि यहां आने वालों लोगों को महीनों चक्कर काटने और दलालों के चंगुल से छुटकारा मिल सके।

**क्विक न्यूज**

### महिला कल्याण मंच ने उठाई मांग

**फरीदाबाद।** महिला कल्याण मंच ने बीकॉम की छात्रा निकिता की दिनदहाड़े हुई हत्या की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए गिरफ्तार हुए दोषियों को फास्ट ट्रैक अदालत में न्यायिक कार्रवाई करते हुए 30 दिन के अंदर फांसी की सजा देने की मांग की है। महिला कल्याण मंच की सदस्य पूनम भाटिया, सुनीता नाहटा, अमरजीत रंधावा, शैली बब्बर, हरमीत कौर, गजना लाम्बा ने एक बैठक आयोजित करके शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरेआम हो रही हत्याओं पर चिंता व्यक्त करते की। उन्होंने इस मौके पर पुलिस आयुक्त व जिला प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने की अपील की है। सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रशासन की नाकामी या जनता के अविश्वास का परिणाम है जाम?

## गोलीकांड के विरोध और नीलम पुल के कारण जाम से जूझता रहा शहर

### छात्रा की हत्या ने शहर के लोगों को हिलाकर रख दिया

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**पानी** बिजली और सफाई की समस्या हो या फिर आपराधिक घटना हो शहर के लोगों अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए सिर्फ एक ही तरीका अपनाते हैं। पीड़ित लोग समस्या के समाधान की मांग को लेकर तुरंत सड़कों पर उतरकर जाम लगा देते हैं। सोमवार को दिनदहाड़े बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज के सामने हुई छात्रा की हत्या ने शहर के लोगों को हिलाकर रख दिया है। आरोपी जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया है, उससे स्पष्ट है कि उसे कानून का कोई डर नहीं था। इस घटना के विरोध में मंगलवार को लोग जगह जगह सड़कों पर उतर आए। सोहना रोड, बीके चौक और बल्लभगढ़ में गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। नगर निगम की लापरवाही के कारण नीलम फ्लाइओवर पहले ही बंद पड़ा हुआ है। जिससे पहले ही स्थिति चरमराई हुई है। अब लोगों के सड़क पर उतरने से शहर के लाखों लोगों को मंगलवार को भयंकर जाम का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**आए दिन लगते है जाम**

समस्या को लेकर सड़क पर उतर कर लोगों द्वारा जाम लगाना शहर में अब आम बात हो गई है। पानी, बिजली, जलभराव, सफाई और अन्य समस्या के समाधान के नाम पर शहर के लोगों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा सिर्फ कोरा आश्वासन देकर टरकाने का काम ही किया जाता है। वहीं मूलभूत समस्याओं को लेकर शहर के समाज सेवियों द्वारा नगर निगम और प्रशासन को अलग अलग तरीकों से आइना दिखाने का काम भी किया जाता है। एनआईटी 86 विधानसभा को शहर से जोड़ने वाली तीनों सड़कों की हालत लंबे समय से जर्जर हो चुकी है। इनेलो की महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू ने नगर निगम के अधिकारियों को आइना दिखाने के इरादे से प्याली हार्डवेयर रोड के गड्ढों को सांकेतिक रूप से भरने का काम किया था। वहीं दुर्घटना में मारे गए मासूम पवित्र के पिता मनोज वधवा भी इसी तरीके से कई बार प्रशासन को जगाने का प्रयास कर चुके हैं। गांधीवादी तरीके से समस्या का समाधान न होते देख शहर को लोगों को एक मात्र जाम लगाने का रास्ता ही नजर आता है। समस्याओं को लेकर शहर के किसी न किसी हिस्से लोगों द्वारा आए दिन सड़क जाम कर विरोध जताया जाता है।

**परेशानी झेलने को मजबूर**

नगर निगम की लापरवाही के कारण पिछले दिनों अवैध कब्जे के कारण नीलम रेलवे फ्लाइओवर भेंट चढ़ गया था। पुल के नीचे कबाड़ी द्वारा बनाए गए अवैध गोदाम में आग लगने से पुल के तीन पिलर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मरम्मत के लिए प्रशासन ने इस पुल को अगले दो महीने के लिए बंद कर दिया है। जिसके बाद से शहर के लाखों लोगों को हर रोज भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है। एनआईटी इलाके की ज्यादातर सड़कों और बाटा और बड़खल फ्लाइओवर पर दिनभर भारी जाम लगा रहता है। शहर के लोग अभी इस समस्या से उबर भी नहीं पाए थे कि मंगलवार को छात्रा की हत्या के विरोध में जगह जगह जाम लगने से स्थिति और बिगड़ गई। सोमवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा तीन महत्वपूर्ण स्थानों पर जाम लगाए जाने से शहर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। यातायात को सुचारू करने के लिए पुलिस को जगह जगह रूट डायवर्ट करना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद शहर के लोगों को दिनभर परेशानी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**जगह-जगह लगाया जाम**

संजय कालोनी स्थित अपना घर सोसायटी में रहने वाले मूलचंद तोमर की 20 वर्षीय बेटी निकिता का सोमवार को तौसीक नामक युवक ने एक तरफा प्यार में पागल होकर अपहरण करने का प्रयास किया। सफल न होने पर आरोपी ने सरेआम युवती की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर सोमवार सुबह से ही लोगों का गुस्सा बुरी तरह फुट पड़ा। सुबह करीब आठ बजे संजय कालोनी और गौंछी के सैंकड़ों लोगों ने मृतका के परिजनों के साथ मिलकर सोहना रोड पर जाम लगा दिया। जिसके कारण इस व्यस्त रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे वाहन इधर उधर से निकलने के कारण पूरे इलाकों में भी जाम लग गया। इसी तरह घटना के विरोध में बीके अस्पताल में कई हिंदु संगठनों के कार्यकर्ता इक्ट्ठे हो गए। इन्होंने घटना के विरोध में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जाम लगा दिया। इसके अलावा सरेआम हुई इस घटना को लेकर बल्लभगढ़ में भी काफी रोष है। इलाके के लोगों ने मंगलवार की दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**उठ रहा है विश्वास**



मजदूर नेता बेचू गिरी का कहना है कि प्रशासन की अपनी करनी ही वजह से जनता का विश्वास उठता जा रहा है। जनता द्वारा जाम लगाने पर ही प्रशासन मौके पर आता है। इन दिनों प्रशासन सिर्फ कोरोना की रट लगा रहा है। कोरोना से शहर को बचाने में प्रशासन की बजाए ईएसआई मेडिकल कालेज ने अहम भूमिका निभाई है। प्रशासन की नाकामी की वजह से इन दिनों शहर में मूलभूत समस्याओं का अंबार लगा हुआ है और कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है।



फोटो: राजेश पुंजानी

# विकास को समर्पित रहे हैं भाजपा सरकार के छह वर्ष : गुर्जर

## सीएम मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समर्पित कीं विकास परियोजनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले छह वर्ष पूरी तरह से विकास को समर्पित रहे हैं। केंद्र हो या प्रदेश सरकार दोनों ने मिलकर अंत्योदय की भावना के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री मंगलवार को एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में 77.51 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पूरे प्रदेश को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं समर्पित की हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में फरीदाबाद जिला की भी लगभग 77.51 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें 42 करोड़ 78 लाख रुपये की 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 34 करोड़ 72 लाख रुपये की चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने बताया कि इन विकास योजनाओं में शहर के पहले साईबर पुलिस स्टेशन को आम जनता को समर्पित किया गया है। इसके अलावा हेल्थ विभाग की गांव सीकरी में 360.00 लाख रुपये की लागत से बनी पीएचसी, हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा आईएमटी फरीदाबाद में 708.59 लाख और 459.75 लाख रुपये की लागत से तैयार हुई पानी व सीवर, बिजली कार्य, बाउंड्री वाल और परिसर के कई विकास कार्यों का भी उद्घाटन किया गया है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्यमंत्री ने बताया कि जिला जेल परिसर में 62 लाख 5 हजार रुपये की लागत से बने ओपन एयर कैंपस, पब्लिक हेल्थ एवं इंजीनियरिंग विभाग की महाग्राम योजना के अंतर्गत गांव सोतई में 412.38 लाख और 224.35 लाख रुपये की लागत की दो अलग-अलग स्कीमों से हुए विकास कार्यों, पीडब्लूडी (बीएंडआर) द्वारा 951.33 लाख रुपये की लागत से बनी बादशाहपुर से देलीपुर तक 7.66 किलोमीटर लंबी सडक् का उद्घाटन भी किया गया है।

वहीं गांव सिकरोना में 516.47 लाख रुपये की लागत से बनी आईटीआई, 360.00 लाख रुपये की लागत से बनी सीकरी गांव की पीएचसी व स्टाफ क्वार्टर, 360.00 करोड़ रुपये की लागत से बना सीएचसी पाली का प्रशासनिक भवन भी जनता को समर्पित किए गए हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। इनमें गांव चांदपुर में 84.60 लाख रुपये की लागत से सोलार प्लांट लिंक रोड, 139.84 लाख रुपये की लागत से शाहपुर खादर से लतीफपुर गांव तक 2.40 किलोमीटर सडक् का निर्माण, 2700.00 लाख रुपये की लागत से सेक्टर 12 स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम और 325.00 लाख रुपये की लागत से स्पोर्ट्स स्टेडियम सेक्टर-12 में फेसलीटेशन सेंटर के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

### विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : कुलपति



**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा छात्राओं के हॉस्टल में नई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रावास में नये रीडिंग रूम तथा वार्डन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास की सुविधाओं का जायजा भी लिया। कुलपति द्वारा छात्रावास में सुविधाओं की समीक्षा का उद्देश्य विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों के लिए पुन: खोले जाने से पहले छात्रावास में विद्यार्थियों की रहने की व्यवस्था तथा साफ-सफाई को सुनिश्चित बनाना था ताकि कोविड-19 महामारी से रोकथाम के उपायों को सुनिश्चित बनाया जा सके। कुलपति ने विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए पूरे छात्रावास परिसर का मुआयना किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, चीफ हॉस्टल वार्डन वार्डन डॉ. संध्या दीक्षित, एडिशनल चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ. मानवी के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को फिर से खोलने से पूर्व मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को सुनिश्चित बनाया जाये तथा इसका सख्ती से पालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए एसओपी को हॉस्टल नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के लीविंग एरिया में सुविधाओं, विशेष रूप से सीसीटीवी सुरक्षा कैमरे, पंखे एवं लाइट, वॉश रूम आदि के संचालन को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बेडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित



**फरीदाबाद।** सेक्टर 22 की मार्केट में रोटरी क्लब ऑफ फ़रीदाबाद एनआईटी और क्लाउड 22 द्वारा अंडर 10, अंडर 14, अंडर 16 बेडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट तीन दिन चला। जिसमें नेशनल लेवल खिलाड़ी रोहन कपूर भी शामिल हुए। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में रोटरी क्लब एनआईटी के प्रधान नीरज गुप्ता एवं सचिव सुनील खंडूजा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और मुख्यातिथि असिस्टेंट गवर्नर धीरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा सभी विजेताओं को नगद पुरुस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेलो में भी हिस्सा लेना चाहिए। खेलो से बच्चो का शारीरिक विकास होता हे। आज युवा खेलो में अपना कैरियर बना रहे हैं व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। रोटरी क्लब की तरफ़ से क्लाउड 22 के सदस्यों गर्वित वर्मा, महाजन, वीरेन्द्र, संजीव मरवाह को आगे भी इस तरह के आयोजन में हर मदद का आश्वासन दिया।

### रविन्द्र फागना ने 100 रन से जीता मैच




**फरीदाबाद।** एमपीआरसी स्पोर्ट्स पार्क इंडिविजुअल मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने एनसीआर क्रिकेट अकादमी को 100 रन से हराया। यह मुकाबला एमपीआरसी स्पोर्ट्स पार्क सेक्टर -92 (गुरुग्राम) स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि ये मैच 30-30 ओवर का था। ये मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और एनसीआर क्रिकेट अकादमी के साथ खेला गया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 198 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए प्रिन्स लोहिया ने 129 रन, रोहित करहाना ने 22 रन और पंकज तंवर ने 21 रन बनाए। एनसीआर क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए नमन गर्ग ने 2 विकेट, यश यादव, बब्बू, सिमरन चौहान और रितेश ने 1-1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एनसीआर क्रिकेट अकादमी टीम को 25.4 ओवर में 10 विकेट पर 98 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अरुण राणा ने 26 रन, यश चौहान ने 16 रन और नमन गर्ग ने 8 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए वसीम खान ने 3 विकेट, मोहित भमला और रोहित करहाना ने 2-2 विकेट और लक्की करहाना ने 1 विकेट लिया। मैंन ऑफ़ दा मैच प्रिन्स लोहिया को दिया गया।

### कार्य और गुणवत्ता से बनाए समाज में पहचान : सीपी

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने अपने कार्यालय में देवेंद्र सिंह, संस्थापक रोड़ सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन, बीएस विरदी, अधिवक्ता व संस्था के अन्य सदस्यों के साथ एक संगोष्ठी आयोजित की। जिसमें सभासदों से परिचय करते समय पुलिस आयुक्त सिंह द्वारा कहा गया कि हमें समाज में अपने नाम के साथ-साथ अपनी गुणवत्ता और कार्य की भी पहचान बनानी चाहिए। ताकि हम समाज में जिस तरह की सेवा करने योग्य हों, लोग उस सेवा के लिए हमें याद कर सकें। रोड़ सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन जिले के विभिन्न विभागों को उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में निस्वार्थ भाव से सहयोग करने वाली संस्था है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15-10-2020 को सुनील कुमार उपरोक्त ने हाजिर चौकी पाली आकर दरखास्त की कि उसका छोटा भाई सोनू व उम्र 14 साल दिनांक 30.09.20 को सायं 01:00 बजे आशाराम के आश्रम पर जाने के लिये घर से निकला था जो वहां पर नहीं पहुंचा ना ही आज तक वापिस घर पहुंचा है जिसका मुकद्दमा न. 432 दिनांक 15.10.20 यू/एस 346 आईपीसी पीएस डबुआ। मिलने पर थाना प्रबन्धक डबुआ फरीदाबाद को सूचित करें।

थाना प्रबन्धक डबुआ - 9582200155
प्रभारी पुलिस चौकी पाली - 9582200158

**District Health & Family Welfare Society, Faridabad**
**O/o Civil Surgeon,Faridabad**
**NOTICE INVITING E-Tender**

Distrcit Health & family Welfare Society, Faridabad on behalf of Health Department, haryana invites online bids on the website : https://etenders.hry.nic.in from eligible bidder having valid license and fulfill the other eligible criteria given in tender documents for the following items as mentioned below :-

| Sr No. | Particulars of Tender | Estimated cost (Rs. In lacs) | Bid Document cost | EMD | Date of start of downloading of tender document. | Last Date of submission of bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for E- Rickshaw, Urban Immunization, Faridabad | 30.00 | 2000+1180 E-processing Fee | Rs. 60,000/- | 28.10.2020 from 17:01 P.M. | 11.11.2020 Upto 11:00 A.M. |

The details as specifications, terms & conditions of the tender can be seen on website **https://etenders.hry.nic.in**

**Member Secretary,**
**District Health & Family Welfare Society, Faridabad**

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने की न्याय की मांग



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने नितिका की हत्या के विरोध में मंगलवार ये निकिता के न्याय की मांग उठाई। इस मौके पर उन्होंने नितिका को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस घटना से जहां एक तरफ मानवता शर्मशार हुई है। एक हत्यारा सरेआम दिन दहाडे गोली मारकर हत्या कर जाता है, बड़े दुख की बात है हम सभी को सचेत होना चाहिए, ताकि इस तरह के कुकृत्य न हो और प्रशासन से मांग है, कि इन्हें कड़ी सजा मिले और फांसी हो। इस अवसर पर पंडित संजय शर्मा, पंडित सूरज प्रकाश, मनोज, फूल सिंह, नवीन, सम्पतराम,धर्मपाल पूर्व पार्षद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डीएवी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में विज्ञान विभाग व गॉड एंड साइंस क्लब द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी 'मांइड फिज' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सविता भगत ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग को हर प्रकार की प्रतिस्पर्धा के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ तैयार रहने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से कॉलेज में समय-समय पर छात्रों को प्रोत्साहित करने व बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं व वेबिनारों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 14 में से 6 टीमों को स्क्रीनिंग टेस्ट द्वारा चयन किया गया जिसको बहुत ही रोचक तरीके से बनाया गया था, जिसमें सभी प्रतिभागियों की स्पर्धा को स्क्रीन पर दर्शाया गया। चार राउंड में विस्यूअल राउंड, क्रॉस राउंड, गेस द लॉ व साइंटिफिक रिडिलस थें, जिनमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान गणित व कंप्यूटर साइंस से जुड़े प्रश्न पूछे गए थे। विज्ञान विभाग के संयोजक सतीश बंसल ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें विज्ञान के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। ऑन लाइन क्वीज में विज्ञान विभाग के छात्रों व स्टाफ द्वारा बहुत ही रोचक तरीके से बनाया गया था। कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के आर्यन और रक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केएल मेहता कॉलेज के ऊषा व नंदिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के मोहम्मद ईशाद और मनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मिस सुजाता द्वारा किया गया व क्वीज मास्टर डा. राजकुमारी व किरन रहे। मिस भानु ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की संरक्षिका डॉ. प्रिया कपूर (डीन विज्ञान विभाग) व डॉ. अंकुर अग्रवाल (एचओडी, विज्ञान विभाग) रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान विभाग के समस्त स्टाफ पंकज कुमार, राघव, पूजा, रीशिता, प्रिया गर्ग का सहयोग रहा। विज्ञान विभाग के छात्रों गौरव, रवीना, शालिनी, अनीता, तनुज, सिमरन व खुशबु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आपकी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पुलिस को मिले 50 स्कूटर



**फरीदाबाद।** हीरो मोटर कॉर्प एवं सहगल ऑटोमोबाईल ने फरीदाबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिये 50 मोटरसाइकिल आपकी सुरक्षा – आपके साथ प्रोग्राम के तहत दी है। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह एवं हीरो मोटर कॉर्प के अभियता उमेश भाटिया एवं सहगल ऑटोमोबाइल के मालिक पकंज सहगल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय, फरीदाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मौके पर पुलिस विभाग की तरफ से पुलिस आयुक्त ओपी सिंह, डीसीपी एनआईटी अर्पित जैन, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय आदर्शदीप सिंह मौजूद रहे। सहगल ऑटो मोबाइल की तरफ से पकंज सहगल और हीरो मोटर कॉर्प की तरफ से अंभियता उमेश भाटिया मौजूद रहे। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग के अन्तर्गत चलाये गये अभियान आपकी सुरक्षा-आपके साथ के तहत हीरो मोटर कॉर्प एवं सहगल ऑटोमोबाईल ने पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए 50 स्कूटर दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि स्कूटर के द्वारा पुलिस पेट्रोलिंग करेगी, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखने में फरीदाबाद पुलिस को मदद मिलेगी। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने बताया कि ये स्कूटर पेट्रोलिंग करने के साथ पीडित की मदद करने में भी काम में लाए जाएंगे। पुलिस इन राईडरों के द्वारा पीडित की मदद करने के लिए मौके पर जल्दी पहुंच सकेगी। साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग बढेगी और अपराध में भी कमी आएगी। पंकज सहगल और उमेश भाटिया ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए 50 स्कूटर देकर हमें बहुत खुशी हो रही है। हम इसी तरह आगे भी पुलिस की मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने पंकज सहगल एवं उमेश भाटिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुलिस के बेड़े में 50 स्कूटर और शामिल हुए है यह पुलिस के लिए बड़ी खुशी की बात है।

# प्रताड़ना के बाद अब मां का साया उठने से बेसहारा हुए मासूम

**कविता।** फरीदाबाद



**पति** की मौत और जेठ की प्रताड़ना का शिकार हुए अपने दो मासूम बच्चों की हालत को देखते हुए महिला ने जब अपने दोनों बच्चों को संभलना चाहा, तो वह स्वयं ही क्षयरोगी हो गई। ऐसे में स्वयं की बीमारी और बच्चों की खराब हालत को देखते हुए वह आए दिन परेशान रहने लगी। इसी मानसिक परेशानी में मंगलवार को उसकी सांसें थम गई। रोहतक मेडिकल कॉलेज प्रशासन और चाइल्ड हेल्पलाइन की तरफ से बच्चों की बुआ को इसकी सूचना दी गई। जिस पर बुआ परिवार के अन्य सदस्यों के साथ महिला का शव लेने रोहतक पहुंची। क्योंकि मृतक महिला के मायके में भी कोई नहीं है।

**है बहुत परेशानी**

महिला की ननद सुमन जब उसकी मौत की खबर सुनी, तो वह कुछ पड़ोसियों को साथ लेकर अपनी भाभी का शव लेने रोहतक के लिए निकल पड़ी, झज्जर पहुंचने से पहले उनकी गाड़ी का टायर फट गया। ऐसे में सुमन ने पायनियर संवाददाता को बताया कि वह अपनी भाभी का अंतिम संस्कार रोहतक में ही करा देंगे। क्योंकि शव को फरीदाबाद तक लाने तक के लिए उनके पास कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं दूसरी तरफ उसकी भाभी के मायके में भी कोई नहीं है। भाभी के माता-पिता और भाई, पति की मौत के बाद उनके परिवार में सिर्फ यह मासूम दो बच्चे ही बचे हैं।

**कैसे होगा पालन पोषण**

डेढ़ वर्षीय बच्ची और चार साल के बच्चे की बुआ सुमन ने कहा कि पिता का साया उठने के बाद ताऊ ने पालने का झांसा देकर बच्चों को बेरहमी से प्रताड़ित किया है। आरोपी ताऊ ने बीड़ी-सिगरेट से झुलसा कर बच्चों को काफी दर्द दिया है। अब ऐसे में भगवान ने बच्चों से मां का साया भी छीन लिया। ऐसे में उनका पालन पोषण कैसे होगा, क्योंकि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह भी बच्चों को अपने घर रखकर पालने में असमर्थ है।

**हालत है नाजुक**

क्षयरोग और बच्चों की चिंता से जहां मां की मौत हो गई, वहीं बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। बच्चें की त्वचा की समस्या ठीक न होने से उसके हाथ का ऑपरेशन अभी तक नहीं हो सकता है। ऐसे में यदि बच्चों को मां के बारे में पता चला, तो उनकी हालत बिगडने की संभावनाएं अधिक है। फिलहाल दोनों बच्चे चाइल्ड हेल्पलाइन की देखरेख में उपचाराधीन हैं।

# एक से तीन नवंबर तक चलेगा पोलियो अभियान : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा एक से तीन नवंबर तक 0 से 5 साल के बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उपायुक्त यशपाल मंगलवार सुबह लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि इस पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले के हाई रिस्क एरिया में 2 लाख, 13 हजार 235 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1176 टीमें गठित की गई है। जिला में 1112 हाई रिस्क एरिया हैं और इसमें 681 स्लम एरिया हैं। इसके साथ ही 39 डेरा क्षेत्रों, 146 भट्टा क्षेत्रों, 219 कंस्ट्रक्शन साइटों को भी कवर किया जायेगा।

इस अभियान मेंनो टच वैक्सीन का प्रयोग किया जाएगा, ताकि कोरोना संक्रमण के किसी भी संभावित प्रभाव से खुद को व दुसरों को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि यूपी, बिहार के बाद हरियाणा प्रदेश इस संबंध में हाई रिस्क एरिया में आता है। इसमें गुड़गांव, मेवात, फरीदाबाद क्षेत्र ज्यादा संवेदनशील हैं।

# नितिका का गुनाहगार गिरफ्तार पर लोगों में रोष बरकरार

## आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी : सीपी

**फरीदाबाद से पलवल एवं मेवात तक पांच घंटे चले ऑपरेशन में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** स्थित अग्रवाल कॉलेज की छात्रा नितिका की दिनदहाड़े हत्या करने वाले आरोपी तौसीफ को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने बीती रात पांच घंटे के भीतर मेवात से दबोचा था। वहीं आरोपी के सहयोगी को पुलिस ने मंगलवार दोपहर को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है, लेकिन तेज कार्रवाई के बाद भी लोगों रोष जरा भी कम नहीं हुआ।

**यह है मामला**

पुलिस के मुताबिक मृतका निकिता के भाई नवीन ने 26 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम 4 बजे के आसपास 20 वर्षीय उसकी बहन अग्रवाल कॉलेज से परीक्षा देकर निकली थी थोड़ी दूर चलने पर आरोपी ने लड़की को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। लड़की द्वारा विरोध करने पर आरोपी युवक



लड़की को गोली मारकर अपने एक अन्य साथी सहित कार में फरार हो गया था। जिस पर आरोपीयों के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

मामला पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के संज्ञान में आने पर उन्होंने तुरंत प्रभाव से क्राइम ब्रांच की 10 टीमों को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। क्राइम ब्रांचों की टीमों द्वारा फरीदाबाद से पलवल एवं मेवात तक चलाए गए 5 घंटे के ऑपरेशन के दौरान आरोपी को दबोचा गया है। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देकर पलवल होते हुए मेवात नूहं चला गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी वर्ष 2018 में भी लड़की को अपने साथ ले गया था। मामला थाना सिटी बल्लभगढ़ में दर्ज किया था। 21 वर्षीय आरोपी तौसीफ फिजियोथैरेपिस्ट के कोर्स में थर्ड ईयर में है। वारदात में शामिल दूसरा आरोपी रेहान निवासी रेवासन मेवात तौसीफ का दोस्त है। ओपी सिंह ने बताया कि रेहान को भी क्राइम ब्रांच की टीमों ने पीछा करके गिरफ्तार कर लिया है।

**एसआईटी करेगी जांच**

ओपी सिंह ने बताया कि मामले में एसआईटी टीम भी गठित की गई है। जिसका इंचार्ज राजपत्रित अधिकारी होगा। पुलिस के पास आरोपी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य कई तरह के गुप्त साक्ष्य हैं। जिनके आधार पर कोर्ट में अच्छी पैरवी कर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से हथियार, गाड़ी आदि बरामद की जाएगी। वारदात के कारण के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ पुलिस की तेज कार्रवाई के बावजूद लोगों का रोष कम नहीं हुआ है। पुलिस ने परिजनों को कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर किसी तरह शांत किया है।

# प्रदूषण की रोकथाम को बनाई रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**निगमायुक्त** डॉ. यश गर्ग के आदेशानुसार त्यौहारों के सीजन को मद्देनजर रखते हुए अधीक्षण अभियंता विजय ढाका ने प्रतिदिन प्रदूषण की रोकथाम और शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर पांचों जोनों के कार्यकारी अभियंताओं की मीटिंग ली और प्रतिदिन होने वाले कार्य रिपोर्ट की समीक्षा की। मीटिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त इंद्रजीत कुल्हारिया भी उपस्थित थे।

उन्होंने पांचों जोनों के कार्यकारी अभियंताओं को कहा कि प्रतिदिन प्रदूषण की रोकथाम और क्लीन फरीदाबाद-ग्रीन फरीदाबाद के अंतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर निगम अपनी गतिविधियों में और तेजी लाए और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्रतिदिन चालान काटे जाए।

अधीक्षण अभियंता ने कहा कि अगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति रबड़, प्लास्टिक, कपड़ा और कूड़ा जलाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करके चालान काटे जाए तथा होटल व ढाबों पर कोयला व लकड़ी के धुएं से होने वाले प्रदूषण पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। मीटिंग में कार्यकारी अभियंता ओमवीर सिंह, ज्ञान प्रकाश वधवा, विवके गिल, सुंदर श्योराण, एसडीओ खेमचंद सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। मीटिंग में अधीक्षण अभियंता को अधिकारियों ने अवगत कराया कि निग्मायुक्त डा. यश गर्ग के निर्देश पर सफाई विभाग द्वारा निगम क्षेत्र में 132 जगह सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

### इस नए शेड्यूल से होगा अब दाखिला

**फरीदाबाद।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर कोर्स के दाखिले की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। जिसके तहत नया शेड्यूल जारी किया है। अब छात्र 5 नवंबर तक फीस भुगतान कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है गवर्नमेंट एडेड व सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालयों में स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर कोर्स में दाखिला प्रक्रिया 23 अक्टूबर से शुरू हुई थी। वहीं राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक के द्वितीय वर्ष में दाखिले 26 अक्टूबर से और तृतीय वर्ष के दाखिले 29 अक्टूबर से शुरू हुए थे। विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक फीस भुगतान कर दाखिला सुनिश्चित कर सकते थे।

### गांव-गांव जाकर वोट मांग रही भाजपा नेत्री

**फरीदाबाद।** बरोदा उपचुनाव में जीत दर्ज कराने के उदेश्य से जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता दिन रात एक किए हुए है वहीं कार्यकर्ता भी पार्टी के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेवारी को समझते हुए गांव गांव जाकर प्रत्याशी योगेश्वर दत्त के लिए वोट मांग रहे है।

इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फरीदाबाद की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष कुसुम महाजन ने प्रदेशध्यक्ष निर्मल बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष भिवानी मीना परमार जिला उपाध्यक्ष फरीदाबाद आशा रानी व टीम की अन्य महिला सदस्यों के साथ मिलकर बरोदा विधानसभा के कई गांवों में घर घर जाकर वोट मागें और प्रत्याशी योगेश्वर दत्त को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। अमरवली गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कुसुम महाजन ने कहा कि भाजपा-जजपा ने ऐसे प्रत्याशी को उतारा है जो विजयी होने पर आपकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगा और सुख दुख में आपके परिवार के सदस्य के रूप में कन्धे से कन्धा मिलाकर आपके साथ खड़ा रहेगा।

कुसुम महाजन ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति झूठ के सहारे चल रही है जोकि किसानों में भ्रम फैलाकर एक औछी राजनीति कर रही है। उन्होनें कहा कि योगेश्वर दत्त ने पहलवानी में देश का नाम रोशन किया है आप उसे अपने गले से लगा लो आपके हल्के में भी ऐसा विकास करवाएगा कि हरियाणा ही नहीं पूरे देश में आपके गांव का नाम होगा।

# 190 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 24,287

**कोरोना**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले में** कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को शहर में जहां एक तरफ 190 नए मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 24,287 पर पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह रही कि 158 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**ये हैं पॉजिटिव**

190 पॉजिटिव में ऊंचागांव, तिलपत, एनएच-एक, सेक्टर-77, 82, 7, 63, 91, 14, 15, 30, 10, 37, 88, 29, 55, 46, पल्ला, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, भाटिया कालोनी, खेड़ी कला, अजाद नगर, नंगला, ईस्माइलपुर, शिव कालोनी, अशोका इंक्लेव, एनएचपीसी कालोनी, बसेलवा कालोनी, ओल्ड फरीदाबाद से 2-2 मरीज है। सेक्टर-34, 8, 21, 11, 18, 31, 16, 3, इंदिरा कॉम्पलेक्स, ग्रीन फिल्ड कालोनी, अशोका इंक्लेव, जीवन नगर, गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, एसी नगर से 3-3 मरीज है। बल्लभगढ़, राजा गार्डन, पाली, सेक्टर-23, गोपी कालोनी, बड़ौली, शिव इंक्लेव, गाजीपुर कालोनी, अंनगपुर, भनकपुर, सुभाष नगर, आईपी कालोनी से 1-1 मरीज है।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 241241 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 216658 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 296 |
| अब तक पॉजिटिव | 24287 |
| अब तक मौतें | 244 |
| गंभीर भर्ती हैं | 44 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |
| अब तक ठीक | 23095 |

### प्रदेश में कानून का नहीं जंगल राज है: सुशील गुप्ता

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के सांसद व हरियाणा के सहप्रभारी सुशील गुप्ता ने सोमवार को बल्लभगढ़ के अग्रवाल कालेज के बाहर दिन-दहाडे छात्रा के अपहरण के प्रयास की कडी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। भाजपा-शासित हरियाणा प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। यह बदमाश पुलिस को ललकारते हुए अपना काम कर चले जाते है, पुलिस और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे है। सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल कालेज के पास वाला हादसा पहली बार नहीं हुआ है। बल्कि इससे पहले ही इस तरह की कोशिश की जा चुकी है। इसके बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर वहां पुलिस की पीसीआर होती तो यह हादसा नहीं होता।

# हमले के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद ने प्रदर्शन को दिया समर्थन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माधव रावत ने कहा कि कैम्पस में पिछले वर्ष 2019 जनवरी माह में छात्र संघ अध्यक्ष शुभम कपासिया पर दिन दहाड़े देशी कट्टे से हुए प्राणघातक हमले के बाद। एक बार फिर से एक दु:खद घटना घटित हुई है यह घटना कॉलेज प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण हुआ है। जिला संयोजक राहुल राणा ने बताया कि एबीवीपी ने छात्र संघ अध्यक्ष पर हुएं हमलें के विरोध में जोरदार विरोध प्रर्दशन किया था। उस समय कालेज प्राचार्य ने छात्रों को प्रर्दशन स्थल पर आकर आसवासन दिया था कि कालेज में शुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं कही गई जिसके कारण आज फिर यह घटना हम सभी के सामने है। प्रीति नागर ने कहा अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सामने फाइनल ईयर की छात्रा निकिता तोमर को सरेआम गोली मार दी गई जिसके बाद उसकी मौत हो गई। विद्यार्थी परिषद हत्याकांड की निंदा कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। कंचन डागर ने कहा आखिर उसका गुनाह क्या था? जो उसे इस तरह से सरेआम गोली मार दी गई। पहले उसे जबरन गाड़ी में बैठाना चाहा और जब नहीं बैठी तो उसको गोली मार दी। इस बेगुनाह बच्ची के साथ इन हत्यारों की क्या दुश्मनी थीं जो सीधा गोली ही मार दी? इतना बेखौफ होकर घूमने वाले अपराधियों में कानून नाम का कोई भय नहीं हैं? वो दिन कब आएगा जब हमारे देश में हमारी बहन-बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगी? मीडिया प्रमुख रवि पाण्डेय ने कहा विद्यार्थी परिषद मांग करती है।

# सीएम विंडो की लंबित शिकायतों पर उपायुक्त लेंगे संज्ञान

## जिला उपायुक्त के साथ लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल ने की बैठक

**जल्द निपटाए जाएंगे सीएम विंडो की शिकायत के लंबित मामले**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**लोकसभा** निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल की जिला उपायुक्त के साथ लघु सचिवालय पर एक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन भी उपस्थित रहे। बैठक में सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के निपटारे पर विस्तार से चर्चा हुई। छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के अनुसार लंबित शिकायतों की सूची जिला उपायुक्त यशपाल यादव को सौपेंगे। जिसे जिला प्रशासन देखेगा की अब-तक लंबित मामले क्यों नहीं निपटाए गए हैं।

लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल ने बताया कि सभी लंबित मामलों का जिला उपायुक्त यशपाल यादव स्वंय संज्ञान लेंगे और देखेंगे की यदि किसी समस्या का लंबे समय से निपटारा नहीं हो पाया है तो उसकी क्या वजह है। इस में किसी कर्मचारी की लापरवाही है या फिर कोई और वजह। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायत को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल बहुत ही संजीदा हैं। वो चाहते हैं की आम आदमी को अपनी शिकायतों के लिए अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। बल्कि उनकी समस्या का समाधान बिना खर्ची-पर्ची के घर बैठे ही हो जाए। जिला प्रशासन भी सीएम विंडो की शिकायत को लेकर संवेदनशील है और वो चाहता है की आम आदमी की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो। उसे किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन आरएन सिंह, मनोज वशिष्ठ, सुधीर नागर, अनिल प्रताप सिंह, ऋषि चौधरी, वजीर सिंह डागर, राजेश अरोड़ा, राकेश कुमार मौर्या, रमेश भारद्वाज, राकेश खटाना, महावीर सैनी, राकेश नर्वत मौजूद रहे।

मौके पर लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल ने जिला उपायुक्त यशपाल यादव की प्रशंसा करते हुए कहा की ये फरीदाबाद का सौभाग्य रहा है की कोरोना के शुरू होते ही उनकी यहा पर नियुक्ति हो गई और उनकी कार्यकुशलता के चलते इतनी बड़ी महामारी से लड़ने में फरीदाबाद कामयाब रहा।

# उपचुनाव में रंग लाएगी कांग्रेस की मेहनत : अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बरोदा** विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी इन्दुराज नरवाल के समर्थन में प्रचार-प्रसार करने पहुंचे कांग्रेसी नेता भारत अशोक अरोड़ा ने सर्वप्रथम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा कुमारी शैलजा से आशीर्वाद लिया और उनके के साथ प्रचार अभियान में जुट गए। भारत अशोक अरोड़ा ने कहा कि बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मेहनत रंग लाएगी और भारी मतों से कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का असल चेहरा जनता के सामने आ चुका है, अब वह चाहे किसी खिलाड़ी पर दाव लगाए या फिल्म स्टार पर, लोग उनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। कोरोना काल में भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए फैसलों ने आज देश को बहुत पीछे खड़ा कर दिया है। लोग कोरोना से कम, आर्थिक मंदी, भूख एवं बेरोजगारी से अधिक मर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी घोषित किया गया 20 लाख करोड़ का आर्थिक पैकेज केवल घोषणाओं तक ही सीमित रह गया है। देश भारी आर्थिक मंदी से गुजर रहा है।

# 876.30 लाख की परियोजनाओं के साथ चार स्कूलों का दर्जा बढ़ाया

### बिजली मंत्री रणजीत सिंह पहुंचे गुरुग्राम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**वर्तमान** हरियाणा सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर जिले को 1876.30 लाख रुपये की परियोजनाओं की सौगात मिलने के साथ चार सरकारी विद्यालयों का दर्जा बढ़ाया गया। गुरुग्राम नगर निगम से संबंधित इन तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इन तीनों परियोजनाएं मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हिसार में सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1843 करोड़ रुपये की 306 परियोजनाओं, जिनका उद्घाटन व शिलान्यास किया है।

सरकार की पहली वर्षगांठ पर यहां सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री की ओर से गुरुग्राम में बिजली मंत्री ने तीनों परियोजनाओं की आधारशिला रखी और अपग्रेड किए गए चार राजकीय स्कूलों का उद्घाटन किया। जिन तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उनमें खांडसा गांव में 1395.47 लाख रुपये की लागत से बनाए जाने वाले 45 एमएलडी क्षमता का मेन पंपिंग स्टेशन व अन्य सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य, बंधवाड़ी और बालियावास में लगभग 480.83 लाख रुपये की अनुमानत लागत से बनने वाले सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण शामिल है। इसके अलावा जिला के अपग्रेड किए गए चार विद्यालयों में राजकीय माध्यमिक विद्यालय नौरंगपुर को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनाया गया है, जबकि राजकीय उच्च विद्यालय ऊंचा मांजरा, राजकीय उच्च विद्यालय लोकरा और राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाटौली को भी अपग्रेड करके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा दिया है।



गुरुग्राम में मंगलवार को हरियाणा सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तिका का विमोचन करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह, सोहना के विधायक संजय सिंह व मेयर मधु आजाद।

सरकार की पहली वर्षगांठ पर हिसार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिससे सोनीपत जिला को छोड़कर प्रदेश के सभी 21 जिले सीधे जुड़े हुए थे। गुरुग्राम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद हरियाणा सरकार ने विकास की गति को जारी रखा। विकास कार्यों को सरकार तेजी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना से नुकसान भी हुआ लेकिन हमने संभाला भी और लोगों को बचाया भी। जनसंख्या को देखते हुए हमारे यहां कोरोना से जान का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ है। कोरोना काल में चिकित्सकों और अन्य अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभाई। उन्होंने कहा कि कोरोना के खत्म होने के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन हम सभी को बचाव के उपाय अपनाते हुए सावधानी बरतनी है।

कार्यक्रम में पटौदी विधायक सतप्रकाश जरावता, सोहना विधायक संजय सिंह, बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद, मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर परमिला कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मौजूद रहे।

# पंचायती जमीन पर कब्जाधारी दबंगों के आगे अधिकारी पस्त

**फर्रुखनगर।** प्रदेश के मुखिया भले ही जनता जनार्दन की समस्याओं के जल्द समाधान करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हों, लेकिन विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उनकी कार्यशैली को धूमिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

सीएम विंडो पर लगाई शिकायतों का समाधान तो दूर शिकायतकर्ता का मजाक उड़ाया जाता है। एक ऐसा ही मामला खंड के गांव खंडेवला में प्रकाश में आया है। गांव की पंचायती भूमि और फिरनी पर दबंगों के ही नहीं, अपितु जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि भी कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। अवैध कब्जों से सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए संतरी से लेकर मुख्यमंत्री तथा सीएम विंडो पर करीब 50 से अधिक शिकायतें ग्रामीणों द्वारा लगाई जा चुकी है।

हैरत की बात तो यह है कि एक शिकायतकर्ता हरीशचंद शर्मा खंडेवला की मृत्यु तक हो चुकी है, लेकिन न्याय अभी तक नहीं मिला है। सीएम विंडो शिकायतकर्ता धर्मवीर कौशिक पुत्र हरीराम कौशिक खंडेवला ने बताया कि उनके गांव की करीब 100 एकड़ उपजाऊ भूमि तथा दो किलोमीटर लम्बी और 33 फीट चौड़ी फिरनी पर गांव के ही दबंगों द्वारा वर्षों से कब्जा किया हुआ है। जिसके कारण गांव की फिरनी अवरुद्ध हो गई है। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं 100 एकड़ उपजाऊ कृषि योग्य भूमि पर कब्जा होने के कारण पंचायत के राजस्व को भी हानि पहुंच रही है। गांव के जनप्रतिनिधि भी कब्जा करने में पीछे नहीं है।

सरकारी भूमि और फिरनी को कब्जा मुक्त कराने के लिए दी गई शिकायतों को कर्मचारी, अधिकारी राजनीतिक दबाव में आकर दबा देते है। उन्होंने सीएम विंडो पर भी दर्जनों बार शिकायत दी। लेकिन सरकारी भूमि कब्जा मुक्त होना तो दूर की बात, शिकायत पर फर्जी हस्ताक्षर करके उसको बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कई बार आरटीआई भी लगाई, लेकिन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तहसील कार्यालय के अधिकारियों द्वारा जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचायती जमीनों को कब्जा मुक्त कराने की मुहिम चला रहे हैं, वहीं गांव खंडेवला में दबंगों के आगे अधिकारी और कर्मचारी पस्त साबित हो रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीआई पलवल में 29 अक्टूबर को लगेगा जॉब मेला

**पलवल।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के आदेश अनुसार 29 अक्टूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल में जॉब फेयर व कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जॉब फेयर व इंटरव्यू के लिए पलवल और फरीदाबाद के कई उद्योग प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। मुख्य रूप से डी डेवलपमेंट इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, पूजा फोर्ज प्राइवेट लिमिटेड, फिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, वमानी ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, वाइट पेपर फैब्रिक्स इंडिया लिमिटेड, वीनस इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, मैसर्स शिवानी लॉक्स एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, कारपेंटर, हेल्पर, ऑपरेटर आदि सहित कई पदों के लिए कैंपस प्लेसमेंट की जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल के प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया छात्रों को 100 फीसद रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभाग के आदेश अनुसार इस कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। सभी कैंडिडेट इस साक्षात्कार में भाग लेने के लिए मास्क पहनकर अवश्य आएं।

### बाइक और कार चोरी

**सोहना।** भोंडसी व सोहना सिटी थाना क्षेत्र में कार और बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने दोनों थानों में मिली शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर लिए हैं। भोंडसी की वाटिका कुंज कॉलोनी निवासी रविन्द्र ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी अल्टो कार शनिवार शाम अपने घर के बाहर खड़ी की थी। रविवार सुबह उठकर देखा तो कार घर के बाहर से गायब थी। सोहना ट्रेजरी कार्यालय में तैनात कर्मचारी अमन पुत्र निहाल सिंह ने सिटी सोहना थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी बाइक सोमवार सुबह दस बजे कार्यालय के बाहर खड़ी कर दी थी। उसने तीन बजे देखा तो उसकी बाइक गायब थी। जिसे कोई अज्ञात चोर ले गया। पुलिस चोरी हुए वाहनों की तलाश में जुट गए है।

### युवक से मारपीट कर लूटी बाइक, मुकदमा दर्ज

**नूंह।** पुन्हाना सिटी चौकी एरिया के मशीन बाजार से एक युवक के साथ मारपीट कर बाइक छीनकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नूंह सिटी चौकी प्रभारी भरतसिंह ने बताया कि ठेक निवासी आस मोहम्मद ने मुकदमा दर्ज कराया है कि वह शनिवार दोपहर गांव से पुन्हाना घर के सामान की खरीदारी करने के लिए आया था। पुन्हाना मशीन बाजार में उनके गांव के साहून, मकसूद, ताहिर, कासम, जम्मी, ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट कर उससे बाइक छीना ले गए। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ित आस मोहम्मद की शिकायत पर साहून, मकसूद, ताहिर, कासम, जम्मी, सभी निवासी ठेक सहित छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### कमेटी गठित, जल्द सुधरेंगे फर्रुखनगर थाना के दिन

**गुरुग्राम।** खंड फर्रुखनगर के जर्जर थाना भवन के जल्द ही दिन बहुरेंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन युद्ध स्तर पर काम में जुट गया है। भवन की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस उपायुक्त मुख्यालय गुरुग्राम धीरज कुमार सेतिया ने 22 अक्टूबर 2020 को चार सदस्यों की कमेटी का गठन किया। इस जांच कमेटी में सहायक पुलिस आयुक्त पटौदी को चेयरमैन, एसडीओ तथा जेई हरियाणा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन गुरुग्राम, थाना प्रभारी फर्रुखनगर को सदस्य नियुक्त किया गया है। साथ ही गठित कमेटी को आदेश दिए है कि थाना फर्रुखनगर की जर्जर इमारत का निरीक्षण करके 10 दिन के अंदर रिपोर्ट पेश करे, ताकि जल्द से जल्द नई इमारत के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जा सके। क्षेत्र के लोगों द्वारा गत दिनों विधायक राकेश दौलताबाद से थाना फर्रुखनगर के कार्यालय व रिहायशी भवन की जर्जर इमारत को तोड़कर नया भवन बनाने की मांग की थी। साथ ही सीएम विंडो पर इस बाबत पत्र भेजा गया था। सब इंस्पेक्टर देविंद्र सिंह को सौंपी गई है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम के नाम भेजे पत्र में बताया कि थाना फर्रुखनगर की इमारत काफी पुरानी और जर्जर हो गई है। जिसके कारण पुलिस कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इमारत के जर्जर होने के कारण कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। इसलिए, इस इमारत को कंडम घोषित किया जाये। पूर्व नगर पार्षद नीरू शर्मा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पुलिस विभाग ने उनके एक छोटे से आग्रह पर थाना फर्रुखनगर के ऑफिस व रिहायशी भवन को जर्जर घोषित करके तोड़कर दोबारा बनाने के लिए चार सदस्यों की कमेटी का गठन किया है। पुलिस विभाग द्वारा बनाई गई कमेटी में पुलिस अधिकारियों के अलावा दो स्थानीय ग्रामीणों अथवा शहरवासियों में सदस्य शामिल करने चाहिए थे।

### प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज के रसायन विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन आलेख लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ अंजू ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 10 राज्यों से महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा के सफल मार्गदर्शन में हुई। आलेख लेखन में भोपाल मध्य प्रदेश की छात्रा तन्वी मीना प्रथम स्थान पर, डीएवी सैंटनरी कॉलेज फरीदाबाद की रचना द्वितीय, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अंबाला के यश बिंदल और जेसी बोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय की जया तृतीय स्थान पर रहे। केएल मेहता दयानंद फरीदाबाद की छात्रा नेहा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया। स्लोगन लेखन में एमकेपी पीजी कॉलेज देहरादून की साक्षी खनेजा प्रथम स्थान पर, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की छात्रा कोमल यादव एवं जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल की छात्रा एकता द्वितीय स्थान पर, सोनिया तंवर, राजकीय महाविद्यालय बल्लभगढ़ एवं जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की छात्रा दीपशिखा बाजरा तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कार आंचल गुप्ता डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद, राजकीय महाविद्यालय मोहना की निधि को दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीके सपरा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। तथा रसायन शास्त्र के सभी प्राध्यापकों डॉ अंजू, डॉ रुचि शर्मा, डॉ रमन सैनी तथा डॉ वनिता सपरा को बधाई दी।

# डिंगरहेड़ी कांड के आरोपी युवक की तलाश में तावडू पहुंची सीबीआई

**तावडू।** नूंह जिले का बहुचर्चित डिंगरहेड़ी प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में आया है। इस प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपित की तलाश में सीबीआई की टीम ने मंगलवार को उनके ठिकाने पर फिर दबिश दी, लेकिन आरोपित नहीं मिला और सीबीआई टीम बैरंग लौट गई। सीबीआई ने 11 युवकों को आरोपित बनाया है जिनमें से 10 की गिरफ्तारी हो चुकी है और एक आरोपित फरार है।

बहुचर्चित डिंगरहेडी कांड में सीबीआई अब तक गांव मोहम्मदपुर अहीर के 5, गांव गोयला नंदू की ढाणी व गांव बाघनकी के एक-एक व एक्सल गैंग के चार सहित 11 युवकों को आरोपित बना चुकी है। जिनमें से 10 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गांव मोहम्मदपुर अहीर का अमरजीत नाम का आरोपित अभी गिरफ्त से बाहर है। मामले में मामले में शुरुआती जांच में स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपित बनाए गए 4 आरोपितों अमरजीत, कर्मजीत, संदीप और राहुल को हाई कोर्ट द्वारा 27 अप्रैल 2018 को अंतरिम जमानत दी थी। करीब 1 वर्ष बाद पीड़ित परिवार की अपील पर हाईकोर्ट द्वारा आरोपितों की जमानत याचिका को रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद आरोपितों को नोटिस जारी कर अदालत में पेश होने को कहा गया।

# विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारा कर्तव्य : मनजीत ठाकुर

### 6वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दिए मास्क

### सर्व हितकारी इंटर कालेज में मास्क वितरण कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**भारतीय** जनता पार्टी के जेवर विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता मनजीत ठाकुर की ओर से सर्व हितकारी इंटर कालेज दयानतपुर में विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरित किए। यूपी में सरकार द्वारा स्कूल खोले जाने के आदेश के बाद उन्होंने मास्क वितरण का कार्यक्रम शुरू किया।



नोएडा के जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर स्थित सर्व हितकारी इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को मास्क वितरित करते युवा भाजपा नेता मनजीत ठाकुर और अन्य।

यहां सर्व हितकारी इंटर कालेज में 6वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मनजीत ठाकुर की ओर से मास्क वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने सेहत के प्रति जागरूक रहना होगा, तभी हम कोरोना से बचे रह सकते हैं। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। सर्दी में इसके बढ़ने के भी चांस हैं। इसलिए हम किसी भी तरह से लापरवाही न करें। बच्चों के भविष्य के मद्देनजर हम सबकी यह जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि हम उनकी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रखें। मनजीत ठाकुर ने कहा कि जिले के और भी कॉलेजों में मास्क व सेनिटाइजर वितरित किए जाएंगे।

कॉलेज के प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी ने इस कार्य के लिए मनजीत ठाकुर का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए कालेज में आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। स्वच्छता के प्रति यहां पूरी सावधानी बरती जा रही है। साथ ही पर्यावरण बचाने को पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में ठाकुर किशोर सिंह, समाजसेवी ठाकुर करनेश सिंह, भाजपा नेता सुरेश चंद शर्मा, भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, विनोद चौहान, यतीश ठाकुर समेत स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### नागरिक अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन पांच माह बाद फिर शुरू

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में करीब 5 माह के बाद सिजेरियन ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। बीते दो दिन में किए गए तीन ऑपरेशन में सफलता मिली गई है। वहीं दो नवंबर तक गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन कराने की अलग-अलग तिथियां दी गई हैं।

कोविड-19 के कारण नागरिक अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन बंद कर दिये गये थे। यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं की साधारण डिलेवरी कराई जा रही थी। सिजेरियन डिलेवरी के लिए महिलाओं को गुरुग्राम रेफर किया जा रहा था। करीब पांच माह बाद ऑपरेशन थियेटर को एक बार फिर चालू किया है। डॉ. सुनीता ने बताया कि उनके पास दो नवंबर तक ऑपरेशन से होने वाले बच्चों की गर्भवती महिलाएं आ चुकी हैं। जिन्हें अलग-अलग तिथि में समय दे दिया गया है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि गर्भवती महिला को अब ऑपरेशन की हालत में रेफर नहीं किया जाएगा।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : जगदीश भट्ठी

### अखिल भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की हुई बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। कलानौर**

**अखिल** भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की महत्वपूर्ण बैठक खंड के गांव सुंडाना में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी ने की। बैठक में पवन कुमार को हल्का कलानौर का अध्यक्ष चुना गया।



अखिल भारतवर्षीय जोगी नाथ समाज संस्था की बैठक में मौजूद लोग।

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संस्था दिन-रात प्रयासरत है। समाज के हर व्यक्ति को संस्था के साथ जुड़कर काम करना चाहिए, ताकि समाज में लोगों की समस्याओं का भी हल हो और सुविधाएं भी मिल सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान शिक्षा के माध्यम से ही हो सकता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। खास बेटियों को। बैठक का संचालन जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार योगी ने किया। मौके पर मुख्य समाजसेवी डा. रामफल भट्ठी, पवन कुमार भट्ठी, ईश्वर सिंह मौजूद रहे। इन्होंने कहा कि समाज के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। समाज के उत्थान का काम करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार योगी ने कहा कि बेटियों को अच्छी शिक्षा देकर हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि बेटियों से दो घर शिक्षित होते हैं। आज सिर्फ बेटियां बचाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर समाज में प्रमुख स्थान बनाने के लिए प्रयास करना होगा। बैठक में सतबीर भट्ठी, महावीर सिंह, राजबीर सिंह फौजी, ओमप्रकाश, सुरेश, राठी, राजकपूर, फूलकुंवार, रविंद्र कुमार, कर्मवीर गुजरान, बिजेंद्र, बलबीर सिंह, अमित राठी, सुरेश भट्ठी और जोगेंद्र आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण फैलाने पर तीन के चालान 25-25 हजार का लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### नगर निगम की टीमों ने निगरानी के दौरान धूल उड़ाने संबंधी गतिविधियां करने वालों पर लगाया 75 हजार का जुर्माना

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान के पालन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 3 उल्लंघनकर्ताओं पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने क्षेत्र में निगरानी के दौरान पाया कि सीएंडडी गतिविधियां करते समय धूल उड़ाने संबंधी अवहेलना तीन उल्लंघनकर्ताओं द्वारा की जा रही है।

टीमों ने तीनों उल्लंघनकर्ताओं पर 25-25 हजार रुपये अर्थात कुल 75 हजार रुपये का जुर्माना किया तथा आगाह किया कि वे प्रदूषण बढ़ाने संबंधी गतिविधियां न करें अन्यथा उनके खिलाफ विभिन्न नियमों के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। नगर निगम द्वारा ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान के पालन में सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए नियुक्त 35 टैंकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीटिड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। इसके अलावा सफाई के लिए 10 मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त जसप्रीत कौर के अनुसार नगर निगम ग्रेडिड रेस्पांस प्लान का पालन सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है।

ग्रैप की उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन्हें रोकने के लिए निगम की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं। नागरिकों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि वे अपने क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों को ऐसा करने से रोकें और उनके बारे में नगर निगम को सूचित करें।

# अब आप अपने स्थानीय बचत खाते से बिटकाइन खरीद सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**यूनाइटेड** मल्टी स्टेट क्रेडिड को-ऑपरेटिव सोसायटी के नए, मौजूदा सदस्य अपना बचत खाता खोल कर उसका उपयोग क्रिप्टोकरेंसीज खरीदने के लिए कर सकेंगे। यूनाइटेड, मल्टी स्टेट क्रेडिट जिसकी पूरे उत्तर भारत में 34 शाखाएं भारत में है, ने लंदन के प्रतिष्ठित नियो बैंक कासा के साथ भागीदारी की है जिसके कारण वह उस बैंक की प्रणाली के अनुरूप क्रिप्टोकरेंसी का एक हिस्सा बन सकेंगे।

यूनाइटेड मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुकरेजा ने कहा यह हमें भारतीय बाजारों के लिए अनुकूलित वित्तीय और क्रिप्टो उत्पादों के निर्माण, पैमाने और प्रस्ताव की अनुमति देगा। श्री कुकरेजा को नए यूनिकास प्रोग्राम का सीईओ भी नियुक्त किया गया है।

### यूनाइटेड मल्टी स्टेट क्रेडिड को-ऑपरेटिव सोसायटी को मिली कासा पावर

सोसायटी की इन शाखाएं अब एक क्रिप्टो लांज के रूप में भी काम करेगी। बचत खाता धारक यहां से बिटकाइन (बीटीसी), कासा (सीएएस), इंटरियम (ईटीएच) और रिप्पल (एक्सआरपी) का लेनदेन कर सकेगा। यहां यूजर्स क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग को लेटरल लोन, जैसा कि बैंकों द्वारा पारम्परिक ऋण दिया जाता है ले सकेंगे। इसके अलावा यह लांज एक ऐसे सेंटर के रूप में कार्य करेंगे जहां कोई भी उभरती टेक्नोलॉजी जैसे क्रिप्टोकरेंसी और उसके निवेश के के बारे में जानकारी ले सकेंगे। इस अवसर पर कासा के संस्थापक एवं सीईओ कुमार गौरव ने कहा कि अधिकांश भारतीय या तो जागरूक नहीं है या फिर उन्हें ऑनलाइन उत्पाद होने की वजह से क्रिप्टोकेरेंसी के बारे में भ्रामक जानकारी है यही कारण रहा है कि वो जिसे देख पाते हैं या सरकार द्वारा मान्य एवं अनुमोदित मुद्रा पर ही विश्वास करते हैं। इसके साथ ही भारत अभी भी विमुद्रीकरण के बावजूद अधिकांश में नकद आधारित अर्थव्यवस्था है। यूनिकेस क्रिप्टो लांज इन दोनों मसलों का जवाब है, जिस कारण भारत में क्रिप्टोकरेंसी को अपनाने की आदत धीमी रही है।

इस कदम के साथ ही यूनाइटेड मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव की योजना अपने परिचालन क्षेत्र को यूनिकास के माध्यम से पूरे भारत में दिसम्बर 2021 तक विस्तारित करने की है। 175 कर्मचारियों के अपने चरम पर, सहकारी योजनाएं टियर 2 शहरों और कस्बों में भारतीय अर्थव्यवस्था को गति दी है।

# सोहना मंडी में धान की सरकारी खरीद न होने से किसान मायूस

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**किसान** सोहना अनाज मंडी में भी धान की सरकारी खरीद किए जाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय मंडी में धान की सरकारी खरीद न होने से किसान अपनी फसल औने-पौने दाम में बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

सोहना से लगती पलवल, नूंह, गुरुग्राम, पटौदी आदि की अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद हो रही है। इस बार धान की 1509 किस्म के धान का सरकारी मूल्य किसान ने 1888 रुपये तय किया है। सोहना अनाज मंडी में भी सबसे ज्यादा अब तक जो आवक हुई है। वह 1509 किस्म के धान की 1483 क्विंटल आवक हुई है। इस बार क्षेत्र किसानों ने करीब पांच हजार एकड़ जमीन में धान की बिजाई थी।

**क्या कहना है किसानों का :** धान की फसल औने-पौने भाव में बेचने के लिए मजबूर किसान तेजराम का कहना है कि स्थानीय मंडी छोड़कर



सोहना अनाज मंडी में धान बेचने के लिए लेकर आए किसान ट्रॉली से खाली करते हुए।

किसान अन्य स्थान पर नहीं जा सकता। क्योंकि उनका व्यापार स्थानीय मंडी में बैठे आढ़तियों से ही चलता है। अन्य मंडियों में धान लेकर जाना बहुत ही नुकसानदेह होता है। किसान जगदीश का कहना है कि सोहना मंडी में किसान सरकार द्वारा निर्धारित कीमत से 250 से 300 रुपये तक कम खरीदा जा रहा है। जिसकी खरीद आढ़ती ही करते हैं। किसान को एक क्विंटल धान पर लगभग 300 रुपये का नुकसान हो रहा है। सरकारी बोनस मिलाकर किसान को एक क्विंटल पर करीब 400 रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# खरीदारों व विक्रेताओं से एक प्रतिशत से अधिक कमीशन वसूलने पर प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** में रियल एस्टेट के खरीदारों के हित में पहली बार ब्रोकर्स की नापाक हरकतें जांच के दायरे में हैं। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सकती है। हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम के अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल और सदस्य एससी कुश ने इस मामले में संज्ञान लिया है कि प्रॉपर्टी डीलर्स संपत्ति विक्रेताओं के साथ-साथ खरीदारों से मनमाना कमीशन वसूल रहे हैं।

रियल एस्टेट की पंजीकृत परियोजनाओं के लिए हरेरा ने हरियाणा प्रापर्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक अधिनियम, 2008 के तहत बनाए गए हरियाणा प्रॉपर्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक नियम, 2009 में निर्धारित से अधिक कमीशन नहीं लेने पर सभी प्रमोटरों और ब्रोकर्स

### ब्रोकर्स के लिए आचार संहिता तैयार

### लगभग दो दर्जन बिल्डरों और ब्रोकर्स के खातों का फोरेंसिक ऑडिट

को प्रतिबंध आदेश जारी करने का निर्णय लिया है। उक्त नियमों के नियम 10 में संपत्ति के विक्रेता एवं खरीददार द्वारा भुगतान के लिए सहमत मूल्य पर एक प्रतिशत कमीशन का प्रावधान है। यानी वैध रसीद के तहत डीलर के रजिस्टर में दर्ज उनके समझौते के अनुसार सौदे के अंतिम रूप पर उनमें से प्रत्येक को आधा-आधा प्रतिशत का भुगतान करना होता है।

प्रॉपर्टी डीलर प्रोमर्ट्स के साथ सांठ-गांठ करके गलत व्यवहार कर रहे हैं। विक्रेताओं और खरीदारों दोनों से निर्धारित कमीशन से अधिक मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। यह पता चला है कि संपत्ति के मूल्य का 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक कमीशन एजेंट द्वारा वसूला जा रहा है और इस अतिरिक्त कमीशन का बोझ अंततः आवंटी द्वारा सांझा किया जाता है।

हरियाणा प्रापर्टी डीलर्स एवं कंसल्टेंट्स विनियामक अधिनियम, 2008 के तहत संबंधित उपायुक्त द्वारा प्रॉपर्टी डीलर को लाइसेंस दिए जाते हैं। पंजीकृत परियोजना की रियल एस्टेट डील के लिए बातचीत करने के लिए प्रॉपर्टी डीलर का पंजीकरण रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 9 के तहत हरेरा द्वारा किया जाता है और पंजीकरण तब इस शर्त के अधीन होता है कि रियल एस्टेट एजेंट उस समय लागू होने वाले किसी अन्य कानून के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करेगा।

# कुरुक्षेत्र को मिली 67.69 करोड़ रुपये की सौगात

## सीएम, सांसद विधायक और शुगरफैड चेयरमैन ने किया जिले में छह परियोजनाओं का उद्घाटन





परियोजनाओं का उद्घाटन करते सांसद नायब सिंह सैनी, चेयरमैन रामकरण, विधायक सुभाष सुधा व अन्य। पुस्तिका का विमोचन करते सांसद नायब सिंह सैनी, चेयरमैन रामकरण, विधायक सुभाष सुधा व डीसी शरणदीप कौर बराड़।

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने सरकार के दूसरे कार्यकाल के द्वितीय वर्ष के पहले दिन ही कुरुक्षेत्र के लोगों को 67.69 करोड़ रुपये की छह परियोजनाओं की सौगात देने का काम किया है। इसमें पांच परियोजनाओं का उद्घाटन कर एक परियोजना का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का लोकार्पण करने से कुरुक्षेत्र के लाखों लोगों को फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को हिसार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और कुरुक्षेत्र में सर्किट हाउस में सांसद नायब सिंह सैनी, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, शुगर फैड के चेयरमैन एवं शाहाबाद विधायक रामकरण काला, उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने 3932.44 लाख रुपये से निर्मित एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र के 100 बैड के नए भवन, गांव भेरियां में 470.13 लाख की लागत से निर्मित राजकीय स्कूल के भवन, गांव बाबैन में 950.62 लाख की लागत से पीएचसी से सीएचसी में अपग्रेड कर नए भवन, 220.21 लाख की लागत से बनी पिहोवा-पटियाला रोड, 173.03 लाख की लागत से बनी इसका से स्योंसर सड़क का उद्घाटन किया। इसके अलावा 1024.57 लाख की रुपये की लागत से बीबीपुर-डकाला रोड पर शाहबाद मारकंडा नदी पर बनने वाले एचएल पुल का शिलान्यास किया।

शुगर फैड के चेयरमैन एवं शाहाबाद के विधायक रामकरण ने सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार का एक वर्ष बेमिसाल रहा और सफलता पूर्वक को इस वर्ष को पूरा किया और आगे भी दृढ़ता के साथ सरकार चलती रहेगी। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कुरुक्षेत्र के लोगों को 6 प्रोजेक्टस की सौगात दी है। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, चेयरमैन एवं विधायक रामकरण को शॉल भेंट की। नगराधीश प्रीतपाल सिंह ने जिप चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला को शॉल भेंट की। मौके पर एसडीएम अखिल पिलानी, सीईओ जिला परिषद अश्विनी मलिक, सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह, एक्सईन अमित मनोचा, अमित मलिक, डीईओ अरुण आश्री, डीआईओ विनोद सिंगला, भाजपा नेता धर्मबीर डागर, भाजपा महामंत्री सुशील राणा, डॉ. शंकुतला शर्मा, रामकुमार रम्बा, सोहन लाल रामगढ़, ब्लाक समिति चेयरमैन देवी दयाल शर्मा, सुरेश सैनी, केडीबी सदस्य सौरव चौधरी, सुरेन्द्र माजरी, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आगामी दिनों में एक और बड़ी सौगात मिलेगी : सांसद

**इस** दौरान सांसद, विधायक और उपायुक्त ने जन सम्पर्क विभाग की समृद्ध हरियाणा-सुशासन से जन सेवा का एक ओर वर्ष पुस्तिका का विमोचन भी किया। सांसद नायब सिंह ने प्रदेश वासियों को हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूरा होने और उपलब्धियों भरा वर्ष रहने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा और जजपा गठबंधन सरकार के एक साल पूरा होने और दूसरे साल के पहले दिन ही कुरुक्षेत्र के लोगों को 67.69 करोड़ रुपये की सौगात देने का काम किया है। आने वाले कुछ समय में कुरुक्षेत्र के लोगों को आउटर रिंग रोड के रूप में एक और बड़ी सौगात मिलेगी। आउटर रिंग रोड के लिए जगह की पैमाइश की जा चुकी है और आगामी कार्रवाई को भी तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। विधायक सुभाष सुधा ने सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर शुभकामनाएं देते हुए और थानेसर हल्के को विकास के शिखर पर ले जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया।

# कैथल 169.16 करोड़ की योजनाओं परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



कैथल में योजनाओं का शिलान्यास करते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा व मौके पर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति।

**कैथल।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में दूसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष में प्रदेश सरकार ने पहले की भांति हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया है और हर वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

सरकार हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प होकर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। सरकार ने छह वर्षों में विकास की नई इबारत लिखने का कार्य किया है। ढांडा सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। मौके पर राज्यमंत्री ने 169 करोड़ 16 लाख 7 हजार रुपये की विभिन्न 23 योजनाओं व परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। राज्यमंत्री ने दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर समृद्ध हरियाणा सुशासन से जन सेवा का एक और वर्ष पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, उपायुक्त सुजान सिंह, एसपी शशांक सावन, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक तेजबीर सिंह, पूर्व चेयरमैन अरूण सर्राफ, तुषार ढांडा भी मौजूद रहे।

### भिवानी को मिली 119.50 करोड़ की 19 परियोजनाओं की सौगात

**भिवानी।** प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर जिलावासियों को 119 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात मिली है। लघु सचिवालय परिसर स्थित सरल केंद्र के सामने प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

भिवानी से विधायक घनश्यामदास सर्राफ और बवानीखेड़ा से विधायक बिशंभर वाल्मीकि मुख्य रूप से शामिल हुए और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उद्घाट्न और शिलान्यास पटलों का अनावरण किया। प्रॉजेक्टर के माध्यम से हिसार में आयोजित हुए कार्यक्रम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### फाटक खुलने का नहीं करना पड़ेगा इंतजार, ओवरब्रिज की सौगात

**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ की मेहनत ने रंग ला ही दिया। विधायक सर्राफ की प्रस्तावित योजना पर मोहर लगाते हुए मंगलवार को कृष्णा कॉलोनी से लाइन पार कॉलोनी के लोगों के आवागमन के लिए आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) का सीएम मनोहर लाल ने शिलान्यास कर दिया। इलाके में ओवरब्रीज बनने के बाद शहर व लाइन पार रहने वाले करीब पचास हजार लोगों को फायदा होगा। चूंकि लाइन पर बसने वाली बाहरी कॉलोनी, अनाजमंडी, शहर में आने और गांवों को लोग इसी रास्ते जाते हैं। अब उन्हें रेलवे लाइन पार करने के लिए रेलवे फाटक खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब इस ओवरब्रिज का कार्य शीघ्र शुरू होगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस रोड पर ओवरब्रीज बनने के बाद शहर व लाइन पार रहने वाले करीब 50 हजार लोगों के आवागमन का रास्ता सुगम होगा। चूंकि अब उनको लाइनों को पार करके ही शहर में आना पड़ता है। कई बार इंजनों की सेंटिंग की वजह से फाटक को बंद कर दिया जाता है। कई बार एक-एक घंटे तक रेलवे फाटक बंद रहती है। जिसकी वजह से लोग वहीं पर खड़े रहते है और उनका अपने दैनिक कार्य निपटाने में देरी हो जाती है। इसी तरह इस मार्ग पर करीब तीन-चार गांव पड़ते है।

### नौंवी कक्षा की छात्रा की सुनिश्चित कराएं पढ़ाई : हाईकोर्ट

**भिवानी।** शहर के एक निजी स्कूल में नौंवी कक्षा की छात्रा को नियम 134ए के तहत ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कराए जाने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मौलिक शिक्षा निदेशक को छात्रा की नियम 134ए के तहत पढ़ाई सुनिश्चित कराए जाने के आदेश दिए हैं। दरअसल शहर के पड़ाव मोहल्ला निवासी विजय कुमार ने अपनी बेटी की नौंवी कक्षा में इस स्कूल द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कराए जाने की 10 जून को शिकायत सीएम विंडों व शिक्षा विभाग को दी थी। 25 जून को विजय कुमार ने अधिवक्ता अभिनव अग्रवाल के माध्यम से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में निजी स्कूल के खिलाफ बेटी की पढ़ाई नहीं कराए जाने पर केस दायर किया था। उच्च न्यायालय ने पहले ही दिन निजी स्कूल को छात्रा की पढ़ाई व अन्य सुविधाएं जारी रखने के आदेश दिए थे। निजी स्कूल ने छात्रा की लॉकडाउन के दौरान आनलाइन पढ़ाई नहीं कराई और स्कूल व्हाटसअप ग्रुप से भी छात्रा को रिमूव कर दिया गया। हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मौलिक शिक्षा निदेशक को दो नवंबर सुबह दोनों पक्षों को बुलाकर छात्रा की पढ़ाई सुनिश्चित कराए जाने के आदेश दिए, निदेशक द्वारा तैयार रिपोर्ट भी 10 नवंबर की सुनवाई को न्यायालय में तलब की है।

### तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : अनिल



**भिवानी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को जम्मू-कश्मीर में न फहराने की बात कह कर देश तोड़ने का काम किया है। हम तिरंगे का अपमान सहन नहीं करेंगे। यह बात हिन्दुस्तान जनकल्याण ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कौशिक हलवासिया ने यहां नेहरू पार्क में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान शहीद स्मारक पर शहीदों व मां भारती को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अनिल कौशिक ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि महबूबा मुफ्ती और पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला के खिलाफ देश द्रोह का मुकदमा दर्ज करके उन्हें देश निकाला दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर महबूबा मुफ्ती व फारुख अब्दुल्ला अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं तो वे ऑर्गेनाइजेशन के माध्यम से उनके खिलाफ पूरे देश में जन आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के लोग धर्म के नाम पर देश को बांटने का काम कर रहे जिससे अमन-शांति भंग होती है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद पूरा देश एक है तो पूरे देश में केवल राष्ट्रीय ध्वज ही फहराया जाए।

### खेल मंत्रालय ने कुविवि को दिया 10 करोड़ का अनुदान



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के होनहार हॉकी खिलाड़ियों को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस विश्व स्तरीय सिंथेटिक मैदान मिलेगा। यही नहीं, कुविवि में बहुउद्देशीय इंडोर स्पोर्टस हॉल का निर्माण भी होगा। इसके लिए खेल मंत्रालय ने कुरुक्षेत्र विवि को खेलो इंडिया स्कीम के तहत 10 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की है। इससे कुरुक्षेत्र विवि में हाकी खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय हाकी मैदान का निर्माण के साथ-साथ बहुउद्देशीय इंडोर स्पोर्टस हॉल बनाया जाएगा। विश्व स्तरीय सिंथेटिक हाकी खेल मैदान पर 5.50 करोड़ और बहुउद्देशीय इंडोर स्पोर्टस हॉल पर 4.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी पुष्टि करते हुए कुरुक्षेत्र विवि की कुलपति डॉ. नीता खन्ना ने खेल विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व खिलाड़ियों को इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी। कुलपति ने कहा कि खेल के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विवि का अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अपना एक विशेष स्थान है। काबिलेजिक्र है कि देश भर में कुविवि खेलों में शीर्ष स्थान पाने के लिए शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल है।


### लव जिहाद के विरोध में विहिप ने पुतला फूंका

**भिवानी।** विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल द्वारा बल्लभगढ़ में कॉलेज की छात्रा नीतिका तोमर की निर्मम हत्या के विरोध में स्थानीय हांसी गेट पर लव जिहाद के विरोध में इस्लामिक जिहाद का पुतला फूंक कर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रदीप बंसल ने बताया कि हरियाणा प्रांत में लगातार बढ़ रहे लव जिहाद एवं धर्म परिवर्तन के मामलों से सामाजिक संतुलन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में परिवर्तन आ रहा है। लव जिहाद की घटनाएं बल्लभगढ़, जींद, चरखी-दादरी, गुरुग्राम और हरियाणा के अन्य प्रांतों में भी लगातार बढ़ रही है। इस बाबत में राज्य सरकार को अवगत कराना और स्थानीय प्रशासन के द्वारा सहयोग की अपेक्षा है।

### पानीपत में एक नवंबर को होगा वैश्य समाज का सम्मेलन : सिंगला

**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान संजय सिंगला, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन युवा अध्यक्ष अनिल गुप्ता, दि महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति अध्यक्ष टीकाराम मित्तल ने संयुक्त जारी बयान में कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज का राज्यस्तरीय प्रतिनिधी सम्मेलन पानीपत के आर्य कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक नवंबर को होंगा। सम्मेलन में मुख्यअतिथि अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग होंगे।

# समाज के प्रति समर्पित रहे डॉ. मंगलसेन : जैन



डा. मंगलसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करती पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व राजीव जैन।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**महान** विचारक एवं राष्ट्रवादी सोच के भूतपूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ मंगल सेन के जन्मदिन पर सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन सहित पदाधिकारियों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए शिरकत की।

सेक्टर 15 स्थित अपने कैंप कार्यालय परिसर में भूतपूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ मंगलसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि दिखावा रूप में दुनिया में लोग आगे बढ़ते हैं, लेकिन यदि हम खुद के अंदर से दिखावे को उखाड़ कर जनता की आवाज बनने की कोशिश करेंगे तो समाज और राष्ट्र के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि डॉ मंगल सेन का जीवन आंतरिक एवं बाहरी तौर पर राष्ट्र, समाज को समर्पित था। उनकी दूरगामी विचारधारा पर चलते हुए प्रदेश में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार है।

आज उनकी बदौलत हमें जनसेवा करने तथा समाज के अंतिम छोर पर अंतिम पंक्ति में मौजूद व्यक्ति को सामाजिक और आर्थिक स्तर पर उठाने का अवसर मिला है, जिसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। राजीव जैन ने भी संगठन कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह समाज को एकजुटता के सूत्र में पिरोते हुए जनसेवा करें तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ उपयुक्त व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि हम एक इकाई के तौर पर पार्टी को मजबूत करें, ताकि डॉ मंगलसेन की विचारधारा पर मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

### जिले का हर व्यापारी करेगा पीड़ित व्यापारी की मदद : सिंगला

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल ने आगजनी पीड़ित व्यापारियों को हर संभव मदद करने के उद्देश्य को लेकर मंगलवार से एक मुहिम शुरू की। पिछले सप्ताह आईटीआई चौक पर एक कंफेक्शनरी की दुकान में हुई आगजनी से हुए नुकसान का ब्यौरा लेने के लिए जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला, संयोजक संजय वर्मा, पवन तनेजा, हिमांशु कुकड़ेजा पहुंचे।

पीड़ित अशोक बत्रा ने बताया कि उसके फ्रीज भी जलकर राख हो गए। त्योहारों का सीजन होने के कारण नमकीन, काजू, पिस्ता, आइस्क्रीम, चॉकलेट, सॉस, चिप्स आदि कंफेक्शनरी का सामान काफी मात्रा में भरा हुआ था। प्रधान संजय सिंगला ने पीड़ित दुकानदार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जिस व्यापारी का आगजनी से नुकसान होगा उसकी भरपाई की अपील जिला व्यापार मंडल द्वारा की जाएगी। संजय सिंगला ने कहा कि दुकानदार जीएसटी नंबर जरूर लें, चाहे उनकी मासिक रिटर्न जीरो ही क्यों न हो। संयोजक संजय वर्मा और प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि यह मुहिम समाजवाद के प्रतीक महाराजा अग्रसेन की एक रुपया एक ईंट नीति के तहत चलाई गई है।

# जीवीएम की रूपांशी बनी एमए अंग्रेजी के तीसरे सैमेस्टर में यूनिवर्सिटी टॉपर

### रूपांशी ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ दर्ज की उत्कृष्ट उपलब्धि



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा रूपांशी ने एमए अंग्रेजी के तीसरे सैमेस्टर में 600 में से 444 (74 प्रतिशत) अंक अर्जित कर यूनिवर्सिटी की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इनके साथ ही कॉलेज की आठ छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की टॉप-50 सूची में जगह बनाई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्य डॉ. ज्योति जुनेजा ने टॉप-50 में शामिल सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की है।

जीवीएम के एमए अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष सुनीता भारद्वाज ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने एमए अंग्रेजी के तीसरे और पहले सैमेस्टर के परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जीवीएम की छात्राओं ने दोनों सैमेस्टरों में बेहतरीन परिणाम दिए हैं। कॉलेज की छात्रा रूपांशी विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रही है। एमए अंग्रेजी के तीसरे सैमेस्टर में जीवीएम की छात्रा दीप्ति ने विवि स्तर पर चौथा स्थान, विनीता ने नौवां, कविता ने 17वां, वंदना ने 20वां, सीमा ने 23वां तथा सृष्टि व मीनू ने संयुक्त रूप से 32वां और पूजा ने 43वां स्थान हासिल किया है। एमए अंग्रेजी के पहले सैमेस्टर में जीवीएम की छात्रा अन्नू ने विश्वविद्यालय में 24वां स्थान, आरती ने 33वां, गीतिका ने 36वां तथा इंद्रप्रिया व पूजा ने संयुक्त रूप से 40वां और मीनू ने 44वां स्थान प्राप्त किया है। मौके पर विभागाध्यक्ष सुनीता भारद्वाज सहित प्राध्यापिका ज्योति राणा व हर्षदीप कौर और नेहा कथूरिया ने भी विवि की टॉप-50 सूची में स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को बधाई दी है।

### स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहर ले पुलिस कर्मचारी : डॉ. खामरा


**कुरुक्षेत्र।** पुलिस कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सैलेन्द्र खामरा ने कोमनीकेबल, नॉन कोमिनिकेबल डिसीजीज व कोविड-19 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कोविड-19 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि इससे लड़ने के लिए सावधान रहने की जरूरत है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए जरूरी है मास्क लगाना, हाथ धोना व समाजिक दूरी बनाए रखना है।

स्वास्थ्य विभाग के पास पीपीई किट होने के बावजूद 600 डॉक्टर और 5 हजार से अधिक पैरा मेडिकल स्टाफ सदस्यों को कोरोना से लड़ते हुए अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना से लडने् के लिए मात्र सावधानी ही है। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अपनी जीवन शैली में परिवर्तन करने की जरूरत है। पुलिस कर्मियों को अपने खान-पान पर भी उचित ध्यान देना चाहिए व नियमित व्यायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


**जुबाँ से कब तलक ये विष झरेंगे सोचना होगा**
**कहाँ तक इनकी करनी हम भरेंगे सोचना होगा**
**जुबाँ पर जो नियंत्रण रख नहीं सकते, वही नेता**
**नियंत्रण सत्ता पर कैसे करेंगे सोचना होगा**

### परिवहन विभाग में अनलॉक शुरू, सभी कर्मचारी आएंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने एक आदेश जारी करके परिवहन विभाग के सभी कर्मचारियों को डयूटी पर उपस्थित होने के निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में मार्च माह से बसों का संचालन बंद कर दिया गया था।

परिवहन विभाग में कोरोना को देखते हुए 50 प्रतिशत कर्मचारियों को ही रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर बुलाया जा रहा था। प्रदेश सरकार ने एक अक्टूबर से राज्य में फिर से बसों का संचालन शुरू कर दिया है। अब धीरे-धीरे बसों में पहले की तरह यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके अलावा परिवहन विभाग ने कई जिलों में पब्लिक डीलिंग भी शुरू कर दी है। जिसके चलते परिवहन विभाग के निदेशक ने पूर्व समय के दौरान जारी आदेशों को वापस लेते हुए विभाग के सभी कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यह निर्देश बुधवार से लागू होंगे।

# पंजाब की तर्ज पर कृषि विधेयकों में बदलाव करे हरियाणा सरकार : मधुसूदन

### हरियाणा सरकार भी एमएसपी की गारंटी देने वाला बिल विधानसभा में लेकर आए ताकि किसानों के हित सुरक्षित हो



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि पंजाब सरकार की तर्ज पर कृषि कानूनों में हरियाणा भी सरकार बदलाव करें। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल को एमएसपी से कम खरीदने पर सजा का प्रावधान करके पंजाब सरकार ने सराहनीय प्रयास किया है। हरियाणा सरकार को भी इससे सीख लेते हुए ऐसा कानून अवश्य लाना चाहिए।

जो किसानों को उनकी फसल की एमएसपी की गारंटी दे सके। बवेजा ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी एमएसपी की गारंटी देने वाला बिल विधानसभा में लेकर आए ताकि किसानों के हित सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा ही किसान, मजदूर, गरीब, दलित हितैषी रही है और पंजाब की कैप्टन सरकार ने यह तीनों कानून लाकर किसानों व मजदूरों के हितैषी होने का प्रमाण दे दिया है। बवेजा ने कहाकि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के प्रयासों से बरोदा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पार्टी की स्थिति मजबूत हुई है और इन चुनावों में किसान व मजदूर वोट की चोट से भाजपा सरकार से बदला लेंगे।

बवेजा ने कहाकि उपचुनाव में पार्टी नेताओं के प्रयासों और कार्यकर्ताओं की मेहनती से कांग्रेस प्रत्याशी इंदुराज नरवाल की स्थिति काफी मजबूत हुई है और उनकी जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों का असर दिखाई देने लगा है। जिस टमाटर, प्याज और आलू का किसानों को डेढ़ रुपये का भाव भी नहीं मिल पाता, वो अब 80 से 100 रुपये किलो के भाव पर बिक रहे हैं।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

हम, ज्ञान चन्द पुत्र भूप सिंह, शकुन्तला देवी पत्नी ज्ञान चन्द निवासी हुड्डा सैक्टर 2, जिला पलवल ने अपने पुत्र योगेश कुमार जो हमारे कहने से बाहर है को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने किसी लेनदेन व लड़ाई झगड़े के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Karishma D/o Pramod Verma R/o 149, Ward No. 4, Khatri Wara, Old Faridabad, Faridabad have changed my name to Karishma Verma.

◆ खोया-पाया ◆

I, Rekha Tongar W/o Om Pal Tongar R/o H.No. 1045, Sec-9, Faridabad have lost my property document NOC/PTM/TPA of Plot No. W5, Block-W BPTP Parkland, Sec-76, Faridabad, issued by BPTP Faridabad. 9899212871


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## भारत में पोम्पियो व एस्पर
### मजबूत होंगे भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका में चुनाव के बाद चाहे जो सत्ता में आए, चीन के प्रति साझा संदेह से संचालित भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी विदेश व रक्षा सचिव माइक पोंपियो तथा मार्क एस्पर की नई दिल्ली यात्रा दोनों देशों के बीच दो प्लस दो संवाद के लिए है जिसमें उनके भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। यह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है जो चीनी विस्तारवाद के खिलाफलड़ रहे हैं। हालांकि, 20 जनवरी, 2021 के बाद अमेरिका में 46वें राष्ट्रपति सत्ता में आएंगे, पर द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती तथा दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शासित चीन लोकतांत्रिक गणतंत्र के बीच विरोध और तीखा होगा। इस यात्रा से साझा उद्देश्य के लिए प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है जो राजनय की निरंतरता की पुष्टि करती है। ध्रुवीकरण करने वाले डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव पर कोरोनावायरस महामारी से निपटने में लापरवाही का चाहे जो प्रभाव पड़े, पर उन्होंने निश्चित रूप से चीन के आक्रामक व्यवहार के प्रति विमर्श बदला है। भारत इसका नवीनतम शिकार है। तीसरा भारत-अमेरिका दो प्लस दो मंत्रिस्तरीय संवाद समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी व सहयोग के विस्तार पर केन्द्रित होगा। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा दुनिया में स्थिरता व समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग व रक्षा सूचनाओं का साझा शामिल है जिससे दोनों देश पड़ोसियों से पैदा होने वाली चुनौतियों के साथ ही कोविड-19 के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों से निपटने में सफल होंगे। दोनों



देशों द्वारा बेसिक एक्सचेंज एंड कोआपरेशन एग्रीमेंट-बीका पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है जो चार मूल समझौतों में से एक है। इससे भारत-अमेरिका उच्च सैनिक प्रौद्योगिकी, लाजिस्टिक्स व जियोस्पेटियल मानचित्रों का साझा करने में सफल होंगे। चीन इस समझौते से अत्यधिक व्यथित है और उसके आधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि 'वाशिंगटन के लिए नई दिल्ली से वैसा गठबंधन बनाना बहुत कठिन है, जैसा उसका टोकियो के साथ है। ज्यादा शक्तिशाली बनने की इच्छा रखने वाला भारत किसी अन्य वैश्विक प्रतियोगी को सहन नहीं करेगा।' पिछले कुछ महीनों में दक्षिण चीन सागर में अमेरिका की दक्षिण चीन सागर में सक्रियता बढ़ी है, जबकि हांगकांग में चीन-विरोधी प्रदर्शन तेज हुए हैं। ऐसे में भारत अमेरिका से हथियार खरीद के साथ नजदीकी सैनिक व आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है ताकि चीन के साथ किसी संभावित टकराव से निपटा जा सके। गलवान घाटी में हुई घटनाओं के बाद अपाचे व चिनूक हेलीकाप्टरों की नई खेप भारत को मिली है तथा द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। भारत द्वारा आस्ट्रेलियाई नौसेना को जापान व अमेरिका के साथ मलाबार नौसैनिक अभ्यास में आमंत्रित करने से क्वाड गठबंधन या चतुमुर्खी सुरक्षा संवाद मजबूत हुआ है। इस समूह ने सप्लाई श्रृंखला मजबूत करने, वैकल्पिक बाजार तलाशने, गलत सूचनाओं का मुकाबला करने तथा समुद्री सुरक्षा मजबूत करने का काम किया है।

भारत को चीन के खिलाफ गठबंधन बनाने का काम और तेजी से करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में अब सीधे-सीधे अमेरिका और चीन के बीच टकराव शुरू हो गया है और नई दिल्ली को विभिन्न देशों को अपने साथ लाकर इस स्थिति का लाभ उठाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आर्थिक साम्राज्यवाद का लाभ उठा कर तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान को अपने पक्ष में लाने में सफलता पाई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन भारत को अनदेखा कर चीन के साथ दीर्घकालीन ढांचागत व आर्थिक समझौते कर रहे हैं। ऐसे में भारत को रूसी सैनिक सामग्री खरीदने पर पुनर्विचार करना चाहिए। भले ही सालों तक भारत-अमेरिका संबंध अच्छे न रहे हों, पर वर्तमान समय में मजबूत द्विपक्षीय संबंध दोनों के हित में हैं। चीन भारत का मित्र नहीं है और ऐसे में अमेरिका से मजबूत संबंध बहुत अच्छी बात है।

# पाकिस्तान में निशाने पर सेना

**एक झटके में नवाज शरीफने 'सिविलियन सरकार' के परम्परागत पाकिस्तानी मुखौटे को तार-तार कर सीधे सेना को देश की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया है।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



मियां साहब ऐसे पाकिस्तानी राजनेता नहीं हैं जो अपना लक्ष्य आसानी से छोड़ दें। जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, यानी पीएमएल-एन के नेता तथा जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मिर्जा गालिब का शेर सुना दिया, 'उनके देखे से जो आ जाती है मुंह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है।' भले ही प्रमुख पंजाबी राजनेता नवाज शरीफफिलहाल पाकिस्तान में न हों और जमानत पर ब्रिटेन में रह रहे हों तथा उनको 'भगोड़ा' घोषित किया गया हो, लेकिन वास्तव में वे कश्मीरी नस्ल के हैं जिनके पिता अनन्तनाग से व माता पुलवामा से थीं। इसके बावजूद तीन बार निर्वाचित व सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नवाज शरीफविपरीत स्थितियों में सामंजस्य बैठाने वाले चालाक राजनेता हैं। अब उन्होंने पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' या सेना पर सर्वाधिक नियोजित हमला बोला है।

पाकिस्तान के लड़खड़ाते लोकतंत्र में रावलपिंडी मुख्यालय से सरकार चला रहे सैनिकों की अशुभ छाया बड़ी होती जा रही है जिनका उल्लेख बहुत दबी जुबान से होता है। सैनिकों को फ़रिश्ता या ख़लाई मख़लूक यानी परग्रही प्राणी समझा जाता है जो पीछे से काम करते रहते हैं। कभी-कभी वे औपचारिक रूप से सामने भी आ जाते हैं, जैसा कि अयूब खान, याहिया खान, जियाउल हक या परवेज़ मुर्शरफके मामले में हुआ। लेकिन अब पाकिस्तानी राजनीति में परोक्ष भूमिका निभाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा तथा कुख्यात इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई के प्रमुख का नाम सीधे-सीधे इमरान खान की सरकार चलाने वालों के रूप में लिया जा रहा है। एक झटके में शरीफ़ ने 'सिविलियन सरकार' का परंपरागत पाकिस्तानी मुखौटा तार-तार कर दिया है। उन्होंने सेना को सीधे-सीधे देश की वर्तमान बदहाली तथा अनिश्चित भविष्य के लिए जिम्मेदार व जवाबदेह ठहरा दिया है। इससे जनता में उसकी छवि ध्वस्त हो गई है।

शरीफ की वर्तमान लोकतांत्रिक पैंतरेबबाजी चाहे जो हो, वे स्वयं पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना का उत्पाद तथा उसका औजार रहे हैं। आमतौर से सभी लोग मानते हैं कि शरीफपूर्व सैनिक तानाशाह जनरल जियाउल हक की व्यक्तिगत पसंद थे, पर वास्तव में एक और पाकिस्तानी जनरल गुलाम गिलानी ने मियां साहब को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने में प्रारम्भिक भूमिका निभाई थी। लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी के बहुरंगी अतीत का एक हिस्सा कश्मीर घाटी में 'अनियमित' संघर्ष्ज्ञ के लिए उनकी एक साल की सबाटिकल छुट्टी थी जिसके चलते 1947-48 में भारत-पाक युद्ध हुआ था। उन्होंने 1965 तथा 1971 के भारत-पाक युद्धों में भी भाग लिया था। कुख्यात आईएसआई के महानिदेशक के रूप में सेवा करते हुए उन्होंने जियाउल हक के सैनिक विद्रोह की रूपरेखा तैयार की थी जिसे कोड नाम 'फेयर प्ले' दिया गया था। उन्होंने जुल्फ़िक़ार अली भुट्टो को फांसी के तख्ते तक पहुंचाने की गलत सलाह भी दी थी।

बाद में जनरल जिया ने लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी को प्रभावशाली पंजाब प्रांत का गवर्नर बना दिया जहां उन्होंने जानबूझ कर सुरक्षित रणनीति पर चलते हुए गैर-सामंती व उभरते हुए उद्योगपति नवाज शरीफ को पंजाब का वित्त मंत्री बनाया। शहरी, आज्ञाकारी व सौम्य शरीफजल्द ही मुख्यमंत्री के पद पर उस अंधकारमय समय में पहुंच गए जब जनरल जिया पाकिस्तान का शरीयाकरण कर रहे थे। हालांकि, शरीफ को किसी तरह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं कहा जा सकता है। पंजाबी, सामंत या सैनिक न होने के बावजूद शरीफराजनीति के चतुर खिलाड़ी तथा आगे बढ़ने में सक्षम राजनेता थे। जिया की रहस्यमय विमान दुर्घटना में मौत के बाद उन्होंने धार्मिक पार्टियों से नजदीकी बढ़ाई, आईएसआई का संरक्षण प्राप्त किया तथा जिया की राजनीतिक पार्टी में एक विरोधी गुट खड़ा किया जिसका नाम पाकिस्तान मुस्लिम लीग पगारा गुट था। बाद में यह पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज़ या पीएमएल-एन में बदल गया। उस समय शरीफ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की बेनजीर भुट्टो के प्रतिद्वंद्वी थे जिनके पिता को पाकिस्तानी जनरलों का विरोध करने के कारण अपनी जान से हाथ धोने पड़े थे। लेकिन उस समय शरीफ'डीप स्टेट' के बहुत निकट तथा उसके आंतरिक कामकाज से परिचित थे।

लेकिन चालाक नवाज़ शरीफने भी पाकिस्तानी जनरलों की शक्ति का गलत व कम आंकलन किया। मियां साहब को 6 पाकिस्तानी सेना प्रमुखों से निपटना पड़ा जिनमें से चार की उन्होंने व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति की थी। बिना किसी अपवाद के उनके सभी जनरलों के साथ टकराव वाले संबंध रहे। शरीफ द्वारा नियुक्त पहले जनरल वहीद काकर ने बाद में प्रधानमंत्री के रूप में उनके इस्तीफे का दबाव डाला। बेनजीर भुट्टो के बाद दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आए शरीफको भुट्टो द्वारा नियुक्त जनरल जहांगीर करामत ने समय से पहले इस्तीफा देने पर मजबूर किया। करामत के साथ शरीफके अच्छे संबंध नहीं थे। इस प्रकार अतीत पर नजर डालें तो शरीफ ज्यादा बुद्धिमान नहीं सिद्ध होते हैं। उन्होंने सुरक्षित समझे जाने वाले मुहाजिर जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाया। उन्होंने न केवल बिना उनसे पूछे कारगिल युद्ध शुरू किया, बल्कि एक और सैनिक विद्रोह कर उनको सऊदी अरब निर्वासित होने के लिए मजबूर किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में शरीफने सावधानी से जनरल परवेज कियानी को नियुक्त किया जिनको पहले उनके धुर विरोधी परवेज़ मुशर्रफ ने पदोन्नत कर उनका कार्यकाल भी बढ़ाया था। शरीफ की तीसरी व्यक्तिगत पसंद दूसरों को पीछे छोड़ कर जनरल राहील शरीफ को सेना प्रमुख बनाना था। लेकिन वे भी अलग नहीं सिद्ध हुए तथा 'आर्मी हाउस' आमतौर से शरीफ़ सरकार पर हुक्म चलाया तथा उनके लिए 'लाल रेखायें' परिभाषित करता रहता था। जनरल राहील शरीफ ने नवाज़ शरीफ के लिए अपमानजनक परिस्थितियां पैदा कीं। इसका उदाहरण उफा सम्मेलन के बाद हुई गतिविधियां, नीतिगत उलटफेर तथा सार्वजनिक रूप से सिविलियन सरकार को खासकर पनामागेट मामले के बाद भ्रष्टाचार पर उपदेश देना है। लेकिन दूसरों को पीछे छोड़ कर उनकी चौथी पसंद के रूप में सेना प्रमुख बने जनरल कमर बाजवा वास्तव में गैर-राजनीतिक तथा लो-प्रोफाइल वाले समझे जाते थे। इस प्रकार ऐतिहासिक रूप से जनरलों ने नवाज़ शरीफका लाभ उठाया तथा उन्होंने लगातार मियां साहब को दबाव में डाल कर उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बढ़ावा दिया। हालांकि, ऐसे लोगों के प्रति जनरलों की कोई वैचारिक पसंद नहीं थी, पर उनका प्रयोग सेना को संस्थागत रूप से मजबूत करने के लिए किया गया। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना को सिविलियन सरकार का संरक्षक बताने का मुखौटा तैयार हुआ।

लेकिन अब शरीफने एक बार फिर युद्ध की रेखायें बदल दी हैं और सैनिक जनरलों को घेरे में खड़ा कर दिया है। पाकिस्तानी जनरलों का दुर्भाग्य है कि इमरान खान सरकार सभी स्तरों पर भयानक रूप से विफल हो रही है और पाकिस्तान की 'डीप स्टेट' या सेना भी इस 'भयानक' स्थिति से बाहर निकलने में कठिनाई का अनुभव कर रही है। पाकिस्तान की जनता लगातार सेना के कामकाज व उसके संरक्षण के बारे में संदेह व आशंकाओं का शिकार हो रही है। ऐसे में जनरल सिविलियन सरकार की 'विफलताओं' के साथ खड़े नहीं हो सकते हैं क्योंकि इससे उस संस्थान की वैधता समाप्त हो जाएगी जो 1965, 1971 तथा कारगिल की अपमानजनक पराजयों के बावजूद फलता-फूलता रहा है। शरीफ सैनिक अवस्थापना पर दबाव डाल कर इमरान खान सरकार को अपदस्थ कराना चाहते हैं जैसा सेना हमेशा करती रही है। क्या इस बार सचमुच मियां साहब ने जनरलों को मजबूर कर दिया है?

# यूपी की राजनीति में साजिशों का बोलबाला

**समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है।**

**शशिकांत**
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)



यूपी में पिछले साढ़े तीन साल में विपक्ष सरकार के खिलाफ ऐसा एक भी मुद्दा नहीं उठा पाया, जिसे विपक्ष जनांदोलन में तब्दील कर पाए और सरकार को जनविरोधी साबित कर सके। फिलहाल यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि विपक्ष के रूप में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा पाया है या ऐसी कोई सशक्त कोशिश भी है। प्रदेश की कई खबरें मीडिया की सुर्खियां तो बनीं, लेकिन जब गहराई से पड़ताल हुई, तो विपक्ष की ओर से जोर शोर से उठा गए, इन मुद्दों में सच्चाई कम, शिगूफा ज्यादा निकला। यूपी में विधानसभा चुनाव होने में अभी तकरीबन डेढ़ साल का वक्त है, लेकिन विपक्ष अभी तक मुद्दे तलाश रहा है, सरकार को घेरने में वह अब तक नाकाम साबित हो रहा है और उसे अभी ठोस आधार नहीं मिल सका है। जबकि सूबे में मुद्दों की कमी नहीं है। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष को अभी से आखिर क्यों राजनीतिक साजिश का सहारा लेना पड़ रहा है? इस पर मंथन जरूरी है।

हो सकता है यह सुनने में आश्चर्यजनक लगे कि योगी सरकार को घेरने के नाम पर बदनाम करने के लिए विपक्ष साजिश रच रहा है, लेकिन यह सौ फीसदी सही है। सबसे ताजा उदाहरण हाथरस का है, जिसमें एसटीएफ की टीमें सूबे में जातीय दंगा कराने की साजिश की जांच कर रही हैं। इसका खुलासा मथुरा में पांच अक्तूबर को गिरफ्तार किए गए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया के चार सदस्यों से पूछताछ और उनके पास से बरामद किए गए सामाग्रियों से हुआ है।

इसी से जोड़कर गाजियाबाद के करहेड़ा गांव में कथित तौर पर 236 लोगों के धर्म परिवर्तन को भी देखा जा रहा है। मामले में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस और खुफिया विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कुछ लोगों के राजनीतिक दलों और कुछ संगठनों के संपर्क में होने की बात कही है। यहां से उन्हें फंड मिल रहा है, ताकि मामले को तूल दिया जा सके। इलाके में कुछ दिनों से आप कार्यकर्ताओं के सक्रिय होने की भी सूचना है। मामले को लेकर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दलितों ने आहत होकर धर्म परिवर्तन किया। जबकि ऐसा नहीं है। इससे पहले लॉकडाउन के दौरान भाजपा नेताओं ने उन्हें नगद के अलावा राशन की भी मदद की थी। आरोप है कि यह मांग कुछ समय बाद बढ़ती गई, तो वे गुपचुप तरीके से कुछ अन्य राजनीतिक दलों के संपर्क में आ गए।

इससे पहले 14 अक्तूबर को लखनऊ में विधानसभा के सामने महराजगंज जिले की एक महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता आलोक प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आलोक प्रसाद पूर्व राज्यपाल सुखदेव प्रसाद के पुत्र हैं। पुलिस का दावा है कि महिला ने जहां खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश की थी, आलोक की लोकेशन उसी जगह के पास थी। इसके अलावा इसी साल जुलाई में कांग्रेस के प्रवक्ता अनूप पटेल को अमेठी की दो महिलाओं को विधानसभा के सामने खुद को आग लगाने के उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जलने के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने तब कहा था कि, एआईएमआईएम नेता सहित गिरफ्तार किए गए लोगों पर साजिशन आत्मदाह के लिए उकसाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। महिलाएं चार जुलाई को यूपी कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में अनूप पटेल से मिलीं, जिन्होंने उन्हें यही सलाह दी थी और पत्रकारों को इसे कवर करने के लिए कहा था। इससे पहले सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए उग्र प्रदर्शनों में भी पीएफआई का नाम आया था और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी हुई थी। इसमें कांग्रेस की एक महिला प्रवक्ता को जेल भी भेजा गया था।

इसी तरह लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और विधान भवन के सामने पिछले साल छह जनवरी को सड़कों पर आलू फेंका गया था। एक सप्ताह बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दावा किया था कि सरकार को बदनाम करने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने आलू फेंका था। इनमें कन्नौज की सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष शिल्पी कटियार के पति संजू कटियार, सपा से ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रहे जय कुमार तिवारी और शिवेंद्र सिंह उर्फ कुक्कू चौहान समेत कई सपा नेताओं के नाम सामने आए थे।

पुलिस को पड़ताल के दौरान मोबाइल नंबरों की लोकेशन और सीडीआर के आधार पर विधान भवन, राजभवन और मुख्यमंत्री आवास के आसपास घटना के वक्त कन्नौज और लखनऊ के कई सपा नेताओं की लोकेशन मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में एक महिंद्रा पिकप गाड़ी कैद हुई थी, जिसके नंबर के आधार पर छानबीन की गई थी। इस दौरान गाड़ी के चालक कन्नौज के ठठिया निवासी संतोष पाल और फगुहा, लोहमन, तिरवा निवासी कुक्कू चौहान के करीबी अंकित सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

इसमें संदेह नहीं कि समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। वह ना सिर्फ आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने की कोशिश कर रही है बल्कि जनता के सामने लगातार अपना रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत करने का साहस कर रही है। यह छोटी बात नहीं है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है। यही कारण है कि यूपी में इस तरह की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें सरकार को बदनाम करने की नीयत से साजिश रचीं गई हैं। सरकार को घेरने से पहले विपक्ष को कड़ा होमवर्क करना चाहिए, ताकि सरकार को मुद्दों पर घेरें, न कि शिगूफों के आधार पर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करें। राज्य सरकार के अच्छे कार्यों में सहयोग नहीं कर सकते, तो कम से कम व्यवधान भी न पैदा करें।

## आप की बात

### दलबदलुओं को सबक सिखाएं

**चुनावी** माहौल में अभी हमेशा की तरह नेताओं की एक दूसरे दल में छलांग जारी है। एक दूजे को फूटी आंख न सुहाने वाले अभी एक ही घाट पर पानी पीते नजर आ रहे हैं। बकरी और शेर की दोस्ती का हश्र क्या होगा यह तो परिणाम ही बताएंगे पर फिलहाल गिरगिट की तरह नेताओं का रंग बदलना जारी है। वैसे चुनावी माहौल में राजनीति का गिरगिटियाई स्वरूप कोई नया नहीं है। चुनावों की आहट के साथ ही नेता दल बदलने की मानसिकता से गुजरते हैं। इस समय भी लगभग वैसा ही हो रहा है। सबसे अधिक निर्दलीयों की तूती बजती है। इस तरह के लगभग 90 प्रतिशत उम्मीदवार केवल चुनावी समीकरण बिगड़ते हैं और जीतने वाले को हार और हारने वाले को जीता देते हैं। निर्दलीय जीतने वालों की तो अल्पमत सरकारों के समय चांदी हो ही जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव और देश में हो रहे अन्य उपचुनाव में इस तरह की बानगी देखने को मिल रही है। बकरी और शेर का वैरभाव और वैमनस्य छोड़कर एक ही घाट पर पानी पीते देखना अचरज पैदा करता है।अब देखना यही है कि अभी एक ही थाली में साथ खा रहे नेता परिणामों के बाद उस थाली का क्या हाल करते हैं?

– **अमृतलाल मारू**

### लचर आंतरिक सुरक्षा

**भारत** देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर चुस्त दुरुस्त बनाने की ओर केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान नही जा रहा है। ज्ञातव्य है इसी देश मे प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और भारत की आत्मा संसद भवन पर हमला हो चुका है। हाल ही में शौर्य चक्र विजेता पंजाब राज्य के तरनतारन जिले के बलविंदर सिंह की शुक्रवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गई। 20 आतंकियों का सामना करने वाले इस जवान का परिवार 1980 से 1993 तक कि आतंकी हमले झेल चुका था। राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा इनके बड़े भाई राजेन्द्र सिंह और इनकी पत्नियों को शौर्य चक्र प्रदान किया था। ऐसे बहादुर बलविंदर सिंह परिवार पर कई टेली फ़िल्म बनाई गई है। लेकिन बलविंदर जैसे आतंकवादियों से निपटने वाले बहादुर की सुरक्षा जो सरकार द्वारा दी गई थी। उसे हटा लिया गया। सबसे चिंतनीय बिंदु है। बलविंदर के सुरक्षा उपलब्ध कराने की उच्चाधिकारियों से मांग पर कोई प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध नही कराई गई। जिसका लाभ उठाते हुये आतंकियों ने घर में घुसकर कायराना हमला कर उनकी जान ले ली। सवाल प्रशासनतन्त्र है। जब एक बहादुर जवान की गुहार पर सुरक्षा नही मिलती तो आमजन की बात ही नही की जा सकती।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**

### बेलगाम सोशल मीडिया

**सोशल** मीडिया इन दिनों अभिव्यक्ति का एक सबसे सुगम साधन बन गया है जिसके माध्यम से तमाम प्रकार की जानकारियां पलक झपकते ही हमें प्राप्त हो जाती है , लेकिन यह सुगम साधन धीरे धीरे कई अव्यवस्थाओं लापरवाही यो की भेंट चढ रहा है। इस सोशल मीडिया का उपयोग उपयोगिता के मान से बहुत कम हो रहा है , बल्कि दुरुपयोग सबसे ज्यादा हो रहा है यह कहने में कोई संकोच नहीं दरअसल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हर व्यक्ति पल भर में अपने भावों की अभिव्यक्ति , संवेदनाएं , वेदना , सुख-दुख जैसी तमाम प्रकार की बातों को प्रकट करता है। सोशल मीडिया पर कई पत्रकार अखबार हैं वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सजगता और सजग प्रहरी होने का प्रमाण भी दे रहे हैं , लेकिन कुछ बाजारी चैनल या खबरिया चैनल की फेकू न्यूज़ जो 24 घंटे इस बात के लिए दिखाई जा रही है कि यह खबर सबसे पहले हमने दिखाई या फिर यह ब्रेकिंग न्यूज़ हमारे चैनल की है और वह टीआरपी की दौड़ में खुद को इतना दौड़ाते हैं कि वह अपने प्रसारण के नियम भूल जाते हैं।

– **प्रकाश हेमावत**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यह** दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैक्रों ने हिंसा फैलाने वाले आतंकियों के बजाए इस्लाम पर हमला बोलने का विकल्प चुनकर इस्लामोफोबियो को उकसाया है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 को हटाने का काम संवैधानिक ढंग से किया गया था और अब वह बहाल नहीं होगा।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**जब** तक आप यह न कहें कि सर्वोच्च न्यायालय भी आपसे निर्देश लेता है, तबतक कृपया यह न बताएं कि न्यायाधीश क्या निर्णय लेंगे।

– **उमर अब्दुल्ला**
नेशनल कान्फ्रेंस नेता

# हरियाणा की किसी जेल में दीवार तोड़ भागने की घटना नहीं : रणजीत सिंह

## बरोदा उप चुनाव भाजपा-जजपा गठबंधन की जीत का किया दावा

## बोले, लोग अगले चार साल सरकार से काम लेना चाहते हैं

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने मंगलवार को यहां कहा कि हरियाणा की सभी जेल सुरक्षित हैं। कहीं पर भी सुरंग बनाने या दीवार तोड़कर भागने की घटना नहीं हुई है। ना ही जेल के अंदर कोई एनकाउंटर की घटना हुई। छोटी-मोटी मोबाइल मिलने की घटनाएं हुई हैं, जिन पर भी काफी हद तक हमने नियंत्रण किया है। वे सोमवार को यहां स्वतंत्रता सेनानी हाल में सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बरोदा उप-चुनाव पर कहा कि यह चुनाव भाजपा-जजपा गठबंधन जीतेगा। उन्होंने कहा कि जनता बहुत स्यानी है। वह ऐसा विधायक नहीं चाहती जो चार साल पेंशन ले। बल्कि हर आदमी चाहता है कि सरकार से काम लें। लोग सरकार के साथ हैं। अभी बरोदा में चुनाव प्रचार शुरू हुआ है, लोग मतदान से दो-तीन दिन पहले अपना मन बनाते हैं कि किसे वोट देना है। बिजली मंत्री ने 3 नवंबर को होने वाले बरोदा उप चुनाव में भाजपा-जजपा गठबंधन के प्रत्याशी के जीत के दावे करते हुए कहा कि वे कल बुधवार को बरोदा हलके के दौरे पर जा रहे हैं और 29 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल वहां आएंगे।


बिजली मंत्री रणजीत सिंह।

एक अन्य सवाल के जवाब में बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि अब यह धारणा बन गई है कि सरकार चाहे कोई भी काम करे विपक्ष को उसकी आलोचना करनी ही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा कभी अच्छा काम करेंगे तो वे अवश्य उसकी तारीफ करेंगे। जो अच्छा काम होता है उसकी सभी को तारीफ करनी चाहिए और केवल आलोचना मात्र के लिए ही आलोचना नही करनी चाहिए। रणजीत सिंह ने कहा कि आलोचना भी रचनात्मक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपना काम कर रहे हैं।

गुरुग्राम में बिजली आपूर्ति के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में रणजीत सिंह ने कहा कि यहां पर औसतन 23.51 घंटे बिजली दी जा रही है। 24 घंटे बिजली आपूर्ति तो कही भी नहीं होती और बिजली के मामले में वे स्वयं चेक करते रहते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि घाटे में चल रहे बिजली निगम अब फायदे में आ गए हैं, जोकि वर्तमान सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# अनुसंधान संबंधी प्रशिक्षण के लिए शुरु की कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पुलिस** अधिकारियों में अनुसंधान निपुणता के लिए 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रकार के अपराध में अनुसंधान के दौरान आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक राजेश दुग्गल के आदेशानुसार करवाई जा रही है।

उपायुक्त कार्यालय के सभागार में चलने वाली इस कार्यशाला में जिला कुरुक्षेत्र के न्यायधीशों व जिला के न्यायवादी विभाग के सहयोग से लिया जा रहा है। एसपी राजेश दुग्गल ने बताया कि अक्सर अनुसंधान अधिकारियों द्वारा अनुसंधान के दौरान कई प्रकार की कमियां छूट जाती है, जिसकी वजह से अपराधी अपराध करने के बावजूद भी सजा से बच जाते है और कानून को ठेंगा दिखाकर बार बार अपराध करते रहते है। इस प्रकार के अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलवाने के लिए जिला न्यायवादी विभाग भी असफल रहता है। पुलिस को अनुसन्धान के समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में अपराधी पहले से अधिक जागरूक हो चुके है इसलिए अनुसन्धान के मायने बदल चुके हैं। दिन प्रतिदिन अपराध के तरीकों में बदलाव आ रहा है और अपराधों की श्रेणी को देख कर नए अधिनियम बनाए जा रहे है। इसलिए ऐसी कार्यशाला का महत्व ओर भी बढ़ जाता है। जिला उप न्यायवादी डा. भूपेन्द्र पंवार ने महिलाओं के विरुद्ध अपराध, पोक्सो अधिनियम, दहेज प्रताडना अधिनियम तथा विवाह सम्बन्धी मामलों बारे विस्तार से बताया गया। जिला न्यायवादी राजबीर सिंह, जिला उप न्यायवादी मेनपाल राणा, जिला सहायक उप न्यायवादी डा. चन्द्र मोहन व जिला सहायक उप न्यायवादी विकास सिंह ने अपने अपने वक्तव्य दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कुविवि में खालसा कॉलेज की छात्रा हिमानी ने पाया प्रथम स्थान



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की एमएससी मैथ की तृतीय समैस्टर की छात्रा हिमानी शर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेजर सिंह ने बताया कि तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मैरिट में स्थान प्राप्त किया है। हिमानी शर्मा ने 90.83 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में पहला, छात्रा सिमरता सिंह ने 88.16 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में चौथा और छात्रा डिंकी ने 85.16 प्रतिशत अंक लेकर सातवां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने मिठाई खिलाकर सभी मैरिट में आने वाली छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मैरिट में आने वाली छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गणित विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति, प्रो. विनिता जगगलान, प्रो. अंजू डोगियान व प्रो. स्नेहा को दिया और जिन्होंने उनको उच्च शिक्षा प्रदान की।

### एजेंसियों ने खरीदा 9 लाख 76 हजार 54 एमटी धान : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि मंडियों में धान की आवक काफी मात्रा में आ रही है, इस आवक में से खरीद केन्द्रों में 26 अक्टूबर तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा 9 लाख 76 हजार 54 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसके साथ-साथ खरीदी गई धान में से 9 लाख एक हजार 3 मीट्रिक टन धान उठान के साथ 92.31 फीसदी उठान कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र के सभी मंडियों व खरीद केंद्रों से सभी एजेंसियों के खरीद कार्य व उठान कार्य से सम्बंधित रिपोर्ट डीएफएससी द्वारा एकत्रित की जा रही है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक की रिपोर्ट के आधार पर जिला कुरुक्षेत्र मंडियों व खरीद केन्द्रों से 9 लाख 76 हजार 54 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान कुरुक्षेत्र जिले में अब तक एक लाख 21 हजार से भी ज्यादा किसानों की धान की फसल जिला खाद्य आपूर्ति, हैफेड व एफसीआई द्वारा खरीदी जा चुकी है।

### हरियाणा में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं : गोयल



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला संयोजक जवाहर लाल गोयल ने बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज के बाहर दिन-दिहाड़े छात्रा के अपहरण के प्रयास और हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। भाजपा शासित हरियाणा प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। यह बदमाश पुलिस को ललकारते हुए अपना काम कर चले जाते हैं, पुलिस और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल कॉलेज के पास वाला हादसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी इस तरह की कोशिश की जा चुकी हैं। इसके बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर वहां पुलिस की पीसीआर होती, तो यह हादसा नहीं होता। गोयल ने कहा कि अगर पुलिस ने लापरवाही नहीं बरती होती, तो बीए कॉम फाइनल की छात्रा निकिता उम्र 20 की मौत नहीं होती। अपहरणकर्ताओं को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।

### कृष्ण बेदी बहा रहे हैं घड़ियाली आंसू : सुरेंद्र मित्तल



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल ने शाहाबाद जजपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में छिड़ी लड़ाई पर चुटकी ली है। मित्तल ने पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी और भाकियू के बीच चल रहे विवाद पर कहा कि बेदी घड़ियाली आंसू बहाते हुए ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेदी पलायन करने की बाते कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यमंत्री और सीएम के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी जैसा आदमी पलायन करेगा, तो आम जनता कहां जाएगी। सुरेन्द्र मित्तल ने कहा कि बेदी के बयान से स्पष्ठ है कि हरियाणा में अपराध और गुंडागर्दी बढ़ रही है। मित्तल ने कृष्ण बेदी से कहा कि अगर वे भाजपा में सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी पार्टी ज्वॉइन कर लें और आम आदमी पार्टी द्वारा उन्हें सुरक्षा दी जाएगी। मित्तल ने कृष्ण बेदी से अपील की कि वे पलायन करने का ड्रामा क्यों कर रहे हैं। जब जनता ने 37 हजार वोट से हरा कर रिजेक्ट कर दिया था, तब पलायन क्यों नहीं किया।

### गुमथला में टूटे सड़क मार्ग पर अचानक पलटी धान से लदी ट्राली



**रादौर।** गांव गुमथला में टूटे पड़े सड़क मार्ग पर मंगलवार दोपहर को एक किसान की लगभग 2 एकड़ धान से लदी ट्राली अचानक पलट गई। सड़क पर भारी मात्रा में पानी खड़ा हुआ था। जिससे धान की फसल पानी में गिरकर खराब हो गई। मेहनत व लागत से तैयार की गई किसान की फसल टूटी सड़क पर खड़े पानी की भेंट चढ़ गई। किसान ने लेबर की मदद से फसल को घंटों की मशक्कत के बाद समेटा। टूटी सड़क के कारण आये दिन हो रहीं दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। प्रभावित किसान बालेश्वर निवासी नसरूलागढ़, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश ने बताया कि मंगलवार को वह अपने ट्रैक्टर-ट्राली में धान की लगभग 2 एकड़ फसल लोड करके यमुनानदी के नगली घाट पर बने अस्थाई पूल से गुजरकर गुमथला आया था। वह अपनी फसल को इंद्री अनाजमंडी में बेचने जा रहा था। इसी दौरान गांव गुमथला में टूटी पड़ी सड़क पर बने गड्ढों में कंडरौली मोड के पास पानी खड़ा हुआ था। जहां उसकी फसल से लदी ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क पर पानी में पलट गई। जिससे उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। बाद में किसान ने लेबर की मदद से सड़क पर पड़ी अपनी धान की फसल को समेटा।

### शहीदों को नमन करने के लिए दौड़ी नारी शक्ति

**कुरुक्षेत्र।** डीएसपी ममता सौदा ने कहा कि देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का गठन किया गया है। पुलिस न केवल अपराधियों पर नकेल कसती है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे को बनाने का भी प्रयास करती हैं। वे मंगलवार को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस दौरान उन्होंने हरी झंडी दिखा कर दौड़ रवाना की। कार्यक्रम पुलिस लाइन में मनाए जा रहे पुलिस फ्लैग-डे के तहत कराया गया। शहीदों को नमन करने के लिए इस दौड़ में महिला पुलिस कर्मचारी एवं खेल विभाग की खिलाड़ी दौड़ी। डीएसपी ममता सोदा ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा देश में साम्प्रदायिक दंगे भड़का कर देश की अखंडता को भंग करने का प्रयास किया जाता है, जिनसे लोहा लेने के लिए पुलिस विभाग सीधा मुकाबला करता है। उन्होंने कहा कि समाज की रक्षा में हरियाणा पुलिस के कई जवान शहीद हुए हैं, उन्हीं शहीदों की याद में यह फ्लैग-डे कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1959 में सीआरपीएफ के 21 जवानों की एक टुकड़ी चीन के बॉर्डर पर गश्त कर रही थी, उसी समय चीनी सैनिकों ने घात लगा कर जवानों पर हमला कर दिया था, जिसमें देश के 10 जवान शहीद हो गए थे। तभी से वर्ष के दौरान सभी पुलिस संगठनों के शहीद हुए जवानों की याद में 21 अक्टूबर को पुलिस शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के तहत आज महिलाओं द्वारा शहीदों को नमन करने के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ लगाई गई। इस मौके पर खेल विभाग की तरफ से सीनियर कौच जय भगवान, पंकज परासर, जितेन्द्र, जसमिंद्र, महिला कौच अंजू तथा पुलिस के उप निरीक्षक नागेन्द्र सिंह, जगदीश चन्द, रमेश कुमार, उपनिरीक्षक नरेश कुमार, पुलिस प्रवक्ता रोशन लाल, सहायक पुलिस प्रवक्ता रिंकू राम फोटोग्राफर एसपीओ अनिल कुमार मौजूद रहे।

# किसानों से दुष्यंत का वादा : एमएसपी से कम रेट पर नहीं होगी फसलों की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने परदादा ताऊ देवीलाल की तरह ही गांव धनाना की बंगला चौपाल में जनता दरबार लगाया। उन्होंने करीब दो घंटे तक ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनके रहते एमएसपी से कम रेट पर किसानों की फसल की सरकारी खरीद नहीं होगी।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री चौटाला ने कहा कि किसानों की फसल का दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का किसानों को भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यहां का समझदार किसान विपक्ष के बहकावे में आने वाला नहीं है।


उप मुख्यमंत्री ने ताऊ देवीलाल की तरह धनाना में लगाया जनता दरबार।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में बाजरा, कपास, जीरी व मक्का एमएसपी पर खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों पर किसी भी प्रकार से आंच नहीं आने दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी। धनाना प्रथम, द्वितीय व तृतीय की पंचायत ने उप मुख्यमंत्री को अलग-अलग मांग पत्र सौंपा। चौटाला ने आश्वस्त किया कि सभी सार्वजनिक मांगों को पूरा करवाया जाएगा।

# लाखों की फाइबर शीट से लदी पिकअप ले उड़े चोर

पायनियर समाचार सेवा। रादौर

**मंगलवार** तड़के शहर के पावर हाउस के पास से एक दुकानदार की माल से लोड बोलेरो पिकअप चोर चुरा ले गये। पिकअप गाड़ी में लगभग एक लाख 35 हजार रुपये की फाइबर शीटें लदी हुई थीं। सूचना मिलने के बाद रादौर पुलिस ने मौके पर मामले की जांच की। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

लाडवा निवासी साहिल रहेजा उर्फ शम्मी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पावर हाउस रादौर के पास बालाजी आयरन स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। सोमवार को वह अपने ड्राइवर के साथ कुरुक्षेत्र से अपनी बोलेरो पिकअप गाड़ी में एक लाख 35 हजार रुपये की फाइबर शीटें दुकान पर बेचने के लिए लाया था। शाम सात बजे वह गाड़ी से रादौर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी दुकान के पास खाली पड़े प्लाट में महिंद्रा पिकअप गाड़ी खड़ी की थी। सुबह जब वह दुकान पर आये तो मौके से गाड़ी गायब थी। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों से पता चला कि कुछ लोग सुबह 4:29 बजे बोलेरो चुरा ले गये हैं। थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर दीपचंद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।


रादौर में चोरी के मामले को लेकर प्रभावित दुकानदार से जानकारी हासिल करती पुलिस।

## उमंग संस्था ने शुरू की कौन बनाएगा सबसे सुंदर दीया प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र।** दीपावली पर्व पर दीपों का बहुत महत्व है और आधुनिकता के इस दौर में बेशक चाइनीज दीपों व लड़ियों ने अपनी जगह बना ली हो। दीपावली के दिन दीप जलाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। ऐसे में उमंग संस्था द्वारा कौन बनाएगा सबसे सुंदर दीया प्रतियोगिता की शुरुआत की है। प्रतियोगिता 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगी। इस समय अवधि के दौरान जो सबसे सुंदर दीप को सजाकर भेजेगा, उसे प्रथम, द्वितीय व तृतीय इनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए शर्त रखी गई है कि दीप मिट्टी का ही होना चाहिए। उमंग संस्था की वरिष्ठ सदस्या व प्रतियोगिता की कॉर्डिनेटर कविता कश्यप ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभागी को 700 रुपये नगद, द्वितीय को 500 रुपये और तृतीय को 300 रुपये नगद राशि भेंट की जाएगी।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हुआ सांस्कृतिक समारोह



कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती एक छात्रा व खेला जा रहा हैंडबाल का मैच।

पीएल वर्मा। कैथल

**पुलिस** शहीदी स्मृति सप्ताह के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा 21 से 27 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मंगलवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कैथल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम दौरान बच्चों द्वारा स्पीच, कविता, डांस आदि की प्रस्तुती दी।

थाना प्रबंधक महिला लेडी इंस्पेक्टर नन्ही देवी द्वारा छात्र-छात्राओं को शहीदों की गौरव-गाथा सुनाते हुए उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान करने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रा शीतू द्वारा स्पीच व मन्नत द्वारा डांस और छात्र गर्व द्वारा कविता सुनाने व वत्सल द्वारा डांस की प्रफोरमैंस दी गई। थाना प्रबंधक महिला लेडी इंस्पेक्टर नन्ही देवी द्वारा कार्यक्रम में मौजुद विधार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को शहीदों की गौरव गाथा के बारे में बताया गया। थाना प्रबंधक ने कहा कि सभी को अपने अंदर देश प्रेम की भावना को विकसित करना चाहिए तथा हमेशा ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे आप विश्वपटल पर अपने राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। देश के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले शहीदों को हमें कभी भुलाना नहीं चाहिए। कार्यक्रम दौरान डीएसपी सीएडब्लयू राज सिंह, लेडी वैल्फयर इंस्पेक्टर दर्शना देवी, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्रिंसीपल अंजु गंभीर, स्कूल के अध्यापक व विधार्थी आदि मौजूद रहे।

## खेला गया हैंडबाल का मैच

**मंगलवार** सुबह 6:30 बजे चौ. छोटूराम इंडोर स्टेडियम में हैंडबाल का प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसके दौरान बड़ी सख्या में लोग मौजूद रहे। थाना प्रबंधक शहर इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि मैच के दौरान हैंडबाल कोच राजेश कुमार, बॉक्सिंग कोच अमरजीत, जुडो कोच जोगिंद्र सिंह, वूशु कोच मिस रिटा, बॉस्केटबाल कोच सलेश कुमार, कुश्ती कोच विजय कुमार, आरएसओ लाजपत राय सिंगला आदी मौजूद रहे। थाना प्रबंधक ने बताया कि मैच दौरान खिलाड़ियों को शहीदो से प्रेरणा लेकर हमेशा देश हित में कार्य करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बॉक्सिंग, जुडो, हैडबाल, वूशु, आर्चरी, तलवार-बाजी तथा कुश्ती के खिलाड़ी भी मौजूद रहे।

## देश भर में हाईवों पर जाम लगाएंगे विभिन्न किसान संगठन : गुरनाम सिंह

**कुरुक्षेत्र।** तीनों कृषि विधेयकों के खिलाफ विभिन्न किसान संगठनों का आंदोलन भविष्य में भी जारी रहेगा। आंदोलन के तहत किसान संगठनों द्वारा 5 नवंबर को देश भर में हाईवें पर जाम लगाएं जाएंगे। यह निर्णय देश के विभिन्न राज्यों के किसान संगठनों द्वारा लिया गया है। इस निर्णय बाबत जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने बताया कि देश के विभिन्न प्रदेशों के किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में हुई थी, जिसमें कृषि विधेयकों के खिलाफ पूरे देश में साझा आंदोलन लडने का फैसला लिया गया। इस आंदोलन के तहत 5 नवंबर को 12ः00 से 4ः00 बजे तक पूरे देश में हाईवे जाम किए जाएंगे

## मामला सोनीपत पुलिस कर्मियों पर दुष्कर्म के आरोप का

# लड़कियों के परिजनों का आरोप पुलिस नहीं कर रही जांच

## जेल में बंद लड़कियों से नहीं मिल सकते परिजन

## मामला स्वतंत्र जांच एजेंसी को सौंपने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**सोनीपत** में पुलिस कर्मियों पर हिरासत के दौरान दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली लड़कियों के परिजनों ने पुलिस पर उनकी सुनवाई न किए जाने और मामले की एक तरफा जांच का आरोप लगाया है।

मंगलवार को चंडीगढ़ में बेखौफ आजादी संस्था की संस्थापक शैलजा व संयोजक अर्पण ने सोनीपत के बुटाना में दो पुलिस कर्मियों की मौत के मामले में आरोपी लड़कियों की माताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दोनों लड़कियों को पुलिस हिरासत में यौन शोषण और यातनाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों लड़कियों के साथ पुलिस हिरासत में गैंगरेप हुआ है। शुरू में करनाल जेल में बंद लड़कियों को उन्हें मिलवाया नहीं गया। उन्होंने कहा कि चौतरफा दबाव के चलते पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया गया लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हो रही है। सोनीपत जिला के बुटाना में चौकी इंचार्ज आज भी वहीं पर नियुक्त हैं। संस्था की सदस्यों की दोनों लड़कियों का इलाज करवाने की मांग करते हुए कहा कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। एक लड़की की माता कविता ने बताया कि उसकी लड़की की जेल में तबीयत खराब है और वह इंसाफ के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी मिलने का प्रयास कर रहे हैं। आरोपी लड़कियों के परिजनों व संस्था के सदस्यों ने कहा कि यह मुद्दा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग,महिला अयोग और एससी एसटी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा।

# एचईआरसी में नया चेयरमैन लगाने की तैयारी, सरकार ने मांगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**सरकार** ने हरियाणा इलेक्ट्रीसिटी रैगुलेटरी कमीशन के नए चेयरमैन की तैनाती को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह पद डीएस ढेसी के इस्तीफे के बाद खाली हुआ है। जिसे 18 नवंबर से पहले-पहले भरा जाएगा। एचईआरसी द्वारा उपभोक्ताओं के विवादों का समाधान करने के अलावा प्रदेश में बिजली की दरों को तय करने, बिजली वितरण निगमों की कार्यप्रणाली को मॉनिटर करने, बिजली संबंधी केंद्र के दिशा-निर्देशों को लागू कराया जाता है।

मनोहर सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान सेवानिवृत्त मुख्य सचिव डीएस ढेसी को कमीशन का चेयरमैन नियुक्त किया था। हरियाणा सरकार द्वारा हालही में ढेसी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का चीफ प्रिंसीपल सेक्रेट्री तैनात कर दिया है। जिसके चलते ढेसी ने इस पद से 18 अक्टूबर को ही इस्तीफा दे दिया था। नियमानुसार इस पद को एक माह से अधिक समय के लिए खाली नहीं रखा जा सकता है। जिसके चलते हरियाणा सरकार ने नए चेयरमैन की तलाश शुरू कर दी है।

प्रदेश सरकार ने एचईआरसी चेयर्रमैन पद को रिक्त अधिसूचित करते हुए नए सिरे से आवेदन मांग लिए हैं।

## जीवन में संयमित उपभोग अभियान का पालन करना चाहिए

**भिवानी।** हमें अपने जीवन में सतत एवं संयमित उपभोग अभियान का पूरी तरह से पालन करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने का अवसर मिल सके। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा सतत एवं संयमित उपभोग अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य आचार्य विनय मिश्र ने व्यक्त किए।




# उपमंडल पिहोवा में नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** रेडक्रास समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ एवं जिला रैडक्रास शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा सयुंक्त रूप से एक दिवसीय नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन उपमंडल अधिकारी कार्यालय पिहोवा में किया। सेमिनार के दौरान सहायक सचिव रमेश चौधरी द्वारा आम लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया गया।


कार्यक्रम में संबोधित करते सेवानिवृत्त सूबेदार रविंद्र कौशिक।

उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत फैशन, समाज व तनाव के कारण होती है, फैशन का मतलब जब हम अपने किसी आदर्श को नशा करते हुए देखते है, समाज का मतलब जब हम इस प्रकार के दोस्तों के बीच में रहते हैं जो नशे के आदि हैं, तनाव का मतलब जब हम पहले से ही नशे के आदि होते हैं तनाव बढने पर नशे की तरह दौड़ते है। नशा हमारे लिए अभिशाप है, जो हमें शारिरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से नुकशान पहुंचाते है। सचिव रणदीप श्योकंद ने कहा कि हम सब को मिलकर प्रयास करना चाहिए कि हम नशा करने वाले लोगों को नशा छुड़ाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करे।

उन्होंने रैडक्रॉस के स्वयंसेवकों व स्वयंसेवी संगठनों से भी आह्वान किया कि इस नशा विरोधी मुहिम में एक बेहतर समाज के लिए प्रयास करे। सेवानिवृत्त सूबेदार रविन्दर कौशिक ने भी अपने विचार सांझे करते हुए कहा कि नशा हमारे सारे सपनों का विनाश कर देते है। इस अवसर पर सहायक राजपाल, लिपिक ओमप्रकाश, सतीश राणा इन्वेस्टिगेटर मौजूद रहे।

# भारत ने पश्चिम एशिया में आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह रोकने का किया आह्वान

योशिता सिंह। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने सभी संबंधित पक्षों से आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों का समर्थन पूरी तरह बंद करने का आह्वान करते हुए पश्चिम एशिया में सभी हितधारकों से शांति, स्थिरता और विकास के लिए काम करने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा है कि उसने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा बलों में अपने कर्मियों की तैनाती तथा मानवीय मदद, विकास सहयोग, क्षमता निर्माण के जरिए क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए काफी प्रयास किए हैं और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की दिशा में आगे भी योगदान देता रहेगा। भारत ने पश्चिम एशिया में हालात पर सुरक्षा परिषद की चर्चा में सोमवार को लिखित बयान प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया, भारत संबंधित पक्षों से आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट) जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह से बंद करने का आह्वान करता है।

### इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम संधि से गाजा में मानवीय स्थिति ठीक हुई है : टीएस मूर्ति



भारत क्षेत्र के सभी पक्षों से पश्चिम एशिया के लोगों के फायदों के लिए शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करने का अनुरोध करता है।

भारत ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम संधि से गाजा में मानवीय स्थिति ठीक हुई है और उम्मीद जताई कि अस्थाई संधि को स्थाई संघर्षविराम में बदला जाएगा। इससे दोनों पक्षों के लोगों की जान बचेगी और वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनेगा। भारत ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि पश्चिम एशिया के लोगों की चुनौतियों का अब तक समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, शरणार्थियों का मुद्दा और आतंकवाद की समस्या अभी भी व्याप्त है। कोविड-19 महामारी ने इन चुनौतियों से पैदा खतरों को और बढ़ा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस त्रिमूर्ति का यह बयान परिषद के आधिकारिक रिकॉर्ड का हिस्सा होगा। भारत ने कहा कि वह संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराने तथा फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद का चुनाव कराने के लिए फतह और हमास के बीच समझौते की सराहना करता है।

# कमला हैरिस बहुत अनुभवी एवं बुद्धिमान हैं : बाइडेन

### किसी प्रमुख राजनीतिक दल की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली पहली अश्वेत महिला हैं

ललित के झा। वाशिंगटन



अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के लिए भारतीय-अमेरिकी कमला हैरिस के चयन को सही ठहराते हुए कहा है कि सीनेटर हैरिस अत्यंत बुद्धिमान एवं बेहद अनुभवी नेता हैं।

बाइडेन ने हैरिस को उम्मीदवार बनाने की घोषणा अगस्त में की थी। वह किसी प्रमुख राजनीतिक दल की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। बाइडेन ने सीबीएस न्यूज को सोमवार के साथ एक साक्षात्कार में कहा, पहली बात है: उनके मूल्य। दूसरी बात है: वह किसी शैतान की तरह चतुर हैं। तीसरी बात है: उनकी रीढ़ की हड्डी सरिया जितनी मजबूत है। चौथी बात है: वह बहुत सिद्धांतवादी हैं। पांचवीं बात है: उनके पास देश के सबसे बड़े राज्य के प्रशासन का अनुभव है।

बाइडेन से पूछा गया था, आपकी आयु उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए आपके चयन को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। आपको क्यों लगता है कि यदि आपको कुछ हो जाता है, तो सीनेटर हैरिस कमांडर इन चीफ बनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, कमला हैरिस सान फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी और कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल बनने वाली पहली महिला और पहली अश्वेत महिला है तथा वह अमेरिकी सीनेट में सेवाएं देने वाली दूसरी अश्वेत महिला हैं। हैरिस ने एक प्रश्न के उत्तर में स्वीकार किया कि उनके उपराष्ट्रपति पद की पहली महिला उम्मीदवार और पहली अश्वेत महिला उम्मीदवार बनने से चीजें और लोगों की सोच बदल सकती हैं।

उन्होंने कहा कि वह बाइडेन के नेतृत्व वाले प्रशासन में उनकी साझेदार की भूमिका निभाएंगी। हैरिस ने कहा, उन्होंने (बाइडेन ने) मुझसे पहली बात यह कही थी कि मैं चाहता हूं कि तुम कक्ष में आने वाली पहली और कक्ष से जाने वाली आखिरी व्यक्ति हो। सीनेटर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नस्लवादी हैं। उन्होंने उनकी परिवर्तीय का स्वभाव समाजवादी होने संबंधी आरोपों को भी खारिज किया।

### काइनेटिक ग्रीन की इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट इकाई बैटरी अदला-बदली संयंत्र लगाने की योजना

मुंबई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन की योजना इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट और बैटरी बदलने की इकाई लगाने की है। कंपनी इसके लिए आंध्र प्रदेश में 1,750 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड पुणे स्थित काइनेटिक ग्रुप का हिस्सा है। काइनेटिक ग्रुप ने प्रीमियम श्रेणी के गोल्फ कार्ट और मुख्य सड़कों से इतर चलने वाले अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों के डिजाइन व विनिर्माण के लिए टोनिनो लैम्बोर्गिनी के साथ मिलकर भारत में एक संयुक्त उपक्रम लगाने की फरवरी, 2018 में घोषणा की थी।

काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, हम गोल्फ कार्ट परियोजना के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) में एक इकाई लगाने की संभावना तलाश रहे हैं। यह अभी प्रस्तावित चरण में है। हम तीन पहियों वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बैटरी बदलने के एक संयंत्र में भी निवेश करने पर विचार कर रहे हैं।

# अफगानिस्तान से संबंध मजबूत करेगा पाकिस्तान : इमरान खान

### दोनों ही मुस्लिम देशों में निवेश एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए अच्छी संभावनाएं हैं



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उनकी सरकार ने अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है, चाहे काबुल में सत्ता में कोई भी हो।

खान ने सोमवार को यहां पाकिस्तान-अफगानिस्तान कारोबार एवं निवेश फोरम विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी को आरंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता की खातिर भूमिका निभाते रहने का पाकिस्तान का मजबूत दृढ़ संकल्प भी दोहराया। खान ने कहा कि उनकी सरकार अफगानिस्तान के कारोबारी समुदाय के साथ संबंधों को और विकसित करने के प्रयास कर रही है ताकि दोनों को एक-दूसरे के अनुभवों का लाभ मिल सके और व्यावसायिक एवं आर्थिक संबंधों को गति मिल सके। खान ने कहा कि उनकी सरकार ने फैसला किया है कि अफगानिस्तान के साथ संबंध मजबूत किए जाएंगे चाहे पड़ोसी देश में सत्ता में कोई भी हो।

उन्होंने अफगानिस्तान के कारोबारियों और निवेशकों को समर्थन देने की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा, दोनों देशों के भविष्य उनकी एकता, साझा कारोबार और विकसित होते परस्पर आर्थिक संपर्कों पर निर्भर करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों ही मुस्लिम देशों में निवेश एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए अच्छी संभावनाएं हैं जिससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी और विकास को बढ़ावा मिलेगा। खान ने कहा कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों ही को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का लाभ मिल सकता है और वे कारोबार तथा व्यवसाय के केंद्र बन सकते हैं। खान ने यह साफ किया कि अफगानों द्वारा तथा अफगानों के नेतृत्व वाली शांति प्रक्रिया उनकी सरकार के लिए चिंता का मुख्य विषय है और अफगानिस्तान में शांति कायम रखने के प्रयासों के लिए पाकिस्तान के बराबर श्रेय कोई और देश नहीं ले सकता है।

अफगान वोलेसी जिरगा के अध्यक्ष मीर रहमान रहमानी ने कहा कि अफगानिस्तान अफगान शांति प्रक्रिया में पाकिस्तान के योगदान के महत्व को समझता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंधों की जड़ें साझा संस्कृति, आस्था और मूल्यों में हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच संसदीय संपर्कों को बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

# रिजर्व बैंक ने कर्जदाता संस्थानों से ब्याज पर ब्याज माफी को लागू करने कहा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी कर्जदाता संस्थानों से मंगलवार को कहा कि वे दो करोड़ रुपये तक के कर्ज के लिए हाल ही में घोषित ब्याज माफी योजना को लागू करें।

इस योजना के तहत दो करोड़ रुपये तक के कर्ज पर ब्याज के ऊपर लगने वाला ब्याज एक मार्च 2020 से छह महीने के लिए माफ किया जाएगा। सरकार ने पात्र ऋण खातों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच के अंतर के भुगतान को लेकर अनुदान की योजना की 23 अक्टूबर को घोषणा की थी। सरकार ने सभी बैंकों को पांच नवंबर तक चक्रवृद्धि ब्याज व साधारण ब्याज के अंतर को कर्जदारों के खाते में जमा करने के लिए कहा था।

रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, सभी ऋणदाता संस्थानों को योजना के प्रावधानों द्वारा निर्देशित होने और निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी जाती है। वित्त मंत्रालय ने ब्याज माफी योजना को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की पृष्ठभूमि में परिचालन दिशानिर्देश जारी किया था। शीर्ष अदालत ने 14 अक्टूबर को केंद्र को निर्देश दिया था कि वह कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आम लोगों के हित में यथाशीघ्र उन्हें राहत देने की योजना लागू करे।

### हिंदुस्तान मीडिया करेगी रीव्यूअड्डा में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

नई दिल्ली। हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड (एचएमवीएल) ने मंगलवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने रीव्यूअड्डा की 10.71 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए छह करोड़ रुपय। तक के निवेश को मंजूरी दे दी। रीव्यूअड्डा कॉलेजों में नामांकन लेने के इच्छुक लोगों की मदद के लिए एक डिजिटल मंच का संचालन करती है। हिंदुस्तान मीडिया ने कहा कि वह इस सौदे के तहत या तो रिव्यूअड्डा की 10.71 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर इक्विटी शेयरों की खरीद करेगी या इक्विटी से जुड़े किसी परिवर्तनीय साधन को खरीदेगी। कंपनी ने सोमवार को कहा था कि सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत कम होकर 4.41 करोड़ रुपये पर आ गया है।

# ट्रंप वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी का करेंगे आयोजन

एजेंसी। न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वाशिंगटन में अपने होटल में चुनावी पार्टी आयोजित करने की संभावना है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण शहर में बड़े जमावड़े पर पाबंदी लगी हुई है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप तीन नवंबर को वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी आयोजित करेंगे और जमावड़े को लेकर शहर के डेमोक्रेटिक पार्टी की मेयर के साथ उनका टकराव हो सकता है। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप को तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन से साथ टक्कर होगी। खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस




के ग्रांड में आयोजन पर कोलंबिया जिला प्रशासन की ओर से कुछ नहीं कहा गया है लेकिन चुनावी पार्टी के लिए होटल का चयन मुद्दा बन सकता है। महामारी के कारण शहर के प्रशासन के आदेशों के मुताबिक वाशिंगटन में 50 से ज्यादा लोगों के जमावड़ा की इजाजत नहीं है।

शहर की मेयर मुरील बाउजर ने कहा है कि वह चुनावी पार्टी करने की योजना से अवगत हैं और सुझाव दिया कि शहर का प्रशासन होटल के खिलाफ कदम उठा सकता है। ट्रंप और बाउजर के बीच इस साल कई मुद्दों पर भिड़ंत हो चुकी है। इससे पहले बाउजर ने कहा था कि ट्रंप प्रशासन कोरोना वायरस के संक्रमितों का पता लगाने में मदद नहीं दे रहा है। खबर में कहा गया ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप होटल विदेशी नेता, धार्मिक समूहों और फॉक्स न्यूज से जुड़े लोगों का केन्द्र रहा है और अनेक विवादों का निशाना बना है। महामारी के कारण बड़े स्तर पर जमावड़े को सीमित किए जाने के बावजूद व्हाइट हाउस ने कई बार इन सीमाओं को नजरअंदाज त किया।

# वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की सूर्य से प्रकाशित सतह पर पानी का पता लगाया

### पानी और उसके करीबी रासायनिक संबंधी हाइड्रॉक्सिल के बीच फर्क स्पष्ट नहीं हो पाया

एजेंसी। वाशिंगटन



वैज्ञानिकों ने पहली बार सूर्य से प्रकाशित चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी की पुष्टि की है। यह खोज इस ओर इशारा करती है कि चंद्रमा की सतह पर हर जगह पानी के अणु हो सकते हैं और ये केवल ठंडी तथा छायादार जगहों पर ही नहीं होते जैसा कि पहले समझा जाता था।

अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने नासा की स्ट्रेटोस्फेयरिक ऑब्जर्वेटरी फॉर इन्फ्रारेड एस्ट्रोनॉमी (सोफिया) के डेटा का इस्तेमाल करते हुए क्लेवियस क्रेटर में पानी के अणुओं (एच2ओ) का पता लगाया है। यह क्रेटर चंद्रमा पर स्थित सबसे बड़े गड्ढों में से एक है और उसके दक्षिणी गोलार्द्ध पर स्थित है। इसे पृथ्वी से देखा जा सकता है। इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-1 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर किए गए अध्ययन समेत अन्य अध्ययनों में हाइड्रोजन के एक प्रकार का पता लगाया गया था, वहीं नासा के वैज्ञानिकों का कहना था कि पानी और उसके करीबी रासायनिक संबंधी हाइड्रॉक्सिल (ओएच) के बीच फर्क स्पष्ट नहीं हो पाया है।

पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित वर्तमान अध्ययन का ब्योरा से पता चलता है कि क्लेवियस क्रेटर क्षेत्र में 100 से 412 भाग प्रति दस लाख की सांद्रता वाला पानी है जो चंद्रमा की सतह पर फैली धूल के एक घन मीटर आयतन वाले क्षेत्र में है और करीब-करीब 12 औंस की पानी की एक बोतल के बराबर है। अनुसंधानकर्ताओं ने तुलना के तौर पर कहा है कि सोफिया ने चंद्रमा की सतह पर पानी की जितनी मात्रा का पता लगाया है, सहारा रेगिस्तान में उससे सौ गुना ज्यादा पानी है। हवाई यूनिवर्सिटी की प्रमुख अध्ययनकर्ता केसी होनीबॉल ने कहा, सोफिया के अध्ययन से पहले हम जानते थे कि एक प्रकार का हाइड्रेशन (जलयोजन) होता है। लेकिन हम यह नहीं जानते थे कि कितना होता है और उसमें उस पानी के कितने अणु हैं जो हम रोजाना पीते हैं। या फिर साफ-सफाई में इस्तेमाल होने जैसा पानी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पानी की बहुत कम मात्रा का पता चला है लेकिन यह खोज नए प्रश्न उत्पन्न करती है कि पानी का सृजन कैसे हुआ और यह बिना हवा वाली चंद्रमा की सतह पर कैसे रहता है।

# ताइवान को 2.37 अरब डॉलर के हथियार बेचेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने ताइवान को 2.37 अरब डॉलर में हार्पून मिसाइल प्रणालियों की बिक्री संबंधी योजना के बारे में सोमवार को अधिसूचित किया। इससे कुछ ही घंटे पहले चीन ने बोइंग समेत अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। हार्पून सौदे में बोइंग मुख्य ठेकेदार कंपनी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता कायम रहने में अमेरिका का हित है और अमेरिका ताइवान की सुरक्षा को सीमावर्ती हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए अहम मानता है। उसने कहा कि इस बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। हार्पून मिसाइल पोतों और भूमि पर लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। बोइंग ने कहा कि यह मिसाइल 500 पाउंड आयुध ले जाने में सक्षम है।

यह तटीय रक्षा स्थलों, सतह से वायु पर मिसाइल स्थलों, विमानों, बंदरगाहों में पोतों, बंदरगाहों और औद्योगिक केंद्रों पर निशाना साधने में सक्षम है। इससे पहले, चीन ने सोमवार को कहा था कि वह ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने के कारण बोइंग और लॉकहीड मार्टिन



समेत शीर्ष अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा था, चीन कई मौकों पर कह चुका है कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री करना चीनी नीति की अवहेलना करने के साथ ही संप्रभुता और सुरक्षा हितों को धता बताना है। हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं। उन्होंने कहा था, अपने हितों की रक्षा के लिए हमने जरूरी कदम उठाने का फैसला किया है। हम हथियारों की बिक्री में शामिल अमेरिकी कंपनियों पर पाबंदी लगाएंगे।

उन्होंने कहा था कि जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, उनमें बोइंग, लॉकहिड मार्टिन और रेथियॉन भी शामिल हैं। चीन और ताइवान 1949 के गृहयुद्ध में विभाजित हो गए थे और उनमें कोई कूटनीतिक रिश्ता नहीं है। चीन दावा करता है कि लोकतांत्रिक नेतृत्व वाला द्वीप उसके मुख्य भू-भाग का हिस्सा है। चीन उस पर आक्रमण की धमकी देता रहता है।

### सीरिया में हवाई हमले में अलवायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए

वाशिंगटन। अमेरिका का मानना है कि पिछले हफ्ते सीरिया में उसके द्वारा किए गए हवाई हमले में अलकायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए। हमले के वक्त संगठन के नेता इदलिब के निकट बैठक कर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सेंट्रल कमान की प्रवक्ता मेजर बेथ रिऑर्डन ने बताया कि हवाई हमला 22 अक्टूबर को किया गया। हालांकि उन्होंने मारे गए अलकायदा नेताओं के नाम नहीं बताए हैं। रिऑर्डन ने कहा, अलकायदा के उन नेताओं के मारे जाने से आतंकवादी संगठन की साजिश रचने की और दुनियाभर में हमले करने की क्षमता प्रभावित होगी।

उन्होंने कहा, अलकायदा उत्तरपश्चिमी सीरिया में अस्थिरता का फायदा उठाता है और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इसका सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करता है। रिऑर्डन ने कहा, हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ हम अलकायदा और अन्य आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना जारी रखेंगे। अमेरिका ने इदलिब के निकट 15 अक्टूबर को भी अलकायदा के खिलाफ हवाई हमला किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी अफगान में पुलिस अड्डे पर हमला, तीन लोगों की मौत

काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक पुलिस अड्डे पर मंगलवार को तालिबान आतंकवादियों ने समन्वित हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। अफगान अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खोस्त के प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक हबीब शाह अंसारी ने कहा कि अब तक तीन शव और लगभग 30 घायल अस्पताल लाए गए, जिसमें सैनिक और असैन्य नागरिक दोनों शामिल हैं। खोस्त में यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पहली बार दोनों पक्षों के बीच कतर में शांति वार्ता हुई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरन ने कहा कि एक पुलिस विशेष बल के एक अड्डे के पास मंगलवार सुबह विस्फोटकों से भरे एक वाहन के जरिए विस्फोट किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कम से कम चार हमलावर मारे गए और अफगान सेना की दो अन्य लोगों के साथ मुठभेड़ चल रही है। अरन ने कहा कि हमलावरों और अफगान बलों के बीच गोलीबारी चल रही है, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अफगानिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से में एक अभियान के दौरान एफबीआई की वांछित सूची में शामिल एक शीर्ष अल-कायदा प्रचारक को मार गिराया है।

### सीएसबी बैंक, आईआईएफएल ने नए स्थानों में साझेदारी की

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के सीएसबी बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित नए स्थानों में सोने पर कर्ज की पेशकश करने के लिए आईआईएफएल फाइनेंस के साथ करार किया है। एक संयुक्त बयान में इसकी जानकारी दी गई। इस साझेदारी के तहत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आईआईएफएल सीएसबी बैंक के लिए व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगी और उन बाजारों से नए व्यवसाय का स्रोत तैयार करेगी, जहां सीएसबी बैंक के पास पर्याप्त शाखा नेटवर्क नहीं है। आईआईएफएल अपने विशाल शाखा नेटवर्क के जरिए सीएसबी बैंक को ग्राहकों और ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे हिस्सों में प्रवेश करने में मदद करेगी, जहां बैंक की अभी पर्याप्त पहुंच नहीं है। संयुक्त बयान में कहा गया कि इस व्यवस्था से ग्राहक आधार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों के लिए ई-बोर्डिंग सुविधा शुरू

हैदराबाद। हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए कागजरहित ई-बोर्डिंग सुविधा शुरू की है। यह ऐसा करने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है। हैदराबाद हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी जीएमआर समूह ने मंगलवार को यह कहा। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि जीएमआर समूह के नियंत्रण वाले हवाई अड्डे के पास पहले से ही भारत के पहले और एकमात्र ऐसा हवाई अड्डा होने का श्रेय है, जो सभी उड़ानों में अपने सभी घरेलू यात्रियों को ई-बोर्डिंग की सुविधा प्रदान करता है। कंपनी ने कहा कि यह सेवा अभी इंडिगो एयरलाइंस की चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए उपलब्ध है। उसने कहा कि सघन व सफल परीक्षण के बाद सरकार से मंजूरी मिलने पर उसने अपनी ई-बोर्डिंग सेवाओं को शुरू किया है। इस शुरुआत में इंडिगो साझेदार कंपनी है। इस तरह से ई-बोर्डिंग सुविधा देने के मामले में इंडिगो पहली भारतीय विमानन कंपनी बन गई है। इंडिगो की दो शारजाह जाने वाली उड़ान के यात्रियों ने दो अक्टूबर को इस सुविधा का लाभ उठाया।

### ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों की जांच के लिए माइक्रोसॉफ्ट

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया के साथ मिलकर ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों के परीक्षण के लिए स्मार्टफोन आधारित तकनीक विकसित की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नई प्रौद्योगिकी एचएएमएस (हार्नेसिंग ऑटोमोबाइल फॉर सेफ्टी) को उत्तराखंड सरकार के परिवहन विभाग के सहयोग से स्वचालित ड्राइविंग जांच केंद्र (एडीटीएस), देहरादून में लगाया गया है। कंपनी ने कहा कि उसके द्वारा प्रवर्तित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च और माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया संयुक्त तौर पर प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण कर रहे हैं।

### विस्तार भारत-बांग्लादेश के बीच पांच नवंबर से शुरू करेगी उड़ानें

मुंबई। निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी विस्तार पांच नवंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच अपनी उड़ानें शुरू करेगी। कंपनी इनकी शुरुआत दोनों देशों के बीच विशेष द्विपक्षीय उड़ान समझौते (एयर बबल पैक्ट) के तहत करेगी। विस्तार की इस घोषणा से एक दिन पहले ही स्पाइस जेट ने भी बांग्लादेश के लिए आठ उड़ानें शुरू करने की घोषणा की थी। इसमें चटगांव, ढाका इत्यादि के लिए उड़ानें शामिल हैं। विस्तार ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि वह दोनों देशों की राजधानियों के बीच पांच नवंबर से एक सीधी उड़ान शुरू करेगी। यह सप्ताह में दो दिन बृहस्पतिवार और रविवार को होगी। इसके लिए, एयरबस ए320 नियो विमान का उपयोग किया जाएगा। कोविड-19 के दौर में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर विभिन्न तरह के प्रतिबंध हैं। ऐसे में कई देशों ने अपनी सुविधा और आवश्यकतानुसार द्विपक्षीय विशेष उड़ान समझौते किए हैं। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लेस्ली थेंग ने कहा कि हमें अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार करते हुए खुशी है। इस चुनौतीपूर्ण समय में भी हम लगातार अपनी वैश्विक मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। इससे पहले नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 17 अक्टूबर को ट्वीट कर घोषणा की थी कि भारत-बांग्लादेश के बीच हर हफ्ते 28 उड़ानों का परिचालन होगा।


### कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को एल्युमीनियम की कीमत 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 154.40 रुपये प्रति किग्रा रह गई। एमसीएक्स में एल्युमीनियम के अक्टूबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 1.55 रुपये अथवा 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 154.40 रुपये प्रति किग्रा रह गई जिसमें 150 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यतः एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### सिएट का शुद्ध लाभ चार होकर 182 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। टायर बनाने वाली कंपनी सिएट का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में चार गुना होकर 182.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी को साल भर पहले की समान तिमाही में 43.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य अवधि के दौरान कंपनी की परिचालन आय साल भर पहले के ,691.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,978.47 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसने नागपुर स्थित विनिर्माण संयंत्र के दूसरे चरण को शुरू कर लिया है। इसकी शुरुआत 24 अगस्त से की गई।

### वैज्ञानिकों ने कोरोना रोगियों में हृदय संबंधी नुकसान का पता लगाया



न्यूयार्क। वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के मरीजों की हृदय की मांसपेशियों में तीन प्रकार की क्षति की पहचान की है जिनका संबंध प्राणघातक खून के थक्कों और हृदयाघात से है। शोध के निष्कर्षों के जरिए संवेदनशील लोगों की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक हृदय की इन असामान्य परिस्थितियों का संबंध अस्पताल में भर्ती कोविड-19 के मरीजों की जान जाने के अत्यधिक जोखिम से जुड़ा है। अमेरिका में माउंट सिनाई अस्पताल के शोधकर्ताओं समेत अन्य शोधकर्ताओं का मानना है कि इस शोध से चिकित्सकों को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में हृदय संबंधी क्षति के बारे में बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इस तरह वे जल्द पता लगा सकेंगे कि किन मरीजों को जोखिम अधिक है और कौन सा उपचार कारगर होगा। इस शोध में वैज्ञानिकों ने ट्रोपोनिन नाम के प्रोटीन का स्तर देखा। इस प्रोटीन का स्राव हृदय की मांसपेशी में क्षति पहुंचने पर होता है। इसमें इकोकार्डियोग्राम से हृदय में असामान्यता भी देखी गई। शोध में वैज्ञानिकों ने कोविड-19 से पीड़ित 305 मरीजों के हृदय का स्कैन देखा। इन मरीजों की औसत आयु 63 वर्ष थी। इनमें से 190 मरीजों के हृदय की कोशिकाओं में क्षति के लक्षण मिले।

# बिहार में बदलाव की बयार, जनता की आवाज महागठबंधन के साथः सोनिया

**बिहार विधानसभा चुनाव**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाताओं से महागठबंधन को समर्थन देने की अपील करते हुए मंगलवार को कहा कि प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही है और लोगों की आवाज राजद, कांग्रेस एवं वाम दलों के गठबंधन के साथ है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र और बिहार में फिलहाल बंदी सरकारें हैं, जिन्होंने नोटबंदी, तालाबंदी, व्यापारबंदी, आर्थिकबंदी, खेत-खलिहान बंदी और रोटी-रोजगारबंदी की है।

सोनिया ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आज बिहार में सत्ता और उसके अहंकार में डूबी सरकार अपने रास्ते से भटक गई है। न उनकी करनी अच्छी है, न कथनी। मजदूर आज मजबूर है। किसान आज परेशान है। नौजवान आज निराश है। उन्होंने यह दावा भी किया, अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। धरती के बेटों पर आज गंभीर संकट है। दलितों और महादलितों को बदहाली के कगार पर लाकर छोड़ दिया गया है। समाज के पिछड़े वर्ग भी इसी बदहाली के शिकार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की जनता की आवाज कांग्रेस महागठबंधन के साथ है। यही है आज बिहार की पुकार।

उन्होंने दावा किया, दिल्ली और बिहार की सरकारें, बंदी सरकारें हैं, नोटबंदी, तालाबंदी, व्यापारबंदी, आर्थिक बंदी, खेत-खलिहान बंदी, रोटी-रोजगार बंदी। इसीलिए, बंदी सरकार के खिलाफ अगली नस्ल और अगली फसल के लिए, एक नए बिहार के निर्माण के लिए, बिहार की जनता तैयार है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब बदलाव की बयार है। क्योंकि बदलाव जोश है, ऊर्जा है, नई सोच है और शक्ति है। अब नई इबारत लिखने का समय आ गया है। सोनिया के मुताबिक, बिहार के हाथों में गुण है, हुनर है, ताकत है, निर्माण की शक्ति है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन, महंगाई, भुखमरी ने उनकी आंखों में आंसू और पैरों में छाले दे दिए हैं। जो शब्द कहे नहीं जा सकते, उसे आंसुओं से कहना पड़ता है। भय, डर, खौफ, अपराध के आधार पर नीति और सरकारें खड़ी नहीं की जा सकतीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, बिहार भारत का आईना है, एक आशा है। भारत का विश्वास है, जोश है जुनून है। बिहार के किसान, युवा, मजदूर, भाई और बहनें सिर्फ बिहार में नहीं बल्कि पूरे भारत और दुनिया के कोने कोने में हैं। आज वही बिहार अपने गांव, कस्बे, शहरों, खेतों और खलिहानों में अपनी शान और भविष्य के लिए नए बदलाव को तैयार है।

सोनिया ने मतदाताओं से अपील की, आज वक्त है अंधेरे से उजाले की ओर, झूठ से सच की ओर, वर्तमान से भविष्य की ओर बढ़ने का। ज्ञान की धरती कहे जाने वाले बिहार की जनता से मेरी अपील है कि वो महागठबंधन के उम्मीदवारों को वोट दें और नए बिहार का निर्माण करें।

## बिहार में जाति की गोलीबंदी से बाहर निकल चुका हैः वशिष्ठ नारायण

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं, लेकिन बिहार की जनता जाति आधारित गोलबंदी से बाहर निकल कर विकास का रास्ता अपना चुकी है। सिंह ने कहा, बिहार उस छाया से निकल चुका है जहां सिर्फ जाति के आधार पर गोलबंदी होती थी। लेकिन तेजस्वी यादव आज भी अपने पिता (लालू प्रसाद) के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं। जातपात करने वाले ऐसे लोगों से प्रदेश के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज बिहार की जनता विकास के रास्ते को अपना चुकी है, लोग सामाजिक रूप से जागरूक हुए हैं और हर चीज की विवेचना करने के बाद निर्णय करते हैं। नीतीश कुमार के प्रति लोगों की नाराजगी के बारे में एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, नाराजगी नहीं है। कोई काम करता है तब उसी से लोगों की अपेक्षा रहती है, काम नहीं करने वाले से कोई अपेक्षा नहीं रहती है। नीतीश से लोगों की अधिक अपेक्षाएं हैं। समाज और सरकार में जब रिश्ता मजबूत हो जाता है, तब लोगों की सरकार से ऐसी ही अपेक्षाएं हो जाती हैं।

## चुनाव के बाद नीतीश को बिहार से गायब कर देगी भाजपा : सुरजेवाला



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े भाजपा के विज्ञापनों एवं पोस्टरों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर नहीं होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने नीतीश को अभी पोस्टर से गायब किया है, लेकिन 10 नवंबर को बिहार से ही गायब कर देगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि नीतीश कुमार के खिलाफ लोजपा प्रमुख चिराग पासवान की बयानबाजी के पीछे भाजपा है।

बिहार से संबंधित कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख सुरजेवाला ने एजेंसी से बातचीत में दावा किया, सात नवंबर को मतदान खत्म होने के बाद भाजपा, जद (यू) को कूड़ेदान में डाल देगी। ये लोग नीतीश बाबू को दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक देंगे। इसीलिए लोक जनशक्ति पार्टी को जद (यू) की सारी सीटों पर खड़ा किया है और भाजपा के 50 उम्मीदवार लोजपा के चुनाव चिन्ह पर जदयू के खिलाफ लड़ रहे हैं। नीतीश की तस्वीरें भाजपा के पोस्टरों में नहीं होने का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, नीतीश अभी पोस्टर से गायब हुए हैं, लेकिन भाजपा 10 नवंबर (मतगणना के दिन) को उन्हें बिहार से गायब कर देगी। यही भाजपाई षड्यंत्र है।

# दूसरे चरण के 34 फीसद उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामलेः एडीआर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बिहार** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मैदान में डटे 1463 उम्मीदवारों में से 34 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। एक गैर सरकारी संगठन ने इसकी जानकारी दी है। चुनाव संबंधी गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि करीब 27 प्रतिशत तथा कुल 389 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। ये गंभीर मामले गैर जमानती अपराध हैं और इसमें पांच साल से अधिक की सजा हो सकती है। इसके अनुसार कुल 502 उम्मीदवार अथवा 34 प्रतिशत प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है।

संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 34 फीसद अथवा 495 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति करोड़ों में बताई है, जबकि तीन उम्मीदवारों ने कहा है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल के 56 उम्मीदवारों में से 64 प्रतिशत अथवा 36 उम्मीदवारों ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है और 50 फीसदी अथवा 28 उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले बताए हैं। इसमें कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के 46 उम्मीदवारों में से 29 ने आपराधिक मामले जबकि 20 ने गंभीर आपराधिक मामले अपने हलफनामे में बताए हैं। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार लोक जनशक्ति पार्टी के 52 उम्मीदवारों में से 28 ने आपराधिक मामले जबकि 24 ने गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। कांग्रेस के 24 उम्मीदवारों में से 14 ने, बसपा के 33 में से 16 ने तथा जद (यू) के 43 में से 20 उम्मीदवारों ने अपने अपने हलफनामे में आपराधिक मामलों की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार बसपा के 14, कांग्रेस के 10 तथा जद (यू) के 15 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। इसके अनुसार 49 उम्मीदवारों ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घोषणा की है जबकि इनमें से चार ने कहा है कि उनके खिलाफ बलात्कार से संबंधित मामले चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हलफनामे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या एवं 143 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले लंबित हैं। इसमें कहा गया है कि दूसरे चरण की 94 सीटों में से 84 सीटों को रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र घोषित किया गया है। रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र वे होते हैं जहां तीन या उससे अधिक ऐसे उम्मीदवार चुनाव मैदान में होते हैं जो अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा करते हैं।

## चुनाव से पहले चुनावी बांड योजना के खिलाफ एनजीओ की याचिका

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक गैर सरकारी संगठन ने राजनीतिक दलों के लिए कोष जुटाने वाली, 2018 की चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय से जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इससे पहले इस साल जनवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान इस याचिका पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए आवेदन दाखिल किया था। शीर्ष अदालत ने इस योजना पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अंतरिम राहत के लिए दाखिल आवेदन पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह के भीतर 20 जनवरी तक जवाब मांगा था, लेकिन इसके बाद यह याचिका अभी तक सूचीबद्ध ही नहीं हुई। कोविड-19 महामारी के बीच ही बिहार विधानसभा के लिए 28 अक्टूबर से सात नवंबर के बीच तीन चरणों में चुनाव हो रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने भाजपा नेता खुशबू सुंदर को लिया हिरास्त में

**चेन्नई।** मनुस्मृति विवाद में मंगलवार को भाजपा नेता खुशबू सुंदर और कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने एहतियात के तौर पर यहां हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि सुंदर और अन्य को तब हिरासत में लिया गया जब वे विदुतलाई चिरूतैगल काची (वीसीके) प्रमुख थोल थिरुमावलवन के महिलाओं के बारे में कथित टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए चिदंबरम शहर की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे। थिरुमावलवन कुड्डालोर जिले में चिदंबरम लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अगर उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति दी जाती तो कानून-व्यवस्था का मुद्दा हो सकता था और एहतियाती तौर पर उन्हें हिरासत में लिया गया। जब खुशबू और अन्य कार्यकर्ताओं को ईस्ट कोस्ट रोड पर एक रिसार्ट के परिसर में रखा गया, तो उन्होंने नारेबाजी करते हुए थिरुमावलवन की गिरफ्तारी की मांग की। परिसर में धरना दे रहीं खुशबू सुंदर ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ थिरुमावलवन की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया गया। मैं उन्हें बड़ा भाई कहती हूं और उनका काफी सम्मान करती हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि इस टिप्पणी के बाद मैं उन्हें क्या कहकर संबोधित करूंगी।

## जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ राजपूतों की नारेबाजी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** विजय दशमी पर राजपूत समुदाय के मंगलवार को यहां आयोजित पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह के दौरान थोड़ी देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई, जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाषण के बीच कुछ श्रोताओं ने जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। सूबे की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को होने वाले उप चुनावों से पहले आयोजित इस समारोह में चौहान अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बावजूद शरीक हुए। इसमें राजपूत समुदाय के सैकड़ों लोगों के साथ भाजपा नेता भी शामिल हुए। चश्मदीदों के मुताबिक, समारोह में मुख्यमंत्री का भाषण जब समाप्ति की ओर था, तब श्रोताओं में शामिल कुछ महिलाएं और पुरुष अपनी कुर्सी से उठे और जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ अचानक नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने 'मामाजी (चौहान का लोकप्रिय उपनाम) सबको नौकरी दो' और 'हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते' जैसे नारे भी लगाए। नारेबाजी के बीच अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम का हवाला देकर मुख्यमंत्री समारोह स्थल से रवाना हो गए। नारे लगाने वाली महिलाओं में शामिल सरला सोलंकी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकारी क्षेत्र की शिक्षा तथा नौकरियों में समाज के सभी वर्गों को समान अवसर दिए जाने चाहिए और जातिगत आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था खत्म की जानी चाहिए। कार्यक्रम में हंगामा करने वाले मनोहर रघुवंशी ने खुद को कांग्रेस समर्थक बताते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री को चुनावों के दौरान ही राजपूत समुदाय की याद आती है। मैं जब इस बात को लेकर उनके सामने विरोध जता रहा था, तो कुछ पुलिस कर्मी मुझे पकड़कर ले गए और बाथरूम के पास एक कोने में बंद कर दिया। इस तरह मेरी आवाज को दबा दिया गया।'इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया कि भोपाल की मनुआभान टेकरी पर रानी पद्मावती का स्मारक बनाने का फैसला काफी पहले ही किया जा चुका है और इसके लिए प्रदेश की राजधानी में जमीन भी आरक्षित हो चुकी है।

## यूएई में यात्रियों के लिए कोरोना जांच की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात में अपने यात्रियों के लिए वीएफएस ग्लोबल के सहयोग से कोविड-19 जांच की शुरुआत की है। यह जानकारी मंगलवार को एयरलाइन की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। इसमें बताया गया, यात्रियों के लिए चूंकि कोविड-19 नेगेटिव रिपोर्ट जरूरी की गई है, खासकर अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए, इसलिए यात्रियों के बीच यात्रा पूर्व विभिन्न नियमों के अनुपालन की प्रक्रिया को लेकर आशंकाएं हैं। एयरलाइन ने बताया कि यात्री आपके द्वार सेवा का इस्तेमाल कर घर सहित अपनी पसंद के स्थान पर नमूने दे सकते हैं। इसने बताया कि जांच के लिए समय बुकिंग सेवा वीएफएस ग्लोबल की तरफ से पेशकश की जा रही है। विज्ञप्ति में बताया गया कि संबंधित प्रयोगशाला 24 से 60 घंटे के अंदर व्यक्ति के ई-मेल पर रिपोर्ट भेज देंगी और इसे गोपनीय रखा जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत में यात्री मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरू, जालंधर, चंडीगढ़, अहमदाबाद और पुणे में आईसीएमआर से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में नमूने दे सकते हैं। इसमें कहा गया है, यूएई से यात्रा करने वाले लोग अपने नमूने अजमान, अबूधाबी, दुबई या शारजाह में सत्यापित प्रयोगशालाओं या यूएई के अंदर अपनी पसंद के स्थान पर नमूने दे सकते हैं। देश में कोरोना वायरस महामारी के कारण दो महीने तक घरेलू विमान सेवाएं स्थगित रहने के बाद इसे 25 मई से फिर से शुरू किया गया था।

## भाजपा को हटाने के लिए सपा के साथ आ रहे लोगः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका लक्ष्य 2022 में होने वाला विधानसभा चुनाव है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा सरकार झूठी है और इसको हटाने के लिए लोग समाजवादी पार्टी के साथ आ रहे हैं। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में कई प्रमुख नेताओं के सपा में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में जो चुनाव होने जा रहा है, वह न केवल उत्तर प्रदेश का चुनाव होगा बल्कि देश की राजनीति का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का लक्ष्य 2022 है और उसकी शुरुआत उप्र चुनाव से हो रही है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए अखिलेश ने दावा किया कि उप चुनाव में सपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहेगा। सपा मुख्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पांच बार सांसद रह चुके सलीम शेरवानी, अंबेडकर नगर के पूर्व बसपा सांसद त्रिभुवन दत्त समेत कई प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उत्साहित अखिलेश यादव ने साफ संकेत दे दिया कि वह आने वाले समय में छोटे दलों के साथ समझौता कर चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रयास होगा कि और लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए। अखिलेश की पत्रकार वार्ता में जनवादी पार्टी के अध्यक्ष डाक्टर संजय चौहान और महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य मौजूद थे। अखिलेश ने इन नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि संजय चौहान लोकसभा का चुनाव हमारी पार्टी से लड़े और अगर भारतीय जनता पार्टी ने बेईमानी न की होती तो आज ए सांसद होते। लंबे समय बाद पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कोविड-19 में सरकार पर कम जांच कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार और सरकार के लोग न तो बीमारी से लड़ रहे हैं और न ही अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों को कोई सुविधा दे पा रहे हैं।

# हिज्बुल के सरगना सलाहुद्दीन, आईएम के भटकल बंधु आतंकवादी घोषित

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**प्रतिबंधित** संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाउद्दीन और इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक भटकल बंधुओं सहित 18 लोगों को आतंकवाद विरोधी संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत तैयार की गई इस सूची में 1999 में इंडियन एयरलाइन्स के विमान का अपहरण करने वाले अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और यूसुफ अजहर भी शामिल हैं। इससे पहले, केवल संगठनों को इसके तहत आतंकवादी घोषित किया जाता था। प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं (शून्य सहनशीलता) की अपनी नीति की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार ने यूएपीए के प्रावधानों के तहत 18 और लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। उन्होंने कहा, ये लोग सीमा पार से आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों में शामिल हैं और देश को अस्थिर करने की नापाक कोशिशें कर रहे हैं। इस सूची में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर साजिद मीर भी शामिल है, जो 26-11 के मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक है। 26-11 मुंबई आतंकवादी हमले का आरोपी एवं लश्कर कमांडर यूसुफ मुजम्मिल, लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बहनोई अब्दुर रहमान मक्की भी इस सूची में शामिल है। राजनीतिक मामलों का प्रमुख मक्की संगठन के विदेशी मामलों से जुड़े विभाग के लिए भी काम कर चुका है।

इनके अलावा सूची में इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक रियाज इस्माइल शाहबन्द्री उर्फ रियाज भटकल और उसका भाई मोहम्मद इकबाल उर्फ इकबाल भटकल भी शामिल है। ये दोनों जर्मन बेकरी (2010), चिन्नास्वामी स्टेडियम, बैंगलोर (2010), जामा मस्जिद (2010), शीतलाघाट (2010) और मुंबई (2011) हमले सहित कई आंतकवादी कृत्यों में शामिल रहे हैं। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के चार करीबी सहयोगी-शेख शकील उर्फ छोटा शकील, मोहम्मद अनीस शेख, इब्राहीम मेमन उर्फ टाइगर मेमन और जावेद चिकना भी इस सूची में शामिल है। इन्हें संयुक्त राष्ट्र भी आतंकवादी घोषित कर चुका है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के फलाह-ए-इन्सानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) के पाकिस्तान स्थित उप प्रमुख शाहिद महमूद उर्फ शाहिद महमूद रहमतुल्ला को भी आतंकवादी घोषित किया गया है। फलाह-ए-इन्सानियत आतंकी गुट लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन है।

अक्षरधाम मंदिर (2002) और हैदराबाद में टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमले (2005) में शामिल पाकिस्तान के आतंकवादी फरहतुल्लाह गोरी उर्फ अबू सूफियान तथा, जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूर अजहर के तीन परिवार वाले- अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और यूसुफ अजहर भी शामिल हैं। हिज्बुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन, उसके साथी गुलाम नबी खान उर्फ आमिर खान, पाकिस्तान के एक आतंकवादी और जैश के सियालकोट सेक्टर का कमांडर शाहिद लतीफ तथा हिज्बुल मुजाहिदीन के वित्तीय मामलों को संभालने वाला पाकिस्तान का जफर हुसैन भट भी इस सूची में शामिल है।

# हाथरस मामले की सीबीआई जांच की निगरानी इलाहाबाद हाईकोर्ट करेगाः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की एक दलित लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार और फिर उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो करेगा और इलाहाबाद उच्च न्यायालय इसकी निगरानी करेगा। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पीड़ित परिवार के सदस्यों और गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने और इसकी सीबीआई जांच की निगरानी सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगा।

पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश से बाहर कराने के मुद्दे पर सीबीआई की जांच पूरी होने के बाद ही विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने हाथरस की घटना को लेकर गैर सरकारी संगठन, अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा दायर कई याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। इन याचिकाओं में दावा किया गया था कि यूपी में इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है क्योंकि जांच को पहले ही कुंद कर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई अपनी जांच की प्रगति रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश करेगी। पीठ ने उप्र सरकार के अनुरोध पर विचार किया और उच्च न्यायालय से कहा कि वह लंबित जनहित याचिका में दिए गए अपने आदेशों में से एक से पीड़ित का नाम हटाए। हाथरस के एक गांव में 14 सितंबर को 19 वर्षीय दलित लड़की से अगड़ी जाति के चार लड़कों ने कथित रूप से बलात्कार किया था।

## सरकारी रिवॉल्वर से गोली मारकर सिपाही ने की आत्महत्या

**संभल (यूपी)।** जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी में तैनात सिपाही ने मंगलवार को सरकारी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि हयात नगर पुलिस चौकी में तैनात 26 वर्षीय सिपाही अंकित यादव ने सरकारी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि यादव 2016 बैच के सिपाही थे। फॉरेंसिक टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गोवा में आगामी विधानसभ चुनाव लड़ेगी राकांपाः पटेल

**पणजी।** गोवा में 2022 में होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और समान विचार वाले दलों के साथ गठबंधन के बारे में विचार करेगी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पटेल ने कहा कि पार्टी अकेले प्रदेश की सभी 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की स्थिति में होगी और गठबंधन की स्थिति में सीटों के बंटवारे पर बाद में चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राकांपा समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिल कर गोवा में अगली सरकार बनाने की स्थिति में होगी और पार्टी, लोगों को कांग्रेस और भाजपा का विकल्प मुहैया कराएगी। पटेल ने कहा कि हम अगले डेढ़ साल तक कठिन मेहनत करेंगे। हम महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ मंत्री को गोवा का प्रभारी नियुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को राकांपा पणजी में अपने प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ करेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा एक विश्वसनीय नेतृत्व एवं एक विकल्प देगी। पार्टी को मानने वाले गोवा में पर्याप्त संख्या में लोग हैं। लोगों का विश्वास एवं भरोसा जीतने के लिए पार्टी कड़ी मेहनत करेगी।

# पूरा देश रेहड़ी पटरी वालों के श्रम का सम्मान करता है : मोदी

**एजेंसी।** लखनऊ



**देश** की अर्थव्यवस्था में रेहड़ी पटरी वालों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी ईमानदारी की भावना की सराहना की और कहा कि गरीब कभी ईमानदारी और आात्मसम्मान से समझौता नहीं करता है और आज पूरा देश उनके श्रम का सम्मान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभ पाने वाले उत्तर प्रदेश के रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से वर्चुअल मीडिया के जरिए मुखातिब थे।

मोदी ने कहा कि घपले-घोटाले करने वालों ने बेईमानी का सारा ठीकरा गरीबों के सिर फोड़ने की कोशिश की और उन लोगों ने ऐसी हवा बना दी थी कि गरीब को लोन दे दो तो पैसा लौटाएगा नहीं, लेकिन उन लोगों को जवाब मिल गया है जो गरीबों को बैंकिंग से जोड़ने का उपहास उड़ाते थे। मोदी ने कहा कि गरीब कभी ईमानदारी और आत्मसम्मान से समझौता नहीं करता है और देश के सामने गरीबों ने अपनी ईमानदारी का उदाहरण पेश किया है। प्रधानमंत्री ने आगरा की प्रीति, वाराणसी के अरविंद मौर्या और लखनऊ के विजय बहादुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया और कोरोना काल में आई उनकी दिक्कतों और पीएम स्वनिधि योजना से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा देश आपके श्रम का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आबादी में रेहड़ी पटरी वाले, लोगों की आवश्कता पूरी करते हैं और देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश में पीएम स्वनिधि योजना में उत्तर प्रदेश अव्वल है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस योजना में 25 लाख आवेदन आए हैं और 12 लाख से ज्यादा को स्वीकृति दे दी गई है। मोदी ने कहा कि साढ़े छह लाख आवेदन केवल उत्तर प्रदेश से आए जिसमें पौने चार लाख को मंजूरी दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने इस योजना की सफलता के लिए बैंककर्मियों की खूब प्रशंसा की।

मोदी ने लाभार्थियों को नसीहत दी और बताया कि समय से कर्ज अदायगी पर सात प्रतिशत की छूट मिलेगी और डिजिटल लेन देन में सौ रुपये प्रतिमाह कैशबैक के रूप में मिलेंगे। उन्होंने कोरोना काल में सावधानी बरतने की हिदायत के साथ ही यह भी कहा कि आपके चेहरों पर खुशी देखकर मुझे संतोष मिलता है। प्रधानमंत्री ने स्वनिधि योजना की लाभार्थी आगरा की प्रीति से संवाद करते हुए उनके कारोबार के बारे में जानकारी ली। प्रीति ने बताया कि पहले सब्जी बेचते थे, लेकिन कोरोना की आपदा आई तो आपने डूबते को तिनके का सहारा दिया। दस हजार रुपये कर्ज मिले, फलों का ठेला लगा लिया। प्रीति ने प्रधानमंत्री से अपने पति राधेश्याम की भी बात कराई।

## प्रधानमंत्री ने की कोरोबारियों की सराहना

वाराणसी के अरविंद मौर्या ने मोमोज और कॉफी बेचने तथा कोरोना के प्रति लोगों को जागरुक करने के अपने अभियान की जानकारी दी। मोदी ने अरविंद मौर्या से कहा कि बनारस के लोग मोमोज खूब पसंद करते हैं लेकिन मुझे कोई मोमोज नहीं खिलाता है। उन्होंने खुद ही कहा कि सिक्योरिटी वाले बिना चखे मुझे कुछ खाने नहीं देते हैं। लखनऊ के विजय बहादुर ने ठेला लगाकर लइया चना बेचने और उसके प्रति बच्चों के आकर्षण के बारे में बताया। मोदी ने विजय बहादुर से भी उनके कारोबार की जानकारी ली। अपने संबोधन में उन्होंने इन कारोबारियों की सराहना की। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के 651 स्थानीय निकायों के दो लाख 74 हजार पटरी व्ययवासियों को पीएम स्वनिधि योजना से कर्ज मिला और इससे उनके कारोबार और त्यौहार की रौनक बदल गई। योगी ने कहा कि कोरोना संकट में प्रधानमंत्री ने पीएम गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा कर गरीबों के लिए बड़ा प्रयास किया। योगी ने बताया कि 14 करोड़ लाभार्थी हर माह दो बार खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं और यह प्रक्रिया 14 बार अपनाई जा चुकी है।

# महंगाई को लेकर प्रियंका ने यूपी सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने त्योहारों के समय सब्जियों के महंगी होने को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि झूठे प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च करने वाली सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। उन्होंने बाजार में बिक रहीं विभिन्न सब्जियों के दाम का उल्लेख करते हुए ट्वीट किया, पूरे उप्र में त्योहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप्प पड़े हैं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने आरोप लगाया, करोड़ों रुपये झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। प्रियंका ने प्रधानमंत्री के रेहड़ी-पटरी दुकानदारों के साथ संवाद से पहले कहा कि इन छोटे दुकानदारों को विशेष सहायता पैकेज की जरूरत है। उन्होंने कहा, पूरे लॉकडॉउन में रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी-रोटी उजड़ गई। रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं बल्कि एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है।

## ट्रेंड बाजार

### 'सांड की आंख' में अभिनय करना कठिन था: भूमि पेडनेकर



**हाल** ही में आई फिल्म 'सांड की आंख' में एक वृद्ध महिला का चरित्र निभाना कोई सरल कार्य नहीं था। भूमि ने इस फिल्म में चंद्रो तोमर की भूमिका की थी जो देश की सबसे वृद्ध शूटर थीं जिन्होंने अपनी बहन, ये चरित्र तापसी पन्नू ने किया था, के साथ मिलकर भारत के लिए कई सम्मान अर्जित किये। इस फिल्म की शूटिंग के समय की चुनौतियों का स्मरण करते हुए भूमि ने कहा, 'मुझे लगता है कि फिल्म 'सांड की आंख' में यदि शारीरिक कार्य को देखते हुए कठिनाई का स्तर मापा जाएगा तो इसमें ये चुनौती तो थी क्योंकि इसके लिए किया जाने वाला मेकअप विशिष्ट था और उस मेकअप के पीछे रहकर अभिनय करना एक कठिन चुनौती थी। यदि उस अनुभव की बात करें तो वो मेकअप अत्यंत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि ये त्वचा के लिए अच्छा नहीं था और आपकी त्वचा में जलन होने लगती थी। इसके चलते एक बार मुझे एलर्जिक रियेक्शन भी हो गया था।

### चंदन ने की लोगों की समझदारी की प्रशंसा



**चंदन** रॉय सान्याल का कहना है कि 'इस बार पूजा पंडालों में न जाने का लोगों का निर्णय मुझे अच्छा लगा। ये महत्वपूर्ण है कि लोग घर रहकर ही देवी मां को अपनी पूजा अर्पण करें। मुझे पता है कि बंगाली लोगों के लिए ये कठिन हो सकता है क्योंकि नए कपड़े पहनकर, पकवानों का सेवन करना और मां का भोग लगाना संभव नहीं हो सका। लेकिन यदि आप अगले साल की पूजा को देखना चाहते हैं तो आपको सुरक्षित रहना होगा और ध्यान रखना होगा कि आप वायरस की चपेट में न आएं।'

### हसीन दिलरुबा के लिए तापसी ने घुंघराले बाल किए सीधे



**तापसी** पन्नू को अपनी अगली फिल्म 'हसीन दिलरुबा' के लिए अपने घुंघराले बालों को सीधा कराने को लेकर समस्या है। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इस समस्या का उल्लेख किया था। अपनी एक छवि संलग्न करते हुए, जिसमें वो कुछ परेशान दिख रही थीं, उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म 'हसीन दिलरुबा' को लेकर मुझे हर दिन अपने बालों को सीधा करने के लिए उन्हें भूनना पड़ता है।' अपने इस पोस्ट के साथ ही उन्होंने इससे जुड़े कुछ हैशटैग जैसे कर्लीहेयरइश्यूज़, लुकचेंज तथा स्ट्रेसफुलस्ट्रेट, भी संलग्न किये।

### बेन व्हीटले करेंगे शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन

**फिल्म** निर्माता बेन व्हीटले 2018 की प्रागऐतिहासिक शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन करेंगे। उनकी ये घोषणा द मेग द्वारा वैश्विक स्तर पर 530 मिलियन डॉलर की आय को पार करने दो साल बाद आई है। जैसन स्टेथैम की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म का सीक्वेल जल्द ही सामने आ सकता है। इसकी पहली फिल्म का निर्देशन जॉन टर्टलटॉब ने किया था और इसमें स्टैथम को शार्क विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुत किया गया था जो प्रशांत महासागर में दुनिया के सबसे गहरे समुद्र माने जाने वाले मरियाना ट्रेंच में एक विशालकाय शार्क का सामना करता है। इस फिल्म का रूपांतरण स्टीव एल्टन के एक उपन्यास से किया गया था जिसमें ली बिंगबिंग, रेन विल्सन और रूबी रोज़ प्रमुख भूमिकाओं में थे।



# 'अभिनय तो अभिनय है, बस अपना काम गंभीरता से करना है'

सोनी सब चैनल पर चलने वाले शो 'तेरा यार हूं मैं' में प्रताप रतन बंसल की भूमिका निभाने वाले राजेंद्र चावला से अभिनय संसार में उनकी अब तक की यात्रा, उनका ये रोल अब तक की उनकी भूमिकाओं से किस प्रकार भिन्न है और नई परिस्थितियों में वो किस प्रकार कार्य से सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं आदि विषयों पर उनके विचार जाने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने।



**n इस शो 'तेरा यार हूं मैं' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

इस शो में तीन पीढ़ियों – दादा, पिता और पुत्र की तीन पीढ़ियों को दिखाया गया है। मैं इसमें प्रताप रतन बंसल बना हूं जो परिवार में सबसे वयोवृद्ध सदस्य हैं। वो अपना जीवन अपने ढंग से जीना पसंद करते हैं। वो उस युग के हैं जब पिता पुत्र का मित्र नहीं होता था बल्कि जब वो बोलते थे तो पुत्र को केवल सुनना होता था और बीच में किसी प्रकार के प्रश्न पूछने की संभावना भी नहीं होती थी। उनका मानना है कि हर संबंध परिभाषित होता है और उन्हें आपस में मिश्रित नहीं करना चाहिये।

**n आपके अनुसार आपके चरित्र में सबसे अच्छी बात आपको क्या लगती है?**

उनके बात करने में जो नयापन है वो ही रुचिकर लगता है। ऐसा भी नहीं है कि उनका मूड हर समय खराब ही रहता था। लेकिन दूसरा व्यक्ति ये सोच सकता था। वो बहुत मसखरे भी थे। वो अपने पोतों से भी मजाक करते थे। लेकिन उन्हें एक शिकायत भी है। वो चाहते थे कि उनका पोता क्रिकेट खिलाड़ी बनता लेकिन वो नहीं बर सका यही कारण था कि बंसल उसे ताने मारता रहता था। लेकिन वो परिवार से प्रेम और स्नेह तो करता ही था।

**n लॉकडाउन खुलने के बाद शूटिंग पर इतने दिनों बाद वापस आना आपके लिए कितना कठिन था?**

जी बहुत, शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी (वर्चुअल) बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा। उन्होंने बताया था कि प्रोडक्शन हाउस द्वारा सब प्रकार की सावधानियां लेने के बाद भी हमें अपनी सावधानी का स्तर कम नहीं करना चाहिये। लेकिन ये करना बहुत कठिन और भयावह था। वैसे जब हम सेट पर पहुंचते थे तो हम सामान्य रूप से गले मिलते थे लेकिन पहले दिन किसी ने दो लाइन से अधिक नहीं बात की। हर कोई डरा था कि अधिक बात करने से हम निकट आ सकते थे जबकि हमें दूरी बनाए रखनी थी। हमनें आपस में बात करने का प्रयास नहीं किया। अब सबकुछ सामान्य होने में समय तो लगेगा ही।

**n आपने इससे पहले पिता का रोल तो कई बार किया ही है, ये भूमिका किस प्रकार से भिन्न है?**

पहली बात ये कि मैंने ऐसे पिता का कोई रोल नहीं किया जो 1940 या 1950 में जन्मा हो। अब तक मैंने प्रगतिशील पिता का रोल ही किया था। यहां मैंने एक पारंपरिक पिता का रोल किया है जो उससे भिन्न था। इसके अलावा मेरे संवाद बोलने की शैली भी भिन्न हे। मेरा चरित्र मारवाड़ी है। मैं उनके उच्चारण या उनके व्यवहार के बारे में अधिक नहीं जानता।

**n आप इस इंडस्ट्री में पिछले दो दशकों से हैं। आपके सामने किस प्रकार के परिवर्तन हुए हैं?**

पहले कुछ ही लोग होते थे और हमारा काम चल जाता था। अब अनेक लोग हैं और हर किसी का कार्य परिभाषित है। पहले सबकुछ मौखिक चल जाता था लेकिन अब सबकुछ ईमेल से होता है। अब कॉरपोरेट जगत है और ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि अब काम की मात्रा काफी बढ़ गई है।

> शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा।

**n क्या इसका अर्थ ये है कि प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई है?**

जी हां, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि तो हुई ही है। लेकिन अब काम भी पहले से बहुत अधिक हो गया है। अब कई युवाओं को तो काम के लिए संघर्ष भी नहीं करना पड़ता। अब थियेटर है, टीवी है, वेब है और सिनेमा भी उपलब्ध हैं जिनमें आप हर तरह के काम को पा सकते हैं। अब सिनेमा में भी तो परितर्वन आ गया है। ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि युवा पीढ़ी को अब सूचना तक विस्तृत पहुंच सुनिश्चित है।

**n आपने टीवी शोज़ के साथ साथ फिल्में भी की हैं। अभिनय की दृष्टि से दोनों में क्या अंतर है?**


इनमें कोई अंतर नहीं है। हर प्लेटफॉर्म पर फिर चाहे वो थियेटर हो या टीवी और फिल्म, मैंने अपना काम पूरी गंभीरता से किया है। लेकिन हां, सिनेमा में कुछ अंतर है। उसमें आपको सीन के लिए अभ्यास करने का समय मिल जाता है। निर्देशक के पास ये देखने का समय होता है कि उसे चरित्र को कैसे आगे ले जाना है। टीवी पर ये संभव नहीं होता क्योंकि निर्देशक के पास अधिक समय ही नहीं होता। तो वहां हमें सेट पर पहुंचने से पहले 90 प्रतिशत तैयारी करके जाना होता था।

**n आपका अभिनय कॅरियर किस प्रकार प्रारंभ हुआ था?**


ये एक मराठी थियेटर से प्रारंभ हुआ था। उस समय मैं सतीश कौशिक से मिला था और उसके बात फिर थियेटर में आगे बढ़ता गया। उसके बाद मैं मराठी सीरियल में काम करने लगा। चूंकि मेरा कोई गॉडफादर नहीं था तो मेरे काम से ही मुझे काम मिलता गया। आज मैं यहां हूं तो केवल उन लोगों के कारण जिनसे मैं काम के संदर्भ में मिला था। मैं आज भी उनका कृतज्ञ हूं।

**n भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं?**

मैं अभी दो शो में काम कर रहा हूं। पहला तो आपको पता ही है 'तेरा यार हूं मैं' और दूसरा है मेरे डैड की दुल्हन, जो सोनी एंटरटेन्मेंट चैनल पर चल रहा है। बीच में यदि मुझे कोई फिल्म मिल जाती है तो मैं उसे भी कर लूंगा। इसके अलावा मैं युवा निर्देशकों के साथ काम करना पसंद करता हूं। वेब सीरीज़ में अधिक समय नहीं लगता क्योंकि वे सीमित प्रकृति की होती हैं।



## मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने पर फिल्म को मिले प्यार के लिए अमिताभ ने जताया आभार



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को फिल्मकार आदित्य चोपड़ा की फिल्म मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि वह फिल्म को मिलते रहे प्यार के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। मोहब्बतें 27 अक्टूबर, 2000 को रिलीज हुई थी और इसमें बच्चन और शाहरुख खान रुपहले पर्दे पर पहली बार साथ आए थे। इस फिल्म ने अमिताभ के कॅरियर को नई रफ्तार दी थी जो 1990 के दशक में थम सा गया था। फिल्म में अमिताभ ने गुरुकुल नाम के कॉलेज के सख्त प्राचार्य नारायण शंकर का किरदार निभाया था जो काफी मशहूर हुआ था। बच्चन ने ट्विटर पर फिल्म का एक मोंटाज डाला है जिसमें इसका प्रसिद्ध संवाद परंपरा, प्रतिष्ठा, अनुशासन भी है।

उन्होंने ट्वीट किया, मोहब्बतें कई वजहों से खास है। इस खूबसूरत प्रेम कहानी के बीस साल पूरे हुए, भावनाओं का उतार-चढ़ाव रहा। आप इस पर जो प्यार बरसाते रहे, उसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा। फिल्म में ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा, शमिता शेट्टी, जुगल हंसराज, किम शर्मा, जिम्मी शेरगिल और प्रीति झंगियानी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। यह उस साल की सर्वाधिक हिट फिल्मों में शुमार हुई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मूल टीजर साझा किया। उन्होंने लिखा, इसके साथ शुरुआत हुई थी। इस रचना के लिए मेरी मोहब्बतें। किम शर्मा ने कहा, मेरे लिए कितने सौभाग्य की बात थी। दुनियाभर में इस फिल्म के सभी प्रशंसक शानदार हैं। मोहब्बतें चोपड़ा की दूसरी निर्देशित फिल्म थी। इससे पहले वह सुपरहिट दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से निर्देशन में कदम रख चुके थे।

## दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का 77 वर्ष की आयु में निधन

**अहमदाबाद।** फिल्मों से राजनीति में आने वाले दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का मंगलवार को अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज करा रहे थे। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी कौशिक बारोट ने कहा कि 77 वर्षीय अभिनेता ने यूएन मेहता हृदयरोग संस्थान एवं शोध केंद्र में मंगलवार को सुबह 9 बज कर करीब 17 मिनट पर अंतिम श्वांस ली। अधिकारी ने कहा कि 20 अक्टूबर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद कनोडिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर थी और उनकी बाइपास सर्जरी भी हुई। कनोडिया के निधन के दो दिन पहले उनके बड़े भाई और गुजराती गायक महेश कनोडिया का लंबी बीमारी के बाद गांधीनगर स्थित उनके घर में निधन हो गया था। गुजराती सिनेमा के सुपरस्टार नरेश कनोडिया ने अपने कई दशकों के फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था। वे बाद में राजनीति में आ गए थे और 2002 से 2007 तक कर्जन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे। अभिनेता के निधन के बाद कई मशहूर हस्तियों ने शोक संदेशों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, दिग्गज अभिनेता और पूर्व विधायक नरेश कनोडिया के निधन से दुखी हूं। मनोरंजन और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। परिवार के सदस्यों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, दो दिन के अंतराल में हमने महेशभाई और नरेशभाई कनोडिया दोनों को खो दिया है। संस्कृति की दुनिया विशेष रूप से गुजराती गीत, संगीत और रंगमंच को लोकप्रिय बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज की सेवा और दलितों को सशक्त बनाने के लिए भी कड़ी मेहनत की थी।

## कला में संवेदनशीलता पैदा करने की ताकत है : शबाना

**नई दिल्ली।** सिने अभिनेत्री शबाना आजमी का कहना है कि वह आशावादी प्रकृति की हैं और उनका मानना है कि कला के जरिए संवेदनशीलता पैदा की जा सकती है और अंततः यह सामाजिक बदलाव में मददगार होगा। अभिनेत्री ने कहा कि यही कारण है कि उन्होंने काली खुही में काम करने का निर्णय किया। यह एक हॉरर रोमांच फिल्म है जिसका निर्देशन टी समुन्द्र ने किया है। यह फिल्म कन्या भ्रूण हत्या के इर्द गिर्द है। यह एक ऐसी कुरीति है जो भारत में अब भी मौजूद है। अंकुर, मंडी, खंडहर, फायर, गॉडमदर जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध शबाना आजमी की 2002 में आई हॉरर कमेडी मकड़ी के बाद यह उनकी दूसरी हॉरर फिल्म है। शबाना (70) ने कहा कि यह सरासर अपमानजनक है कि 21 सदी में भी देश में कन्या भ्रूणहत्या की कुप्रथा जारी है। इसका समाधान ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या हर तरफ मौजूद है और ऐसा महानगरों में भी हो रहा है और अब तक हमने इस तरफ उतना ध्यान नहीं दिया है जितना इस पर हमें ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने पीटीआई भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, महिला सशक्तिकरण की शुरूआत कन्या भ्रूण हत्या पर प्रभावी रोक के साथ होनी चाहिए। जन्म लेने के अधिकार के साथ शुरूआत हो। कितना क्रूर, अन्याय एवं अस्वीकार्य काम है यह। हम पितृसत्तात्मक समाज में रहते हैं। हम जन्म से लड़के को पुरुष का अधिकार जताने की शिक्षा देते हैं जबकि लड़की से बहुत सारे भेदभाव करते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी अभिनेत्री ने कहा कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए इसलिए तैयार हो गईं क्योंकि निर्देशक समुन्द्र ने पहली बार सही जगह पर अपना ध्यान लगाया था। उन्होंने बताया कि लघु फिल्मों एवं वृत्तचित्र का लेखन एवं निर्देशन करने वाले समुन्द्र ने बेहद रोमांचक अंदाज में इसकी कहानी सुनाई।

## मुंह के कैंसर की जांच के लिए हाथ में पकड़े जाने वाला उपकरण विकसित

**तिरुवनंतपुरम।** एक स्टार्टअप ने यहां ओरलस्कैन नाम का एक उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित किया है जिसे हाथ में पकड़कर मुंह के कैंसर की जांच, पहचान और बायोप्सी (उत्तक की जांच) में में मदद के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शहर स्थित श्री चित्रा तिरुनल चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर टाइम्ड द्वारा पोषित स्टार्टअप मेसर्स सैस्कैन मेडिटेक प्राइवेट लिमिडेट इस उपकरण को लेकर आ रहा है। ओरलस्कैन एक मेक इन इंडिया पहल है जिसके लिए मूल रूप से धन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हारनेसिंह इनोवेशंस (निधि) योजना के तहत दिया गया। इसे पूरी तरह भारत में तैयार किया गया है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में ओरलस्कैन का उद्घाटन करेंगी।

## भारत में सिंचाई पर जोर देने से उमस वाली गर्मी से प्रभावित होने का बढ़ रहा जोखिम


**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं ने कहा है कि भारत में सिंचाई पर जोर देने से वातावरण में नमी का स्तर बढ़ रहा है और गर्मी की ऐसी स्थिति पैदा होने का जोखिम बढ़ रहा है जिसमें आसानी से लोगों के शरीर का तापमान कम नहीं होता है। जर्नल नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि भारत में पिछले दशकों में सिंचाई का क्षेत्र दोगुणा हो गया है और शरीर का तापमान बढ़ जाने और खुद से इसके कम नहीं होने का संबंध मृत्युदर से भी है। शोधकर्ताओं के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में तापमान और बढ़ने की आशंका है और इससे दक्षिण एशिया के करीब 4.6 करोड़ लोग खासकर घर के बाहर काम करने वाले लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। अध्ययन करने वाले इस दल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के विमल मिश्रा भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में लिखा है, जलवायु का गर्म होना और सिंचाई दोनों भारत के विभिन्न हिस्सों में उमस वाली गर्मी बढ़ाने में भूमिका निभाएगी। अध्ययन में मिश्रा और उनके सहयोगियों ने शुष्क और उमस वाली गर्मी पर सिंचाई के प्रभाव का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि सिंचाई से जमीन की सतह तो ठंडी रहती है लेकिन इससे नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में सिंचाई पद्धति पर जोर देने से उमस वाली गर्मी बढ़ जाती है और इसका संबंध स्थानीय क्षेत्र और पड़ोसी देशों -पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में मानव स्वास्थ्य से जुड़े खतरे को बढ़ा देता है।

## त्योहारों में 5 राज्यों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी:मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि त्योहारों के मौसम में केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है।

स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मास्क पहनना, नियमित हाथ धोना और आपस में दूरी बनाकर रखना महत्वपूर्ण है। हमने पाया है कि त्योहारों के मौसम में केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली में संक्रमण के मामले बढ़ गए हैं और इसलिए इन नियमों का पालन करना और अधिक महत्वपूर्ण है। अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 से मृत्यु के 58 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से आए हैं।



उन्होंने कहा कि इस अवधि में आए कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों में 49.4 प्रतिशत केरल (4,287), पश्चिम बंगाल (4,121), महाराष्ट्र (3,645), कर्नाटक (3,130) और दिल्ली (2,832) से थे। भूषण ने कहा, हम इन राज्यों के साथ संपर्क में हैं। हमने इन राज्यों में अपने दलों को भी भेजा है। कुछ दल लौट रहे हैं, वहीं कुछ अन्य अब भी राज्यों में हैं। उनकी रिपोर्ट जमा होने के बाद हम फिर से राज्यों से बात करेंगे और उन्हें बताएंगे कि अगर जरूरी हुए तो कोविड-19 से निपटने की रणनीति में क्या बदलाव लाए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा, हमने एक दिन पहले ही केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से बात की है तथा इस सप्ताह महाराष्ट्र से बात करेंगे और रणनीति तैयार करेंगे। एक सवाल के जवाब में भूषण ने कहा, अंततः हमें केवल कुल आंकड़े नहीं देखने चाहिए, बल्कि यह भी देखना चाहिए कि पिछले 24, 48 और 72 घंटों में ए संख्या कैसे बदल रही है। इससे हमें महामारी से निपटने के लिए जरूरी रणनीति को दुरुस्त करने के संकेत मिलते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार तीन दिन तक रोजाना कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या 4,000 से अधिक रहने के बाद कम हुई और पिछले 24 घंटे में केवल 2,800 मामले सामने आए।

हालांकि उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि राजधानी में संक्रमण के दैनिक मामलों की दर 8.06 प्रतिशत और साप्ताहिक पुष्ट मामलों की दर सात प्रतिशत है और इन दोनों चीजों को क्रमिक तरीके से देखना होगा। भूषण ने बताया कि महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में देश के कुल कोविड-19 के मामलों के 48.57 प्रतिशत मामले हैं।



# मुंबई और आरसीबी की निगाह प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर

एजेंसी। अबुधाबी

**रोहित** शर्मा के चोटिल होने के कारण लगातार तीसरे मैच से बाहर रहने की संभावना है, जिसमें मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर टिकी रहेंगी। मुंबई को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उसके 14 अंक हैं। विराट कोहली की अगुवाई वाली आरसीबी के भी 14 अंक हैं। उसे भी रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स से हार झेलनी पड़ी थी। बुधवार को जो भी टीम जीत दर्ज करेगी उसकी प्लेऑफ में जगह सुरक्षित हो जाएगी।

रोहित की फिटनेस इस मैच से पहले चर्चा का विषय बन गई है। वह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे। मुंबई इंडियन्स के कप्तान ने सोमवार को नेट्स पर अभ्यास किया। संयोग से इसी दिन उन्हें आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया था। मुंबई इंडियन्स या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से उनकी फिटनेस को लेकर कोई स्पष्ट बयान जारी नहीं किया गया है। रोहित की अनुपस्थिति में मुंबई को सौरभ तिवारी और इशान किशन पर भरोसा दिखाना होगा। क्विंटन डिकॉक (374 रन) राजस्थान के खिलाफ नाकाम रहे थे और वह प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब होंगे। किशन (298 रन) और सूर्यकुमार यादव (283 रन) उसके अन्य बल्लेबाज हैं जिन्होंने अब तक अहम योगदान दिया है। हार्दिक पंड्या ने राजस्थान के खिलाफ सात छक्के जड़कर लंबे शॉट खेलने की अपनी क्षमता का खुलकर प्रदर्शन किया था। हार्दिक के अलावा कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड और क्रुणाल पंड्या टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं, जो लंबे शॉट खेलने में माहिर हैं और दोनों टीमों में अंतर पैदा कर सकते हैं। मुंबई के गेंदबाज पिछले मैच को भुलाकर नई शुरुआत करना चाहेंगे। पिछले मैच में राजस्थान के बेन स्टोक्स और संजू सैमसन के सामने उनकी एक नहीं चली थी।

ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह ने अभी तक गेंदबाजी विभाग का मोर्चा अच्छी तरह से संभाला है। इन दोनों ने मिलकर 33 विकेट लिए हैं। तीसरे तेज गेंदबाज के लिए मुंबई को जेम्स पैटिनसन और नाथन कूल्टर नाइल में से किसी एक को चुनना होगा। आरसीबी की तरफ से कप्तान कोहली (415 रन) अपनी शानदार फार्म जारी रखना चाहेंगे। आस्ट्रेलियाई आरोन फिंच (236 रन), युवा देवदत्त पडिक्कल (343 रन) और एबी डिविलियर्स (324 रन) को अधिक निरंतरता दिखाने की जरूरत है। अगर आरसीबी के शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाज योगदान देते हैं तो फिर विरोधी टीम परेशानी में पड़ सकती है। क्रिस मौरिस, मोईन अली और गुरकीरत मान भी निचले मध्यक्रम में अहम योगदान दे सकते हैं। लेकिन आरसीबी की टीम नवदीप सैनी के चोटिल होने के कारण गेंदबाजी विभाग को लेकर चिंतित है। सैनी के मुंबई के खिलाफ मैच में खेलने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अगर वह नहीं खेलते हैं तो मौरिस और मोहम्मद सिराज के अलावा इसुरु उदाना की जिम्मेदारी भी बढ़ जाएगी।



## आरसीबी के खिलाफ ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं: बुमराह

**अबुधाबी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में बड़े लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहे मुंबई इंडियन्स के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अगले मैच में टीम के गेंदबाजों को ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है। बेन स्टोक्स और संजू सैमसन की शानदार पारियों के दम पर राजस्थान ने मुंबई के खिलाफ 196 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया था। बुमराह ने कहा कि हम अब भी बहुत खुश हैं, हमारी सोच अब भी बहुत स्पष्ट हैं और ऐसा कुछ नहीं है कि जिसमें काफी बदलाव की जरूरत हो। यह सिर्फ है कि विरोधी टीम ने उस दिन आप से बेहतर प्रदर्शन किया। आपको बस उनकी तारीफ कर आगे बढ़ना होगा। बुमराह ने कहा कि इस साल हमारे पास अच्छे गेंदबाज है। ट्रेंट बोल्ट, जेम्स पैटिनसन, यहां तक कि (नाथन) कूल्टर-नाइल के साथ भी गेंदबाजी करना हमेशा बहुत अच्छा रहा है, हम बहुत सी चीजों पर चर्चा करते हैं। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच के आखिरी ओवर और सुपर ओवर में गेंदबाजी करने के अंतर के बारे में पूछे जाने पर इस तेज गेंदबाज ने कहा, सिर्फ एक तरह से इसमें अंतर करना मुश्किल है लेकिन दोनों अलग-अलग है।

### टीमें

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित शर्मा, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकुल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, मिशेल मैकलेनगन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डिकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** आरोन फिंच, देवदत्त पडिक्कल, पार्थिव पटेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, गुरकीरत सिंह, शिवम दुबे, क्रिस मॉरिस, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, नवदीप सैनी, डेल स्टेन, युजवेंद्र चहल, एडम जम्पा, इसुरु उदाना, मोईन अली, जोश फिलिप, पवन नेगी, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

# साहा और वार्नर ने सनराइजर्स को दो विकेट पर 219 रन तक पहुंचाया



एजेंसी। दुबई

**रिधिमान** साहा के 45 गेंद में 87 रन और कप्तान डेविड वार्नर के आक्रामक अर्धशतक की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को दो विकेट पर 219 रन बनाए।

अपना जन्मदिन मना रहे वार्नर और साहा ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने पहले छह ओवर में 77 रन निकाले जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। वार्नर ने छठे ओवर में परपल कैपधारी (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले) कैगिसो रबाडा को चार चौके और एक छक्का लगाया। सनराइजर्स के 11 रन 8 . 4 ओवर में ही बन गए। वार्नर के क्रीज पर रहने तक साहा उनके सहयोगी की भूमिका में थे। वार्नर ने 25 गेंद में अर्धशतक पूरा करके अपना 34वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और आठ चौके लगाए।

रविचंद्रन अश्विन ने 107 रन की पहले विकेट की साझेदारी को तोड़ा जब वार्नर एक्स्ट्रा कवर में अक्षर पटेल को कैच देकर लौटे। वार्नर के जाने के बाद साहा ने बल्ले से आतिश उगलना शुरू किया। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के जड़े। एनरिच नोर्जे ने 15वें ओवर में उन्हें पवेलियन भेजा। मनीष पांडे 44 रन बनाकर और केन विलियमसन 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रसेल, डुप्लेसिस, मिलर एलपीएल से हटे

**कोलंबो।** फाफ डुप्लेसिस, आंद्रे रसेल और डेविड मिलर सहित पांच विदेशी खिलाड़ी पहली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से हट गए हैं, जो इस प्रतियोगिता के आयोजकों के लिए करारा झटका है। दक्षिण अफ्रीका के मिलर और डुप्लेसिस तथा इंग्लैंड के डेविड मलान इन दोनों टीमों के बीच सीमित ओवरों की श्रृंखला के कारण इस लीग में नहीं खेल पाएंगे वहीं वेस्टइंडीज के रसेल घुटने की चोट के कारण हट गए हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज मानविंदर बिस्ला 21 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट से हटने वाले पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं। बिस्ला ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी 35 मैच खेले हैं। रसेल, मिलर, डुप्लेसिस और मलान को मार्की खिलाड़ी के तौर पर चुना गया था। उनका हटना टूर्नामेंट के लिए करारा झटका है। इससे कोलंबो किंग्स फ्रेंचाइजी सबसे अधिक प्रभावित होगी जिसकी टीम में रसेल, डुप्लेसिस और बिस्ला तीनों शामिल थे। मलान जाफना स्टैलियन्स की टीम में थे।

### रोमा ने एसी मिलान को 3-3 की ड्रा पर रोका

**मिलान।** इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता सेरी में लगातार चार जीत के साथ सत्र शुरू करने वाली एसी मिलान को रोमा ने सोमवार को 3-3 से ड्रा पर रोक दिया। इस ड्रा मुकाबले के बाद भी टीम 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी है। रोमा पांच मैच में आठ अंक के साथ नौवें पायदान पर है। मैच के आखिरी 10 मिनट में एसी मिलान की टीम 3-2 से आगे चल रही थी लेकिन रोमा के डिफेंडर मार्श कुम्बुला ने 84वें मिनट में गोल कर टीम को हार से बचा लिया। इससे पहले एसी मिलान के लिए दिग्गज ज्लाटन इब्राहिमोविच ने दूसरे और 79वें मिनट (पेनल्टी) जबकि एलेक्सिस सैलमाएकर्स ने 47वें मिनट में गोल किए। रोमा के लिए एडिन डजेको (14वें मिनट) और जोर्डन वेरेट्रोट ने पेनल्टी पर 71वें मिनट में गोल किया था।

### पाकिस्तान-जिम्बाब्वे की टीमों के कोविड परीक्षण नेगेटिव आए

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को बताया कि जिम्बाब्वे और पाकिस्तान के खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और मैच अधिकारियों के कोविड-19 के लिए किए गए परीक्षण नेगेटिव आए हैं। इन दोनों टीमों के बीच इस सप्ताह से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले ये परीक्षण कराए गए थे। द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए पीसीबी के कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत सोमवार को परीक्षण किए गए थे। पसीबी के अनुसार सभी खिलाड़ी, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ इस्लामाबाद के एक पंचतारा होटल में चले गए हैं और अब वे जैव सुरक्षित वातावरण में एक दूसरे से मिल सकते हैं। इस श्रृंखला में तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला की शुरुआत शुक्रवार को वनडे से होगी।

### सोन और केन की जोड़ी ने टोटेनहैम को दिलाई जीत

**ब्रूनले (इंग्लैंड)।** हैरी केन और सोन हियूंग मिन की जोड़ी ने फिर से अपना करिश्मा दिखाकर टोटेनहैम को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रूनले पर 1-0 से जीत दिलाई। सोमवार को खेले गए इस मैच में सोन ने केन के फ्लिक पर गोल दागा। यह कुल 29वां अवसर है, जबकि इन दोनों की जोड़ी एक दूसरे की मदद से गोल करने में सफल रही। इस सत्र के छह लीग मैचों में नौवीं बार यह कारनामा कर चुके हैं। प्रीमियर लीग में केवल फ्रैंक लैंपार्ड और डिडियर ड्रोग्बा की जोड़ी ने एक दूसरे की मदद से इनसे अधिक गोल किए हैं। उन्होंने चेल्सी की तरफ से यह कारनामा किया था। इस बीच वेस्ट ब्रोमविच को अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है। उसने ब्राइटन से 1-1 से ड्रा खेला।

### मुंबई सिटी एफसी का जापानी खिलाड़ी गोड्डार्ड से करार

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी ने इंग्लैंड में जन्में जापान के फुटबॉल खिलाड़ी साइ गोड्डार्ड से मंगलवार को 2020-21 सत्र के लिए करार किया। यह 23 साल का मिड-फिल्डर इटली की क्लब बेनेवेंटो सालसियो से एक सत्र के लोन पर मुंबई की टीम से जुड़ा है। इंग्लैंड के टोटेनहम हॉटस्पर की युवा अकादमी ने निकले इस खिलाड़ी ने अंडर-18, अंडर-21 और अंडर-23 स्तर पर इस क्लब का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2018 में तीन साल के करार के साथ बेनेवेंटो सालसियो से जुड़े थे। अंडर-16 और अंडर-17 स्तर पर जापान की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले गोड्डार्ड ने यहां जारी बयान में कहा कि जब मुझे मुंबई शहर में आने का मौका मिला तो मैं भारत आने के लिए उत्सुक था। मैं यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ खुद के खेल को विकसित करूंगा। मेरी सोच कोच सर्जियो लोबेरा से मिलती है और मैं उनकी तरह की फुटबॉल खेलना पसंद करता हूं। मुख्य कोच लोबेरा ने मध्य-पंक्ति के इस खिलाड़ी को शानदार प्रतिभा करार देते हुए कहा, कम उम्र में ही टोटेनहम जैसे क्लब से जुड़ने के कारण वह टीम को अनुभव और शानदार कौशल प्रदान करेंगे।

# भारतीय क्रिकेट प्रेमी रोहित की फिटनेस के बारे में जानने के हकदार: गावस्कर

एजेंसी। दुबई




**पूर्व** भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग की चोट की स्थिति को लेकर अधिक पारदर्शिता दिखाने की अपील की क्योंकि आस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए टीम में नहीं चुने जाने के कुछ घंटे बाद ही उन्हें मुंबई इंडियन्स की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की फिटनेस के बारे में विस्तार से नहीं बताया तथा सोमवार को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए तीनों टीम की घोषणा करते हुए कहा कि वे उनकी प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है। उसी दिन रोहित को मुंबई इंडियन्स की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया। गावस्कर ने किंग्स इलेवन पंजाब और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शारजाह में मैच के दौरान आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि हम टेस्ट मैचों की बात कर रहे हैं, जो डेढ़ महीने बाद होंगे। असल में उनके साथ क्या समस्या है, इससे सभी को समझने में मदद मिलेगी। और अगर वह मुंबई इंडियन्स के लिए नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं तो ईमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानता कि उनकी चोट किस तरह की है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उसके साथ समस्या क्या है इसको लेकर थोड़ी पारदर्शिता, थोड़ा खुलापन अपनाने से हर किसी को समझने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई दौर में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और चार टेस्ट मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू होगी। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी चोट के कारण किंग्स इलेवन पंजाब के पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे लेकिन उन्हें दौरे के लिए भारतीय टीम में रखा गया है। गावस्कर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इस बारे में अधिक जानने के हकदार है। मैं फ्रेंचाइजी को जितना जानता हूं वे अपना राज नहीं खोलना चाहती है।

# पिछली बार आलोचनाओं से प्रभावित हो गया था अब परवाह नहीं करता : स्टार्क

एजेंसी। मेलबर्न

**तेज** गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि भारत ने पिछली बार जब आस्ट्रेलिया का दौरा किया था तब वह आलोचनाओं से प्रभावित हो गए थे लेकिन अब इसकी परवाह नहीं करते। स्टार्क अभी भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला की तैयारियों में लगे हैं। भारत के पिछले दौरे में उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने तब चार टेस्ट मैचों में केवल 13 विकेट लिए थे।



क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार स्टार्क ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि मैं आलोचनाओं से प्रभावित हो गया था और यही बड़ा कारण है कि अब मैं ऐसी किसी चीज पर ध्यान नहीं देता। आस्ट्रेलिया 2018-19 में भारत से 1-2 से श्रृंखला हार गया था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला जीती थी। उन्होंने कहा कि उन गर्मियों के आखिर में मैं केवल दौड़ने और अधिक से अधिक तेजी से गेंद करने की कोशिश कर रहा था। केवल एक चीज पर मैंने ध्यान केंद्रित किया और आखिरी टेस्ट मैच में इसका मुझे फायदा मिला था। भारत अगले महीने तीन टी20, इतने ही वनडे और चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। स्टार्क ने कहा, मैं आलोचनाओं से प्रभावित हो गया और ये आलोचना वे लोग कर रहे थे जो टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन अब लोग क्या कहते हैं मैं इसकी खास परवाह नहीं करता। उन्होंने कहा, मुझे उस तरह की बकवास सुनने की जरूरत नहीं है।

## कोविड और पारिवारिक मामलों के कारण बिग बैश से हटे डिविलियर्स

**दुबई।** एबी डिविलियर्स ने कोविड-19 महामारी और अपने तीसरे बच्चे के जन्म के कारण इस साल बिग बैश लीग (बीबीएल) में नहीं खेलने का फैसला किया है लेकिन वह भविष्य में ब्रिस्बेन हीट की तरफ से खेलने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका यह 36 वर्षीय खिलाड़ी अभी यूएई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहा है। डिविलियर्स ने बयान में कहा, जल्द ही मेरे बच्चे का जन्म होने वाला है। उन्होंने कहा, हीट के साथ पिछला सत्र अच्छा रहा था और मैं भविष्य में क्लब की तरफ से खेलने के लिए तैयार हूं।


## 'अवसाद से जूझता रहा हूं और अब भी उससे संघर्ष जारी है'

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने अवसाद से अपने संघर्ष पर खुलकर बात करते हुए कहा कि वह 2018 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बावजूद अब भी अपनी मानसिक स्थिति से जूझ रहे हैं। जॉनसन ने चैनल 7 एसएएस आस्ट्रेलिया से कहा कि अपने पूरे कॅरियर के दौरान मुझे इससे (अवसाद) निबटना पड़ा। मैं अब वास्तव में आगे बढ़ रहा हूं और कुछ चीजों के साथ खुद को सक्रिय रखने, अपने दिमाग को व्यस्त रखने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मुझे यह अधिक मुश्किल लगा। अचानक ही आपके पास करने के लिए कुछ खास नहीं होता। आप थोड़ा उद्देश्यहीन हो जाते हैं। जॉनसन ने अपने कॅरियर में 73 टेस्ट मैचों में 313 विकेट लिए। उन्होंने 2015 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन अगले तीन वर्षों तक इंडियन प्रीमियर लीग और बिग बैश लीग में खेलते रहे। उन्होंने कहा कि कई बार मेरा आत्मविश्वास बहुत कम हो जाता था। मैं अब उस बदलाव के दौर में हूं जहां मैंने दो साल से क्रिकेट नहीं खेली है।

## भारतीय टीम में चयन पर वरुण चक्रवर्ती ने कहा, यह स्वप्निल अहसास है

**शारजाह।** आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने के कारण आस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारत की टी-20 में चुने गए रहस्यमई स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इसे स्वप्निल अहसास करार दिया। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2018 के बाद अपनी स्पिन को गंभीरता से लेना शुरू किया। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने केवल 12 टी-20 खेले हैं और अब तक केवल एक प्रथम श्रेणी मैच में भाग लिया है।



चक्रवर्ती ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच के बाद बीसीसीआई.टीवी से कहा कि मैच के बाद मुझे इसके (भारतीय टीम में चयन) बारे में पता चला। मैं लगातार उसी शब्द का उपयोग करूंगा कि यह स्वप्निल अहसास है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य टीम की तरफ से नियमित तौर पर खेलना, अच्छा प्रदर्शन करना और जीत में योगदान देना है। उम्मीद है कि भारत की तरफ से भी मैं यह करने में सफल रहूंगा। मैं सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं हूं और मैं चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरे पास वास्तव इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। चक्रवर्ती ने कहा कि मैंने 2018 में स्पिन गेंदबाजी शुरू की थी और तब मुझे टीएनपीएल (तमिलनाडु प्रीमियर लीग) में चुना गया। पिछला वर्ष उतार चढ़ाव वाला रहा। मुझे अधिक मौके नहीं मिले और मैं चोटिल भी हो गया। ईश्वर की कृपा है कि मैं इस वर्ष वापसी करने में सफल रहा।



# मेरे पिता चाहते थे कि हमेशा नॉटआउट रहूं, यह पारी उनके लिए: मनदीप


एजेंसी। शारजाह

**तीन** दिन पहले अपने पिता को खोने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अहम मैच में 66 रन की नाबाद पारी खेलने वाले किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाज मनदीप सिंह ने यह पारी अपने पिता को समर्पित करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा चाहते थे कि वह नॉट आउट रहें। मनदीप ने अपना अर्धशतक पूरा होने के बाद नम आंखों से आसमान की ओर देखते हुए चुंबन का इशारा किया। उनकी पारी और क्रिस गेल के धमाकेदार अर्धशतक से पंजाब ने यह मैच आठ विकेट से जीता।



मैच के बाद उन्होंने कहा कि यह बहुत खास पारी है। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि मुझे नॉटआउट रहना चाहिए। यह पारी उनके लिए है। मैं शतक या दोहरा शतक भी बना लूं तो वह पूछते थे कि मैं आउट क्यों हुआ। उन्होंने अपनी पारी के बारे में कहा कि मेरा काम तेजी से रन बनाने का था लेकिन मैं उसमें सहज नहीं था। मैंने राहुल से कहा कि क्या मैं अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकता हूं और मैच को फिनिश करा दूंगा। उसने मेरा साथ दिया और खुद आक्रामक खेला। क्रिस गेल ने भी 29 गेंद में 51 रन बनाए। मनदीप ने कहा कि मैंने क्रिस से कहा कि उन्हें कभी रिटायर नहीं होना चाहिए। वह यूनिवर्सल बॉस हैं। उनके जैसा कोई नहीं। केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि उनकी टीम को शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि जल्दी विकेट गंवाने पर शारजाह में जवाबी हमला जरूरी है। हम अच्छी साझेदारियां नहीं बना सके। हमें 185 या 190 रन बनाने चाहिए थे। लेकिन हम विकेट गंवाते रहे। हमें बाकी दो मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## मनदीप की मानसिक दृढ़ता से पूरी टीम प्रभावित: राहुल



मनदीप सिंह ने अपने पिता के निधन के दो दिन बाद ही क्रीज पर उतरकर नाबाद 66 रन की मैच विजेता पारी खेली और किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि इस सलामी बल्लेबाज ने जो मानसिक दृढ़ता दिखाई उससे पूरी टीम प्रभावित है। मनदीप की पारी और क्रिस गेल के अर्धशतक से पंजाब ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराकर अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। चोटिल मयंक अग्रवाल की जगह खेल रहे मनदीप के पिता का पिछले सप्ताह ही निधन हुआ था और उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए अंतिम संस्कार में भाग लिया था। राहुल ने मैच के बाद कहा कि ऐसे में परिवार से दूर रहना बेहद मुश्किल होता है। जैव सुरक्षित वातावरण में कोई आपका करीबी नहीं होता है। उसने (मनदीप) जो दृढ़ता दिखाई है उससे टीम के अन्य खिलाड़ी भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि उसे जिस तरह की पारी खेली उससे हर कोई भावुक हो गया। वह मुश्किल दौर से गुजर रहा है। वह जिस तरह से क्रीज पर टिका रहा और मैच समाप्त करके लौटा उससे उसे स्वयं पर गर्व होगा, उससे उसने अपने पिता को गौरवान्वित किया।

## गेल टी-20 में दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**किंग्स** इलेवन पंजाब के सलामी बल्लेबाज मनदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी पावर हिटिंग का शानदार नजारा पेश करने वाले क्रिस गेल को टी-20 का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया। गेल को टूर्नामेंट के पहले चरण में मौका नहीं दिया गया था और वह बीमार भी रहे थे, लेकिन उन्होंने इन सब बातों को भुलाकर सोमवार को 29 गेंदों पर 51 रन की पारी खेलकर साबित किया कि आखिर उन्हें यूनीवर्स बॉस क्यों कहा जाता है। उनके अर्धशतक और मनदीप की नाबाद 66 रन की पारी से पंजाब लगातार पांचवीं जीत से अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।



# बच्चों में ये स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं सामान्य

**अगर आप भी अपने बच्चों के स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में चिंतित हैं तो जान लें कैसे इन समस्याओं से निपटें।**

बच्चों के जन्म के बाद उन्हें कई सालों तक काफी देखभाल की जरूरत होती है। एक अभिभावक के रूप में ये सबसे महत्वपूर्ण है कि उन्हें बच्चों के इलाज और बचाव के तरीकों से अच्छी तरह से अवगत होना चाहिए। ताकि आप हमेशा अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जान सकें कि आपके बच्चे को कब सबसे ज्यादा देखभाल या चिकित्सक की जरूरत हो रही है। बहुत से पैरेंट्स या जिन्हें पहली बार माता-पिता बनने का मौका मिला है उन्हें बच्चों के स्वास्थ्य और देखभाल का अनुभव काफी कम होता है। इसलिए कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों के स्वास्थ्य को अच्छी तरह से समझ नहीं पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए हम आज आपको कुछ ऐसे आम बच्चों के स्वास्थ्य मुद्दे या स्थिति बताने जा रहे हैं जो सभी बच्चों में होते हैं और साथ ही ये भी बताएंगे कि आप उन स्थितियों से कैसे बच सकते हैं।

### एलर्जी

बड़ों में एलर्जी किसी भी प्रकार की हो वो एक अलग स्थिति होती है, लेकिन अगर बच्चों के साथ एलर्जी की बात आती है यो ये हकीकत में बहुत गंभीर बात होती है। एलर्जी तब होती है जब आपके बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली वातावरण में उन पदार्थों के प्रति प्रतिक्रिया करती है, जो उनके लिए हानिकारक होते हैं। कई बार बच्चों को कुछ खाने से एलर्जी होती है, तो कभी स्किन केयर से एलर्जी होती है तो कभी वातावरण के कारण। लेकिन इसमें आपको डरने की जरूरत नहीं है। इससे बचाव आसान है और आप किसी भी नई चीज को बच्चे पर इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर से जरूर संपर्क करें।

### अस्थमा

अस्थमा आजकल बच्चों में एक आम समस्या बन गई है जिसके कारण पैरेंट्स काफी परेशान रहते हैं। अगर आपके बच्चे को अस्थमा है, तो उसे सांस लेते समय सीटी बजने की समस्या भी हो सकती है, शारीरिक गतिविधि के दौरान या तो सांस की कमी हो सकती है या जब वह आराम कर रही हो। ऐसे में बच्चे के बड़े होने के साथ अस्थमा की स्थिति भी गंभीर होने लगती है। इसलिए आप जब भी बच्चे को सांस लेने में परेशान होता देखें तो तुरंत डॉक्टर से बात कर संबंधित जांच कराएं।

### सर्दी

सर्दी भी बच्चों में काफी आम समस्या होती है, इस स्थिति के लिए सबसे आम कारण होता है बच्चे का इम्यून सिस्टम। जरूरी नहीं कि बच्चों को ये समस्या सिर्फ ठंड के दौरान हो बल्कि ये गर्मी के दौरान भी किसी न किसी कारण से हो सकती है। ऐसे में आप उन्हें गर्म रखने वाले खाद्य पदार्थ दे सकते हैं।

### खाद्य असहिष्णुता

खाद्य असहिष्णुता ये बच्चों द्वारा खाए गए भोजन की एक प्रतिक्रिया है। जिसके कारण शरीर में कुछ आम लक्षण दिख सकते हैं। जैसे शरीर में सूजन, दस्त और पेट दर्द जो आमतौर पर खुद से चले जाते हैं। लेकिन अगर आपके बच्चे के साथ सभी खाद्य पदार्थों के साथ ये समस्या है तो आपको चिकित्सक मदद की जरूर हो सकती है।

### बच्चों के लिए देखभाल के तरीके

बच्चे के जन्म के बाद माता-पिता को समय पर सभी टीके लगवाने चाहिए जो बच्चों के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

बच्चों और बच्चों की देखभाल करने वाले दोनों के लिए स्वच्छता बहुत अहम किरदार होती है। बच्चों के साथ हमेशा रहने वाले या बच्चों दोनों को स्वच्छ रहने के तरीके के बारे में बताएं और उन्हें इसकी आदत डालें। इससे आप अपने बच्चों को कई संक्रमण से बचा सकते हैं।

दांतों की समस्या से बचाने के लिए आप अपने बच्चों को रोजाना दो बार ब्रश करने की आदत सिखाएं।

धूम्रपान बच्चे हो या बड़े हर किसी के लिए बहुत खतरनाक होती है, जरूरी नहीं कि जो लोग धूम्रपान करते हैं उन्हें ही बीमारियों का शिकार होना पड़े बल्कि जो धूम्रपान के संपर्क में भी आते हैं उन्हें भी स्वास्थ्य नुकसान होता है। इसलिए आप बच्चों को बताएं कि धूम्रपान वाली जगह से हमेशा दूर रहें, इससे उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# बच्चों के लिए घातक हो सकती हैं थ्रोम्बोसाइटोपेनिया

**शरीर** में जब एंटीबॉडीज बढ़ने लगता है, तो पूरी बॉडी पर लाल-लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं। इस समस्या को इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (आईटीपी) कहा जाता है। 1 लाख बच्चों में से करीब 8 बच्चे इस बीमारी के शिकार होते हैं। डॉक्टर्स के अनुसार, यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्तियों को हो सकती है, लेकिन बच्चों में अधिकतर यह बीमारी देखी गई है। इसके कारण शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या काफी कम हो जाती है, जो बहुत ही गंभीर रूप धारण कर लेती है। शरीर में लाल चकत्ते, मसूड़ों से खून आना और आंखें लाल दिखना इसके शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। अगर समय पर इस बीमारी का इलाज नहीं किया गया, तो यह बहुत ही घातक हो सकती है। शरीर में प्लेटलेट्स की कमी के कारण अगर कहीं चोट लग जाए, तो खून बंद नहीं होता है, जिसकी वजह से मरीज की मौत हो सकती है।

**क्या है थ्रोम्बोसाइटोपेनिया :** थ्रोम्बोसाइटोपेनिया एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो शरीर के ब्लड में प्लेटलेट्स की संख्या को काफी कम कर देती है। प्लेटलेट्स ब्लड में पाई जाने वाली रंगहीन ब्लड सेल्स होती है, जो ब्लड का थक्का बनाने की प्रक्रिया में हमारी मदद करती है। चोट लग जानें पर प्लेटलेट्स के कारण ही खून जमता है, इस वजह से ही शरीर से खून बाहर निकलना बंद होता है।

**लक्षण:** शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या पर ही निर्भर करता है कि आपको थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के लक्षण दिखेंगे या नहीं। गर्भावस्था के दौरान शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या कम होने पर किसी तरह के लक्षण नहीं दिखते हैं। इसके साथ ही कुछ गंभीर स्थितियों में काफी ब्लीडिंग होने लगती है, ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर्स से संपर्क करना चाहिए। अगर आपके शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या काफी ज्यादा कम हो गई है, तो नाक से खून आना, मासिक धर्म के दौरान अधिक ब्लीडिंग होना, स्किन का रंग ब्राउन, लाल और बैंगनी दिखना इत्यादि लक्षण दिख सकते हैं।

### क्यों होता है थ्रोम्बोसाइटोपेनिया ?

अस्थि मज्जा में प्लेटलेट्स अस्थि बनती हैं। बोन मैरो स्पंजी ऊतकों से तैयार होता है, जो हड्डियों के अंदरुनी हिस्से में पाई जाती है। अगर अस्थि मज्जा में पर्याप्त रूप से प्लेटलेट्स नहीं बनता है या फिर अगर यह किसी वजह से अधिक मात्रा में नष्ट होने लगता है, तो आपको थ्रोम्बोसाइटोपेनिया की समस्या हो सकती है। कुछ ऐसी समस्या होती है, जिसकी वजह से शरीर पर्याप्त मात्रा में प्लेटलेट्स नहीं बन पाता है। जैसे अस्थि मज्जा को प्रभावित करने वाले ब्लड की समस्या, जिसे एप्लास्टिक एनीमिया कहते हैं या फिर कुछ ऐसे कैंस जैसे, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा के कारण भी थ्रोम्बोसाइटोपेनिया हो सकती है।

### इलाज ?

इस बीमारी का इलाज प्लेटलेट्स की संख्या और कारण पर निर्भर करती है। अगर मरीज की स्थिति अधिक गंभीर नहीं है, तो डॉक्टर्स किसी तरह की दवाइयों का इस्तेमाल नहीं करते है। ऐसी स्थिति में मरीज को डॉक्टर अपनी निगरानी में रखते हैं। वहीं, अगर प्लेटलेट्स की संख्या काफी कम हो गई है, तो डॉक्टर्स को इलाज शुरू करना पड़ता है। इस दौरान मरीज को खून चढ़ाना, प्लेटलेट्स को बढ़ाने वाली दवाइयां देना शुरू किया जाता है। साथ ही डॉक्टर मरीज को इस बीमारी से बचाने के लिए इंट्रा वीनस इम्यूनो ग्लुब्लन (आईवीआईजी) इंजेक्शन लगाते हैं।

# रहें दिल से युवा

हार्ट अटैक की दर्द या असुविधा आम तौर पर कंठशूल से मिलती जुलती है, लेकिन अक्सर ज्यादा गंभीर होती है और पसीने, मिचली और सांस फूलने आदि से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज रोगियों में यह अधिक आम है। हृदय रोगों को भारत में जानलेवा रोगों तथा मृत्यु के प्रमुख कारण में से एक माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों के मुताबिक, हृदय संबंधी समस्याएं अनुमानत: प्रत्येक पांच पुरुषों तथा प्रत्येक आठ महिलाओं में से एक की जान लीलती है। बढ़ते हार्ट फेल की घटनाओं, जो रक्त कोशिकाओं धमनी मार्गों में एकत्रित होने वाले वसा तत्व के कारण होती हैं, के पीछे प्रमुखयता जीवनशैलीगत आदतों व धूम्रपान, मोटापा, उच्च कोलोस्ट्राल, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज जैसी स्थितियां हैं।

हार्टअटैक को कभी बुढ़ापे से जोड़ा जाता था। हाल में, 20, 30 व 40 साल के ज्यादा लोग हृदय रोगों से पीड़ित नजर आए हैं। इंसान की अनुवांशिक बदलाव तथा पारिवारिक इतिहास के अलावा, जो कि सबसे आम तथा अनियंत्रणयोग्य जोखिमपूर्ण कारक हैं, मगर भारतीय युवा अब खराब जीवनशैली, तनाव, अव्यवस्थित निद्रा आदतों के कारण हृदय रोग का शिकार हो रहे हैं। जो फिर जलन तथा हृदय रोगों के खतरे बढ़ने का कारण बनता है। धूम्रपान के साथ मिलकर आलस्यपूर्ण जीवनशैली के फिर और खतरे सामने आते हैं जो युवा पीढ़ी में जोखिमपूर्ण कारकों को खुराक देते हैं। भारत में हृदयरोग चिकित्सालय 2 लाख से अधिक ओपेन हार्ट सर्जरी करते हैं और इसमें हर साल 25 फीसदी का इजाफा हो रहा है लेकिन वे हार्ट अटैक की संख्या नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। सर्जरियां केवल दर्दनाशक होती हैं। हृदय रोग के मूल कारणों और उसके खतरों के बारे में शिक्षित करना मृत्यु की घटनाओं को जड़ से खत्म करने के लिए जरूरी है।

लक्षण क्या हैं ?

होती है और अजीब बेचैनी महसूस होती है। अगर हृदयधमनियां पूरी तरह बंद हो जाती हैं तो इससे हार्ट अटैक आ सकता है जिससे हृदय मांसपेशी को स्थायी क्षति पहुंच सकती है। हार्ट अटैक की दर्द या असुविधा आम तौर पर कंठशूल से मिलती जुलती है, लेकिन अक्सर ज्यादा गंभीर होती है और पसीने, मिचली और सांस फूलने आदि से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज रोगियों में यह अधिक आम है। हार्ट अटैक का तत्काल उपचार नहीं किया जाए तो वह जानलेवा हो सकता है।

संभावित हृदयरोगी के मूल्यांकन में चिकित्सा व पारिवारिक पृष्ठभूमि, जीवनशैली का आंकलन तथा खून की जांच कराना शामिल होता है। सीएचडी के रोग की पुष्टि के लिए अन्य जांचें होती हैं जिनमें इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम जैसी जांचें होती हैं ताकि प्रत्येक हार्ट वाल्व की गतिविधित, मोटाई व संरचना की पहचान की जा सके, हृदय, फेफड़ों, व छाती की दीवार को देखने के लिए एक्सरे होता है ताकि अन्य स्थितियां का पता लगाया जा सके जो लक्षणों का कारण बन सकती हैं। कसरत करते समय हृदय पर कसरत का असर जानने के लिए टेऊडमिल टेस्ट (टीएमटी) कराया जाता है, हृदय प्रवाह को जानने के लिए कार्डियोवस्कुलर कार्टोग्राफी होती है, कोरोनरी धमनियों संकुचित तो नहीं हैं तथा गतिरोध कितना गंभीर है, आदि का पता लगाने के लिए सीटी एंजियोग्राफी व इनवेसिव कोरोनरी एंजीयोग्राफी कराई जाती है।

यद्यपि कोरोनरी हृदय रोग को पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता, मगर लक्षणों से निपटने में, हृदय का कामकाज सुधारने तथा हार्ट अटैक जैसी समस्याओं की संभावनाएं घटाने में उपचार सहायता कर सकता है। असरकारी प्रबंधन में जीवनशैली बदलाव, दवाइयां व सहज उपचारों का समायोजन शामिल होता है। आक्रामक व सर्जिकल उपचारों की ज्यादा गंभीर मामलों में आवश्यकता होती है जहां व्यक्ति अपना सामान्य जीवन जीने में



ऐसा नहीं है कि प्रत्येक हृदय रोगी के एक जैसे लक्षण तथा सीने में दर्द होते हैं, जैसा कि ये आम लक्षण के तौर पर प्रचलित हैं। लक्षण शून्य से लेकर गंभीर तक भिन्न हो सकते हैं, कुछ लोगों को अपाच्य जैसी समस्या महसूस हो सकती है और कुछ मामलों में गंभीर दर्द, भारीपन या कड़ापन महसूस हो सकता है। दर्द आम तौर पर छाती के केंद्र में महसूस होता है जो बाहों, गर्दन, जबड़ों व पेट तक में फैल जाता है, और इसके साथ धड़कन तेज सक्षम हो। कुछ सरल जीवनशैलीगत बदलाव हैं जिनमें स्वस्थ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम करना, धूम्रपान न करना और रक्त कोलोस्ट्राल और शुगर स्तरों को नियंत्रित करना शामिल है। ये बदलाव सीएचडी, स्ट्रोक और डिमेंशिया के खतरे कम कर सकते हैं।

**डा बलबीर सिंह**
**- लेखक कार्डिएक साइंसेज, मेक्स हास्पिटल, साकेत, नई दिल्ली के चेयनमैन हैं।**

# समय की परीक्षा

**एक सर्वे बताता है कि किस तरह कोविड-19 महामारी ने कामकाजी महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाला है, खासतौर पर मांओं के, जो वर्क-एट-होम दिनचर्याओं और घरेलू कामों के बीच जूझ रही हैं**

कोविड-19 महामारी भारत में कामकाजी महिलाओं के भावनात्मक स्वास्थ्य पर भारी नकारात्मक असर डाल रही है क्योंकि नए सर्वे के मुताबिक, दो महिलाओं में से लगभग एक महिला ज्यादा तनाव या बैचेनी अनुभव कर रही है। माइक्रोसाफ्टवेयर नीत लिक्डइन द्वारा किए गए, 'वर्कफोर्स कांफीडेंस इंडेक्स' सर्वे में जो कि देश में 2254 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं पर आधारित था, चिंताजनक स्तर पर, पांच कामकाजी मांओं में दो से अधिक मांएं अपने कामकाजी घंटों से परे काम कर रही हैं ताकि बच्चों की देखभाल कर सकें, जो कि पुरुषों की तुलना में लगभग दोगुना है। कामकाजी पुरुषों के लिए यह संख्या 38 फीसदी रही, जो इस परीक्षा के दौर में महिलाओं पर गैरअनुपातिक प्रभाव का इशारा करती है।

तीन कामकाजी मांओं में से लगभग एक (31 प्रतिशत) वर्तमान में पूर्णकालिक बच्चों की देखभाल कर रही है, जब कि तुलनात्मक स्तर पर कामकाजी पिताओं में से लगभग एक (17 प्रतिशत) यह सेवा प्रदान कर रहे हैं।

आनलाइन पोर्टल जॉब्स फार हर की सीईओ, नेहा बगारिया ने कहा, 'एक कारक है ऑफिस और घरेलू काम का संतुलन करना, जबकि ज्यादातर घरेलू काम औरतों के कंधों पर होते हैं। अध्ययन बताता है कि महामारी के दौरान पुरुषों की भागीदारी बढ़ी है, लेकिन महिलाएं अभी भी अधिकांश समय बच्चों की देखभाल में बिताती हैं।'

आंकड़ों के मुताबिक, कामकाजी मांओं के बच्चों की देखभाल से भटकने के खामियाजे भुगतने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं जबकि पुरुष को दोस्तों व परिवार से सहयोग मांग लेते हैं। केवल पांच में से एक कामकाजी मां अपने बच्चों की देखभाल कार्य के लिए पारिवारिक सदस्य या मित्र पर भरोसा करती है, जबकि पुरुषों के संदर्भ में यह तुलनात्मक आंकड़ा 32 फीसदी का है। जानकारियों ने दिखाया कि 46 फीसदी से ज्यादा कामकाजी मांएं देर तक काम करती हैं और 42 फीसदी घर पर अपने बच्चों के साथ काम पर एकाग्रचित्त नहीं हो पाती हैं।



सर्वे के मुताबिक, लगभग चार में से एक फ्रीलांसर अपनी कमाई आमदनी (25 फीसदी) तथा व्यक्तिगत बचत (27 फीसदी) में वृद्धि का पूर्वानुमान करते हैं, जबकि तीन में से लगभग एक (31फीसदी) अगले छह महीनों में उसके निवेशों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इसके बावजूद, बेचैनी और तनाव घटाने के लिए व्यायाम को दिखाया गया है, लेकिन अब प्लॉस वन पत्रिका में प्रकाशित एक अन्य प्रमुख अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने बताया है कि यह शायद कोविड-19 के कारक स्तरों के लिए पर्याप्त नहीं है। जिन लोगों ने कोविड-17 की शुरुआत के बाद अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ने के बारे में बताया है, कि घर पर रहने से अन्य की तुलना में उनके अंदर तनाव और बेचैनी का स्तर अधिक था। वाशिंगटन स्टेट युनिवर्सिटी के प्रमुख लेखक ग्लेन डंकन ने कहा, 'निश्चित रूप से, जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं, वे जानते हैं कि तनाव और बेचैनी का संबंध मानसिक स्वास्थ्य नतीजों से होता है, फिर भी जिन लोगों ने व्यायाम में वृद्धि की उन्होंने भी तनाव और बेचैनी बढ़ने के बारे में बताया।'

अध्ययन के लिए, शोध टीम ने वाशिंगटन स्टेट ट्विन रजिस्ट्री से 900 से अधिक समलैंगिक बिरादरी तथा सामान्य दंपत्तियों से मिली जानकारी का विश्लेषण किया। सर्वे के उत्तरदाताओं में से, 42 फीसदी ने कोविड संकट की शुरुआत के बाद शारीरिक गतिविधि स्तर के घटने की जानकारी दी और 17 फीसदी ने कहा कि उन्होंने अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाई थी। अन्य 31 फीसदी में कोई भी बदलाव न करने की सूचना दी थी।

भागीदारों से तुलनात्मक तौर पर संकट से एक महीने पहले और उसके बाद की उनकी शारीरिक गतिविधि में बदलावों के बारे में पूछा गया था। जिन लोगों ने बताया कि घर पर रहना शुरू करने के बाद दो सप्ताह के भीतर उनकी शारीरिक सक्रियता में कमी आई थी, उन्हें उच्च स्तरीय तनाव और बेचैनी पाई गयी थी, जो कि अपेक्षित था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप में, अनेक उत्तरदाता जिन्होंने शारीरिक सक्रियता बढ़ाई थी, उन्हें भी यही महसूस हुआ था। शोधकर्ताओं ने पाया कि शारीरिक गतिविधि घटने और तनाव के बीच संबंध अनुवांशिक तथा परिस्थितिगत कारकों से चौंकाने वाला था। शोधकर्ताओं ने शारीरिक गतिविधि घटने और बेचैनी के बीच कुछ संबंध पाया कम शारीरिक गतिविधि वाले जुडवां बच्चों, भाई-बहन में कोई बदलाव न करने वाले भाई-बहन की तुलना में उच्च स्तरीय बेचैनी थी।

इसके अलावा, बेचैनी स्तर बुजुर्गों और कामकाजी महिलाओं में अधिक रहा। डंकन ने कहा, 'यह अनिवार्य नहीं है कि व्यायाम व्यक्तिगत स्तर पर तनाव से निपटने में सहायता नहीं करता। यह तभी जब दोनों के बीच अनुवांशिक व परिस्थितिगत संबंध होता है।'